अधिकतम :33° C
न्यूनतम : 17° C
75,364.69
22,904.45
91,455
94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 6 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 84 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जस्टिस वर्मा ने ली इलाहाबाद में शपथ

## मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने लाइब्रेरी हॉल में पद वगोपनीयता की दिलाई शपथ

**प्रयागराज, वार्ता**

**घर से भारी** मात्रा में नोट मिलने के बाद चर्चा में आए जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतौर न्यायाधीश पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर ली है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने उन्हें लाइब्रेरी हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के शपथ ग्रहण पर आपत्ति जताई थी। रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की शपथ सुबह 9.30 पर मुख्य न्यायाधीश के लाइब्रेरी हॉल में हुई। इलाहाबाद हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर उनका नाम सातवें नंबर पर अपलोड किया गया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में रहते हुए कैश कांड में घिरे थे। उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शपथ पर आपत्ति जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा कि बार एसोसिएशन इस बात से परेशान है कि एसोसिएशन को शपथ ग्रहण की जानकारी क्यों नहीं दी गई। जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने के कॉलेजियम के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने सात दिनों तक कामकाज ठप रखा था। बाद में वादकारियों की दिक्कतों को देखते हुए 29 मार्च को हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। मंगलवार से हाईकोर्ट में कामकाज शुरू हो गया था।



**■ जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हुआ**

# आपदा प्रभावित राज्यों के लिए 1280 करोड़ की सहायता मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की शनिवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने बताया है कि उच्चस्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से तीन राज्यों को 1247.29 करोड़ रुपये और एक केंद्रशासित प्रदेश को 33.06 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो राज्य आपदा मोचन निधि में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अंतर्गत है। अभी जारी कुल 1280.35 करोड़ रुपये की राशि में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपये और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष और केंद्र शासित प्रदेश आपदा मोचन कोष में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पास है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केन्द्र सरकार ने राज्य आपदा कोष के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा कोष के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए हैं।



**■ गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में बैठक में चार राज्यों को मिली सौगात**

## रामनवमी पर बंगाल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को रामनवमी के अवसर पर शांति सुनिश्चित करने के लिए राजधानी कोलकाता समेत पूरे राज्य में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने 10 जिला पुलिस आयुक्तालय का सीमांकन किया और रामनवमी समारोह के दौरान शांति एवं सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 29 आईपीएस अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने भी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के साथ कई बैठकें की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अंजनी पुत्र सेना और विश्व हिंदू परिषद को संवेदनशील और अत्यधिक आबादी वाले हावड़ा में अपनी-अपनी रैलियां निकालने की शुक्रवार को अनुमति दी है।

## आईएनएस सह्याद्रि कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा

**कोलंबो।** आईएनएस सह्याद्रि शुक्रवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा, जहां श्रीलंका की नौसेना ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया। 'डेली मिरर' की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री 143 मीटर लंबा फ्रिगेट है, जिस पर 320 लोगों का दल है और जहाज की कमान कैप्टन रजत कुमार के हाथ में है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री के चालक दल अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए श्रीलंका की नौसेना की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे देश भर के कई पर्यटन स्थलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के समापन पर, आईएनएस सह्याद्री सात अप्रैल को कोलंबो से रवाना होने वाला है।

## रामनवमी पर श्रद्धालुओं पर करेंगे पुष्पवर्षा : अंसारी

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करके रामनवमी मनाएंगे। बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रविवार को रामनवमी के दिन अर्थात श्रीरामजन्मोत्सव पर्व पर देश, विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या धर्म की नगरी है। अयोध्या पूज्य है, अयोध्या में सरयू नदी है, अयोध्या में हनुमानगढ़ी है और अयोध्या में भगवान राम का मंदिर है। अयोध्या में देश-दुनिया की आस्था है। अयोध्या में जितने भी श्रद्धालु आएंगे उनका हम स्वागत करेंगे।

## रामलला के ललाट पर हुआ भगवान सूर्य का तिलक ट्रायल

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर भगवान सूर्य का तिलक का ट्रायल शनिवार को किया गया। सूत्रों के अनुसार रामनवमी के पूर्व भगवान रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य ने तिलक किया। तिलक का ट्रायल ठीक बारह बजे किया गया।

# भारत हर परिस्थिति में श्रीलंका के साथ: मोदी

## श्रीलंका से हमारे सदियों पुराने आध्यात्मिक व आत्मीयता भरे संबंध

**कोलंबो, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने कहा है कि भारत- श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं, उनकी सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है तथा भारत सच्चे पड़ोसी तथा मित्र के रूप में हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्रीलंका के साथ खड़ा है।

श्रीलंका यात्रा पर आए श्री मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के संयुक्त प्रेस वक्तव्य के अवसर पर कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है और हम अपने पार्टनर देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दोनों देश अपनी भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई और श्री मोदी ने मछुआरों को तुरंत रिहा किए जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर जोर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के लोगों के धैर्य और साहस की सराहना करता हूं और आज श्रीलंका को वापस प्रगति के पथ पर देख कर हर्ष महसूस कर रहा हूं। भारत -शेष पृष्ठ दो पर



### भारत और श्रीलंका ने रक्षा सहयोग पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच कोलंबो में शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर अपने पहले सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए यूएई के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### मोदी को मिला श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**कोलंबो।** पीएम मोदी को श्रीलंका सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया है। श्रीलंका की यात्रा पर गए श्री मोदी को राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार को कोलंबो में एक समारोह में 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया और इस सम्मान के प्रतीक पदक को उनके गले में पहनाया।

## दिल्ली आयुष्मान भारत योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' में शनिवार को दिल्ली शामिल हो गई। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में यहां इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। हाल में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आयुष्मान भारत में दिल्ली राज्य को शामिल करना एक प्रमुख मुद्दा था। आयुष्मान भारत योजना में दिल्ली की जनता को केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख का रुपये का उपचार नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को पांच लाख रुपये का प्रति वर्ष उपचार भी मिलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दिल्ली सरकार के साथ आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करेगा आंदोलन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग के साथ पूरे देश में आंदोलन करेगा। शनिवार शाम को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोड मे दो पेज का लेटर जारी किया। बोर्ड ने कहा कि हम सभी धार्मिक, समुदाय-आधारित और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे।

यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि संशोधन पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाते। वक्फ संशोधन बिल इस्लामी मूल्यों, धर्म और शरीयत, धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सद्भाव और भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचे पर गंभीर हमला है। कुछ राजनीतिक दलों का भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को दिए गए समर्थन ने उनके तथाकथित धर्मनिरपेक्ष मुखौटे को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। शनिवार को 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं लगाई गई थीं। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई।




**■ कहा: संशोधन संविधान पर हमला, सुप्रीम कोर्ट में तीसरी याचिका दाखिल**

## कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आए रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवाड़ में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया। कारवाड़ की यात्रा के दौरान नौ पियर्स, अत्याधुनिक समुद्री उपयोगिताओं और ट्रंक सुविधाओं के साथ- साथ नाविकों और रक्षा नागरिकों के लिए 480 आवास इकाइयों सहित 2000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया गया। नौसेना के अनुसार इन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का पूरा होना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में बड़ी छलांग है।

# कनाडा में भारतीय की हत्या

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा के पास रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि वे सभी सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के साथ निकट संपर्क में हैं।

भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम ओटावा के पास रॉकलैंड में चाकू घोंपकर एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। पुलिस ने कहा है कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। उच्चायोग ने कहा कि हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक स्थानीय सामुदायिक संघ के माध्यम से निकट संपर्क में हैं। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार चार अप्रैल को कनाडा के रॉकलैंड में लालोंडे स्ट्रीट पर स्थित एक आवास में हुई घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**■ भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख जताया**

# बीएसएफ ने किया घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक घुसपैठिए को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि चार-पांच अप्रैल की मध्य रात्रि में बीएसएफ के जवानों ने जम्मू क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा कि जवानों ने एक घुसपैठिए को अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करते देखा, जिसके बाद उसे चुनौती दी गई, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने खतरे को भांपते हुए घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जबकि समकक्षों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

# सैफ अली हमला में तीनों टुकड़े एक ही चाकू के निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमला केस में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका पर मुंबई की एक कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया।

पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपी से बरामद टुकड़ा, वारदात की जगह से मिला हिस्सा और सैफ की रीढ़ की हड्डी से निकला टुकड़ा, तीनों एक ही चाकू के हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हाथ लगे हैं। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी को जमानत मिली, तो वह बांग्लादेश भाग सकता है। आरोपी की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया था कि एफआईआर झूठी है और जांच पूरी हो चुकी है, सिर्फ चार्जशीट दाखिल होना बाकी है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला हुआ था। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे।

**■ फॉरेंसिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

## वक्फ विधेयक का समर्थन करने पर शाहनवाज हुसैन को मिली धमकी

**समस्तीपुर।** वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन को जान से मारने की धमकी मिली है। श्री हुसैन ने शनिवार को समस्तीपुर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में इसका स्वयं खुलासा करते हुए बताया कि उनके मोबाइल फोन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार संदेश भेजकर धमकी दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के फायदे के बारे में पार्टी की ओर से लोगों खासकर मुसलमानों के बीच अपनी बात मजबूती के साथ लगातार रख रहा हूं।

# पंचतत्व में विलीन हुए मनोज कुमार



**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मुंबई में जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर शनिवार को उनके परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थित में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेता के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी श्मशान घाट पर थीं।

## शिवराज ने की डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ बातचीत की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन समाप्त करने की अपील की है। श्री चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पहले से तय तिथि के अनुसार चार मई को बातचीत होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच उनकी मांगों को लेकर चल रहा बातचीत का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल अब अस्पताल से वापस आ चुके हैं और हम उनके अतिशीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वह अपना अनशन समाप्त करें।

# तेलंगाना में 86 नक्सलियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

**बस्तर/हैदराबाद, वार्ता**

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह के छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे के बीच शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में माओवादी संगठन को एक और झटका देते हुए 86 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर दिया।

इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सामूहिक आत्मसमर्पण बस्तर में बढ़ती पुलिस कार्रवाई और सुरक्षा बलों के सतत दबाव का परिणाम है।



**■ लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे**




## संक्षिप्त समाचार

### कंपनी अधिनियम 2013 में संशोधन पर टिप्पणियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत फास्ट ट्रैक विलय के दायरे को बढ़ाने के लिए नियमों में प्रस्तावित संशोधन पर सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने आज यहां कहा कि कंपनी अधि. नियम 2013 की धारा 233 में केंद्र सरकार के अनुमोदन के माध्यम से कुछ कंपनियों (फास्ट ट्रैक विलय) के विलय या समामेलन का प्रावधान है। चालू वित्त वर्ष के बजट भाषण के अनुसार ऐसे विलय के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस उद्देश्य के लिए कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 में संशोधन का प्रस्ताव करने वाली एक मसौदा अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा संशोधन नियमों पर टिप्पणियां/सुझाव मंत्रालय की वेबसाइट पर ई-परामर्श मॉड्यूल के माध्यम से 5 मई 2025 तक भेजे जा सकते हैं।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार बरामद किए गए है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के खोंगजोम-पीएस के अंतर्गत खोंग. जोम खेबाचिंग क्षेत्र से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति थौबल जिले के खोंगजोम क्षेत्र से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल है। उसके पास से एक एम20 पिस्तौल, एक मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खुरई कोंगपाल लैशराम लेइकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पार्ट-4 से एक व्यक्ति के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल-पीएस के अंतर्गत नाम्बोल फोइलजग इलाके में घेरा. बंदी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान उक्त व्यक्ति के अपहरण में शामिल दो यूएनएलएफ (पी) कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। अपहृत व्यक्ति को भी बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि दो अन्य अभियानों में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### आईजीएनसीए में 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान'

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के संरक्षण प्रभाग एवं सांस्कृतिक अभिलेखागार 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान' में कला आलोचना के ऐतिहासिक दृष्टिकोण और उसके विकसित होते आयामों पर प्रकाश डाला गया। आईजीएनसीए की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में प्रसिद्ध कला इतिहासकार, सांस्कृतिक आलोचक, राजनीतिज्ञ और विचारक सुनीत चोपड़ा के भारतीय कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को याद किया गया। इस विशेष अवसर पर कर्नाटक चित्रकला परिषद के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के कला इतिहास विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डा. आरएच कुलकर्णी मुख्य वक्ता थे।

## अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा

# जमीनों की लूट-खसोट पर लगेगी रोक: योगी

महाराजगंज, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर महाराजगंज पहुंचे। जनसभा को संबो. धित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया कि अगले तीन साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में देश की संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है, जिससे वक्फ के नाम पर जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा। सरकारी संपत्ति का उपयोग विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बैराज और आवास निर्माण जैसे जन कल्याणकारी कार्यों में होगा। सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर नाजायज तरीके से कब्जाई गई थी, जिससे गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा था। अब इस मनमानेपन पर लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री ने वासंती नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर मां बनैलिया देवी को नमन करते हुए कहा कि उन्हें नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में रोहिन नदी पर बैराज के लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बैराज से 16 हजार अन्नदाता किसानों और 54 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि यह बैराज मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। रोहिन नदी का पानी मीठा है और यह नेपाल से गोरखपुर तक बहती है। इस बैराज से किसानों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। रोहिन बैराज के बारे में उन्होंने कहा कि 25 साल से इसकी मांग थी, लेकिन पहले की सरकारें अपने परिवार की जेब भरने और जमीन की लूट में व्यस्त थीं। अब यह बैराज बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इसके आसपास वाटर बाडी, पर्यटन, नौकायन और रेस्टोरेंट बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



■ संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित होने को लेकर उप्र के मुख्यमंत्री ने किया बड़ा दावा

### कांग्रेस और सपा गरीब मुस्लमानों के नहीं भूमाफियाओं के साथ: अरुण सिंह

**मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने आज विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सपा सहित सभी दल गरीब मुसलमानों के साथ नहीं बल्कि भू-माफियाओं के साथ है। वक्फ बिल दोनों सदनों में पास हो जाने के बाद अब सरकार माफियाओं के कब्जे से जमीन को मुक्त करा कर गरीब एवं पिछड़े मुसलमानों के लिए काम करेगी। अरुण सिंह भाजपा के स्थापना दिवस पर एक सप्ताह तक पार्टी द्वारा कार्यक्रम के लिए पूजा कर शुभारंभ किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मुस्लिम समुदाय में भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि उनके मंसूबों पर पानी फिर जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि विपक्षी दलों के लिए यह नया नही है। मोदी सरकार द्वारा जब भी कोई बड़े बदलाव किए जाते हैं। तब तब भ्रम फैलाने में कोई कोर कसर नही छोड़ते हैं। चाहे सीसीए बील हो या धारा 370 हो, लेकिन अब मुस्लिम समाज सब समझ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वक्फ बिल पास हो जाने के बाद गरीब मुसलमानों को इसका लाभ मिलेगा, जो अब तक कुछ माफिया लोग ले रहे थे।

### पीएम के नेतृत्व में तेजी से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है, तो अपना यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश भय और अराजकता से मुक्त हो सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका एक बड़ा उदाहरण महराजगंज में बना यह रो. हिन बैराज भी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुई कहीं। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जहां बिना किसी भेदभाव के काम होता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश एक नए भारत का दर्शन कर रहा हैं, जो भारत बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सबको देता है। किसानों हो, नौजवान, मजदूर हो या महिलाएं सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जो काम पिछली सरकारों ने सत्तर सालों में नहीं किया वो काम मोदी सरकार ने दस वालों में कर दिखाया। डबल इंजन की सरकार में आज देश के 80 करोड़ लोगों को फी राशन मिल रहा है। चार करोड़ गरीब परिवारों को उनका अपना आशियाना मिला है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई से लेकर लोगों की दवाई तक के लिए भाजपा सरकार काम कर रहीं हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए विकास और सुशासन में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल व संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

सीएम योगी ने बताया कि पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। 2017 में यूपी देश में सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुसहर, वनटांगिया और थारू जैसी जनजातियों के गांवों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर और महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि यह विकास और विरासत का अनूठा समन्वय है। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में बनी परियोजना को पूरा होने में 49 साल लग गए, वो भी तब पूरा हुआ, जब भाजपा की सरकार आई।

## भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



■ जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी जीरो, अखिलेश ने कसा योगी सरकार पर तंज

राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी यूपी में जीरो हो गई है।

सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टालरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था। जो लोग 80-20 का नारा देते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए भाजपा से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे भाजपा के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं। भाजपा यही चाहती है कि हम लोग बुनियादी सवालों पर चर्चा ना करें। क्या यूपी में गेहूं की सरकारी खरीद हो रही है। सरकार ने खरीद के लिए प्राइवेट लोगों को लाइसेंस दे दिया है। यूपी और उत्तरखंड से सबसे ज्यादा युवा फौज में जाते थे। लेकिन पक्की भर्ती बंद करके अग्निवीर योजना शुरू कर दी गई। सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति से सीखे कि वह लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए दूसरे देशों पर पाबंदी लगा रहे हैं। क्या हमारी सरकार चीन पर पाबंदी लगा पाएगी? ये सरकार झूठ के एक्सप्रेसवे बना रही है। एक पोस्टर में लिखा था कि छह बन चुके हैं और सात निर्माणधीन हैं, तो क्या बाकी हवा में बन रहे हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौते पर बने टास्क फोर्स

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस ने ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता जताते हुए उठाई मांग

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, पश्चिम एशिया, चीन, जापान, लैटिन अमे. रिकी देश तथा अफ्रीकी संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौतता (एफटीए) पर नए सिरे से विचार करने तथा अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करते रहने और इसके लिए टास्क फोर्स बनाने का सुझाव दिया है, जिसमें सभी क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हों।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो दिन पहले अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, जिससे पूरी दुनिया के व्यापार को चोट पहुंची है और इस फैसले से सात दशक पुरानी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था एक झटके में चौपट हो गई है। दशकों से दुनिया में निवेश के लिए सहमति बनी और टैरिफ तथा व्यापार पर आम सहमति के बाद विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई थी। इस व्यवस्था के बाद अब पहली बार किसी बढ़े देश ने रेसिप्रोकल टैरिफ शब्द का इस्तेमाल किया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहला फैसला है, जिससे पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना और इससे अमीर तथा गरीब देश सीधे प्रभावित हो रहे हैं। इसकी वजह है कि आज दुनिया के सभी देश अपनी आर्थिक और सामाजिक प्रगति के अलग-अलग पयदान पर खड़े हैं। कुछ अमीर हैं, कुछ विकासशील अर्थव्यवस्था में हैं, कुछ बहुत गरीब हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव होगा, इस पर देश की क्या रणनीति है, इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इसको लेकर भारत की जो भी प्रतिक्रिया हो, उसमें राष्ट्रहित ही सबसे ऊपर रहे। अमेरिका के साथ भारत के कई बड़े समझौते हैं और बड़े ट्रेडिंग पार्टनर भी हैं। संकेत हैं कि सरकार द्विपक्षीय ट्रेड के लिए कुछ टर्म्स और रिफ्रेंस तैयार किए जा रहे हैं। वो क्या हैं और उसके मापदंड क्या हैं, इस पर देश को विश्वास में लेना चाहिए। बिना बताए ऐसे कोई निर्णय न हों, जिसकी कीमत लंबे समय तक देश चुकाता रहे। बेहतर होता कि संसद में सरकार इस पर बयान देती और चर्चा की जाती। अब विपक्ष के नेताओं से बैठक कर सरकार बताए कि उनकी इस पर क्या रणनीति है। इस पर जो समझौता हो, वो संतुलित और सम्मानजनक होना चाहिए।

### खड़गे-राहुल ने समता दिवस पर जगजीवन राम को किया नमन

**नई दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और दिग्गज नेता रहे बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर उनकी समाधि समता स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। खड़गे व गांधी ने समता स्थल पर जगजीवन राम की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वहां जगजीवन राम की पुत्री तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। इस दौरान वहां सर्व धर्म सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों की लोगों ने हिस्सा लिया। खड़गे ने कहा कि समता दिवस पर महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि। समता के महानायक, बाबू जी समाज के कमज़ोर, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान एवं उनके न्याय के लिए नि:स्वार्थ भाव से संघर्षरत रहे।

## निजी स्कूलों-भाजपा सरकार की सांठगांठ की हो सीबीआई जांच: सिसोदिया

नई दिल्ली, वार्ता



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के निजी स्कूलों में हुई बेहताशा फीस वृद्धि की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। आप के वरिष्ठ नेता वएवं दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, वह रोजाना कुछ न कुछ दिल्ली के लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई जनहित की योजना शुरू की थीं। इसमें अब बसों में महिलाओं को फी टिकट मिलना बंद हो गया है, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो गए हैं, अस्पतालों में दवाइयां मिलनी बंद हो गई हैं, टेस्ट होने बंद हो गए हैं। भाजपा की सरकार हर रोज कुछ न कुछ ऐसे कदम उठा रही है, जिससे दिल्ली के लोग परेशान हो रहे हैं। अब दिल्ली के निजी स्कूलों ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ानी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 2015 में जब मैं दिल्ली का शिक्षा मंत्री बना था, उस वक्त निजी स्कूलों की मनमानी और फीस वृद्धि पर लगाम लगाई गई थी। 'आप' की सरकार से पहले निजी स्कूलों का खुला राज चलता था। 2015 से पहले किसी बच्चे का निजी स्कूल में दाखिला हो गया, तो फिर निजी स्कूल हर साल कितना भी पैरेंट्स को लूट सकते थे और पैरेंट्स असहाय महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि 'आप' की सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए एक-एक स्कूल का ऑडिट कराया। हर निजी स्कूल को निर्देश दिया गया कि बिना सरकार की अनुमति के कोई भी स्कूल फीस नहीं बढ़ाएगा। फीस वृद्धि से पहले सरकार की अनुमति लेना आवश्यक कर दिया था।

आप नेता ने कहा कि हर निजी स्कूल 10 से 30 फीसदी फीस मनमाने तरीके से बढ़ा दे रहा है। आखिर भाजपा की सरकार की निजी स्कूलों से क्या मिली भगत है। दिल्ली में लोगों को लूटने का खुला भ्रष्टाचार शुरू हो गया है। दिल्ली के लोगों की जेब पर डाका डालने का खुलेआम काम हो रहा है और भाजपा इस काम को करा रही है। नौकरी पेशा लोग बघे मुश्किल से पैसा बचाकर अपने बच्चों की फीस देते हैं। हर महीने अभिभावकों से 30 से 40 फीसदी की लूट को बढ़ा देना भ्रष्टाचार है और इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

## निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से वाकिफ: वानी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी ने शनिवार को कहा कि निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से भली-भांति वाकिफ है।

वानी ने संवाददाताओं से बात. चीत के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा मध्यम श्रेणी के अधिका. रियों के तबादले के अपने फैसले का बचाव करने के संदर्भ में यह टिप्पणी की। सत्तारूढ़ गठबंधन ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है और केंद्र को लो. कतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के अधिकार को कमजोर करने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने कहा कि हमें भी अपना अधिकार क्षेत्र पता है। हमारा रुख वही है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। उपराजयपाल के अपने फैसले को संसद द्वारा पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अनुरूप बताए जाने के संदर्भ में पूछे जाने पर वानी ने कहा कि निर्वाचित सरकार भी चाहती है कि शासन अधि. नियम और स्थापित व्यावसायिक नियमों के अनुरूप ही चले।मुख्यमंत्री कार्यालय और उपराज्यपाल के बीच गतिरोध 01 अप्रैल को उस समय बढ़ गया, जब सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा के 48 अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किए।

### यूपी के कई जिलों में लू की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में गर्मी पूरी तरह से अपने पैर पसार चुकी है। प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश की ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ ही तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और बुलंदशहर के लिए लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन** : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान मूंग दाल, उड़द दाल, चना, दाल चना,



मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### आनंदीबेन ने दी देशवासियों को रामनवमी की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने देश एवं प्रदेशवासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके द्वारा स्थापित नैतिकता, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने कामना की कि भगवान श्री राम की कृपा से देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त हो।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत हर ...**

के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने एक सच्चे पड़ोसी मित्र के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो, या हाल में आया आर्थिक संकट, हर कठिन परिस्थिति में, हम श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े रहे हैं।

मोदी ने कहा कि श्रीलंका की उनकी पिछली यात्रा 2019 में बहुत ही संवेदनशील समय में हुई थी और उस समय उन्हें विश्वास था कि श्रीलंका और अधिक मजबूत होकर उभरेगा। उन्होंने महान तमिल संत थिरुवलुवर को याद करते हुए उनके हवाले से कहा कि चुनौतियों और शत्रुओं के विरुद्ध एक सच्चे मित्र और उसकी मित्रता की ढाल से बढ़कर और क्या सुरक्षा हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंका का भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर दृष्टिकोण में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सामपुर सोलर पावर प्लांट से श्रीलंका की ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। मल्टी-प्रोडेक्ट पाइपलाइन के निर्माण, और त्रिकोमाली को ऊर्जा हब के रूप में विकसित किए जाने के लिए जो समझौता हुआ है, उसका लाभ श्रीलंका के सभी लोगों को मिलेगा। दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी समझौते से श्रीलंका के लिए बिजली निर्यात करने के विकल्प खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है।

भारत भागीदार देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देता है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में ही हमने 10 करोड़ डॉलर से अधिक राशि के ऋण को ग्रांट में बदला है। हमारे द्विपक्षीय 'डेट रिस्ट्रक्चरिंग एग्रीमेंट' से श्रीलंका के लोगों को तत्काल सहायता और राहत मिलेगी। आज हमने ऋण की दर को भी कम करने का निर्णय लिया है। यह प्रतीक है कि आज भी भारत श्रीलंका के लोगों के साथ खड़ा है।

### जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी: विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। गुप्ता ने रोहिणी में आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अध्यक्ष की कुर्सी बड़ी है, इसलिए जिम्मेदारी भी बड़ी है। मेरी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का सदन, दिल्ली की जनता ने अपने लिए चुनकर भेजा है। दिल्ली के कोने-कोने से जो 70 विधायक चुनकर आए हैं, हमारा काम है कि विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा हो, विचार-विमर्श हो और उनके समाधान निकाले जाएं। गुप्ता ने बताया कि मेरा एक ही प्रयास रहता है कि सदन व्यवस्थित रूप से चले। सदन में विचार-विमर्श हो।

## नौ वर्षों में सपनों को पोषित किया है स्टैंड अप इंडिया

नई दिल्ली, वार्ता

■ आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य 5 अप्रैल 2016 को शुरू की गई स्टैंड अप इंडिया योजना ने नौ वर्षों में न केवल व्यवसायों को वित्त पोषित किया है, बल्कि इसने सपनों को पोषित किया है, आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है।

वित्त मंत्रालय ने इस योजना को नए व्यवसाय शुरू करने में मदद करने के लिए बैंक लोन प्रदान करके बाधाओं को तोड़ने और समाज के कमजोर और महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था। योजना ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दिखाई है, जिसकी शुरुआत के बाद से स्वीकृत कुल राशि 31 मार्च 2019 तक 16,085.07 करोड़ रुपए से बढ़कर 17 मार्च 2025 तक 61,020.41 करोड़ रुपए हो गई। इसने मार्च 2018 से मार्च 2024 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदायों और महिला उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सशक्तिकरण को प्रतिबिंबित किया किया है।

इस योजना का लाभ उठाने वाले अनुसूचित जाति के खाते बढ़कर 9,399 से 46,248 हो गए, तथा लोन की राशि 1,826.21 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,747.11 करोड़ रुपए हो गई। अनुसूचित जनजाति के खाते बढ़कर 2,841 से 15,228 हो गए तथा स्वीकृत लोन की राशि 574.65 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,244.07 करोड़ रुपए हो गई। इस अवधि में महिला उद्यमियों के खाते 55,644 से बढ़कर 1,90,844 हो गए तथा स्वीकृत राशि 12,452.37 करोड़ रुपए से बढ़कर 43,984.10 करोड़ रुपए हो गई।

मंत्रालय की कहना है कि योजना एक बदलावकारी पहल रही है, जिसने अनुसूचित जाति, अनुस. ूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को अपने व्यावसायिक विचारों को हकीकत में बदलने के लिए सशक्त बनाया है। लोन स्वीकृति और वितरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ, यह समावेशी विकास को प्रोत्साहन देना जारी रखता है। यह योजना केवल लोन के बारे में नहीं है, यह अवसर पैदा करने, बदलाव को प्रेरित करने और आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने के बारे में है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, साथी घायल

## शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार की सवेरे जौली रोड के निकट भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से ग्राम सिखरेडा के एक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक भी चौटिल हो गया है। परि. जनों ने इस मामले में कोई भी कार्यवाही कराने से इंकार कर दिया है। मृतक तीन बच्चों का पिता था और घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सिखेडा थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सिखरेडा निवासी 33 वर्षीय आजाद पुत्र नूरा नाई का काम करता था। शनिवार की सवेरे आजाद अपने रिश्तेदार जुनैद पुत्र रियासत के साथ अपने मामा के गांव बिगाना थाना बुढ़ाना शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। बाइक को जुनैद चला रहा था और आजाद पीछे चला रहा था जैसे ही बाइक जौली रोड पर पहुंची तो अचानक ही वह भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए। इस हादसे में आजाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक चला रहा जुनैद भी चोटिल हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही, भण्डूर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन करते हुए आजाद व जुनैद को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां रैफर होने के बाद आजाद की मौत हो गई, जबकि जुनैद का इलाज कराया जा रहा है। मृतक आजाद तीन बच्चों का पिता था जैसे ही यह खबर परिवार वालों को लगी तो यहां को. हराम मच गया। आजाद की मौत से गांव मे भी शोक छाया हुआ है। पुलिस ने कार्यवाही करने की बात कही तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को उनके हवाले कर दिया है।



मुजफ्फरनगर: टाउन हाल के बाहर लगने वाले चाट बाजार की अस्थाई बंद दुकानें।

# ईंट-भट्टे की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

■ कच्ची ईंटों की भराई करते समय हुआ भयानक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**चरथावल।** चरथावल थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। सैदपुर नंगला गांव में स्थित चेयरमैन के गगन ब्रिक्स फिल्ड पर काम के दौरान 18 वर्षीय मजदूर बादल की ईंटों की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा उस वक्त हुआ जब बादल भट्टे के अंदर कच्ची ईंटों की भराई का काम कर रहा था। चश्मदीदों के अनुसार, वह अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त था, तभी अचानक ईंटों की ढेर सरकने लगी। देखते ही देखते पूरी दीवार भरभराकर गिर पड़ी और बादल उसके नीचे दब गया।वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और बामुश्किल उसे ईंटों के ढेर से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी।

आनन-फानन में उसे चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक बादल क्षेत्र के ही अजीजपुर लूहारी गांव का रहने वाला था और अपने परिवार का सहारा था।

उसकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही चरथावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मजदूरों का कहना है कि भट्टे पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसके चलते ये हादसा हुआ।

# काम न होने पर लेखपाल से वापस मांगी रिश्वत, ऑडियो हुआ वायरल

**मोरना।** कृषि भूमि की पैमाईश करने के नाम पर लेखपाल को रिश्वत देने का आरोप ग्रामीण ने लगाया है। महीनो बीत जाने के बाद भी काम न होने पर किसान ने रिश्वत लौटाने की मांग लेखपाल से की है। किसान द्वारा लेखपाल से रिश्वत वापस मांगने का ऑडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।वहीं ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव टंढेडा निवासी गुलशेर ने बताया की कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जिसकी जांच हलका लेखपाल द्वारा की जा रही है। गुलशेर का आरोप है कि लेखपाल भूमि की पैमाईश के कार्य के लिए करीब दो महीने पहले उससे चालीस हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत के पैसे एक व्यक्ति के माधयम से लेखपाल को दे दिये गये। बार बार कहने के बाद भी लेखपाल भूमि पैमाईश मे टाल मटोल की जा रही है।लेखपाल के स्थानांतरण हो जाने की आशंका को लेकर गुलशेर ने रिश्वत की रकम को वापस मांगा आरोप है की लेखपाल रकम लौटाने भी बहाने बना रहा है।

गुलशेर व लेखपाल के बीच हुई बात का ऑडियो इंटर नेट पर वायरल हो गया। जिसके बाद गांव मे हड़कंप मच गया अन्य ग्रामीण भी इकठा हो गये और लेखपाल पर भ्र्ष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुलशेर द्वारा दी गयी रिश्वत को लौटाने व भृष्ट लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों मे अमीर आलम , अली नवाज,अब्दुलसलाम,कमरुज्मा, नूर हसन, धनेश चौधरी, चौधरी अग्रसेन, आदेश चौधरी , सुशील वर्मा, भारतवीर चौधरी आदि रहे।

# हाईवे पर सड़क किनारे मिला खून से लथपथ युवक का शव

■ सीओ मौके पर, नहीं हुई मृतक की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे के निकट बिजा. ेपुरा के जंगल में एक खून से लथपथ शव पडा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ओर शिनाख्त कराने में जूट गई। दोपहर बाद मृतक के परिजनों ने थाने पहुंचकर शव की शिनाख्त की। सीओ सदर व फोरेंसिक टीम ने भी पहुंच कर जांच की।

शनिवार को सुबह साढे छह बजे गांव बिजोपुरा ने प्रधान ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को देखा उसके पास एक फोन बिना सिम के पडा मिला। मृतक के सिर व अन्य जगह से खून बह रहा था। सीओ सदर देवव्रत वाजपेई व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची।

मृतक की शिनाख्त नहीं हुई लेकिन दोपहर बाद मृतक के परिजन थाने पहुंचे ओर उसकी शिनाख्त की वह सलमान निवासी लिसाडी गेट मेरठ की हुई। परिजनों ने बताया कि वह शुक्रवार को कार्य के लिए घर से निकला था जब शाम तक नहीं लौटा तो उन्होंने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई । सुबह व्हाट्स एप पर देखकर थाने पहुंचे ओर शिनाख्त की उन्होंने बताया कि चार वर्ष पूर्व उनके छोटे भाई की हत्या कर दी गई थी उसी रंजिश में सलमान की हत्या की गई है। सीओ सदर का कहना है कि हत्या किसी धारदार से कि गई है जांच की जा रही है ओर पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि गोली भी मारी है या नहीं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं आई थी।

# स्वास्थ्य विभाग को मिली आठ और नई एंबुलेंस

■ राज्य मंत्री ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के आठ नई एंबुलेंस को जिला अस्पताल से रवाना किया गया। प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व नोडल एसीएमओ प्रशांत कुमार ने नई एंबुलेंस को सडकों पर उतारकर सरकारी एम्बुलेंस सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

शनिवार को जिला चिकित्सालय मैं आयोजित कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जच्चा-बच्चा की परिवहन चिकित्सा सुविधा के लिए दो दर्जन 102 एम्बुलेंस है। इनमें आठ एंबुलेंस की समय अवधि पूर्ण होने के बाद उन्हें हटाया जाएगा, इसके बदले नई एंबुलेंस जनपद को दी गई। इन आठ नई 102 एम्बुलेंस को शनिवार दोपहर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश में विकास के साथ-साथ लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा में मुहैया कराई है। इस दौरान पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य जगदीश पांचाल, भाजपा नेता देशबंधु तोमर, एंबुलेंस प्रभारी राजेश रंजन, पाकेश रहे।

# अपहरण कर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

■ होटल में ले जाकर बनाई अश्लील वीडियो, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कंपनी बाग के निकट से कार सवार दो युवक किशोरी को अगवा कर ले गए और होटल में ले जाकर दोनों किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपितों ने पीड़िता की अश्लील वीडियो भी बनाई और पुलिस व परिजन से शिकायत करने पर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी। पीड़िता के भाई ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सूजडू निवासी एक युवक ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें पीडित ने बताया है कि एक अप्रैल की शाम सात बजे उसकी 16 वर्षीय बहन मां के साथ बाजार से खरीदारी करने के लिए गई थी। वापस लौटते समय कुछ काम के लिए कंपनी बाग के पास रूक गई। इस दौरान कंपनी बाग के पास भीड होने के कारण दोनों एक दूसरे से अलग हो गए। दोनों एक दूसरे की तलाश करने लगे। जब बहन को मां नहीं मिली तो वह उनकी इंतजार में कंपनी बाग के बाहर आकर खडी हो गई।

आरोप है कि तभी मोहल्ले के दो युवक रिजवान पुत्र हनीफ उर्फ काला व अरबाज पुत्र नूरा सफेद रंग की कार लेकर वहां पहुंचे और बहन को जबरन कार में खींच कर बैठा लिया और एक होटल में ले जाकर दोनों ने बहन की साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपितों ने बहन को जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपितों ने बहन की अश्लील वीडियो बनाई और धमकी दी थी कि अगर स्वजन व या फिर पुलिस से शिकायत की तो अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी जाएगी। बहन के साथ दरिंदगी करने के बाद दोनों ने उसे छोड दिया। आरोपितों के खौफ के कारण पीडिता ने घर आकर किसी से घटना का जिक्र नहीं किया। तबीयत खराब होने पर बहन कमरे को बंद कर अंदर अकेले रोने लगी। दो अप्रैल की रात को दस बजे बहन घर से बिना बताए निकल गई और रुडकी रोड पहुंचने पर उसने यूपी-112 को काल क अपने बारे में सूचना दी। रुडकी रोड चौकी प्रभारी पीडिता को लेकर चौकी आए गए और उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस ने पीडिता के स्वजन को जानकारी दी। पुलिस ने किशोरी को स्वजन के सिपुर्द कर दिया। पीडिता ने घर पहुंचकर अपनी बडी बहन को पूरा घटना क्रम बताया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया, पीड़ित किशोरी के भाई की तहरीर पर रिजवान व अरबाज के खिलाफ पोक्सो एक्ट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेडिकल कराने के बाद पीडिता के बयान दर्ज करा दिए गए है। जल्द दोनों आरो. पित पुलिस की गिरफ्त में होंगे। दो टीम दोनों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होंगे और उन पर कार्यवाही की जाएगी।

# नई ठेका प्रक्रिया से ठेला व्यापारियों में उबाल

■ प्रदर्शन कर नगर पालिका कर निर्धारण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हॉल के बाहर चाऊमीन चाट बाजार के सहारे अपनी आजीविका चलाने वाले ठेले वालों ने नगर पालिका द्वारा इसके लिए नए ठेका प्रक्रिया का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कर निर्धारण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

दरअसल टाउन हॉल के बाहर शाम के समय चाट बाजार लगता है यहां चाऊमीन बर्गर और आइसक्रीम बेचने वाले ठेला व्यापारी अपने आजीविका चला रहे हैं। प्रदर्शनकारियो ने कहां कि नगर पालिका प्रशासन अब यहां नई प्रक्रिया के तहत ठेका छोडने की तैयारी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसा हुआ तो उनका रोजगार छिन जाएगा उन्हें भी यहां अस्थाई दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। यहां पहुंचे निखिल, पंकज, मोनू, प्रमोद, सुलेमान, रईस, राजपाल, देवेंद्र, शहजाद, रचित, विवेक, राजू, सुल्तान सहित दर्जनो लोगों ने कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई रोजगार नहीं है। इसलिए उन्हें यहां दुकान लगाने की अनुमति दी जाए।

# महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली शोभायात्रा

## महर्षि कश्यप के जीवन से सामाजिक और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लें: कपिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर मुजफ्फरनगर के शामली रोड स्थित कश्यप चौक पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया।

मंत्री कपिल देव ने भगवान महर्षि कश्यप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारी सामाजिक चेतना का पुन: स्मरण और सम्मान है।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि महर्षि कश्यप केवल एक ऋषि नहीं थे वे एक विचारधारा के वाहक थे, जिन्होंने समता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समरसता का संदेश पूरे मानव समाज को दिया। उनका जीवन और कर्म हमें यह सिखाते हैं कि समाज का कल्याण तभी संभव है जब हम सभी वर्गों, जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलें। उन्होंने अपने ज्ञान से न केवल अध्यात्म को समृद्ध किया, बल्कि समाज के निर्माण में गहराई से योगदान भी दिया।

आज जब हम तेजी से आधुनि. कता की ओर बढ़ रहे हैं, तब महर्षि कश्यप जैसे महापुरुषों के आदर्श हमें यह याद दिलाते हैं कि संस्कृति और विकास का संतुलन कितना आवश्यक है। समाज में यदि समरसता और परस्पर सम्मान बना रहे, तभी राष्ट्र वास्तविक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकता है।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में अथक परिश्रम किया। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों और देशवासियों को महर्षि कश्यप जयंती की शुभकामनाएँ दीं। मंत्री कपिल देव ने कहा कि हम सब मिलकर महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलें, उनके आदर्शों को अपनाएं। इस अवसर पर नवीन कश्यप, राधेश्याम कश्यप, महेश कश्यप, नरेश कश्यप, देवी राम कश्यप, अशोक कुमार कश्यप, जय भगवान कश्यप, राम चरण कश्यप, महेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप रहे। काली नदी पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी मनीष चौधरी ने भी महर्षि कश्यप से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस दौरान भगवान महर्षि कश्यप चौक समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन कश्यप, प्रभारी राधेश्याम कश्यप, प्रबंधक महेश कश्यप , अनमोल कश्यप , नीरज कश्यप सहित भारी संख्या में कश्यप समाज के युवा मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: महर्षि कश्यप जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित करते राज्यमंत्री व समाजसेवी।

## श्रद्धा के साथ मनाया दुर्गा अष्टमी का त्योहार

**पुरकाजी।** कस्बे और क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में चौत्र मास पतित पावन मां भगवती के नवरात्रों मे श्रद्धालुओं द्वारा मां भवानी की आठवीं शक्ति महा गोरी की द्धदुर्गा अष्टमी ऋविशेष पूजा अर्चना कर घर घर में माता की नौ शक्तियों के रूप मे नन्ही -2 नौ कन्याओ को जिमाकर पूजनकर उन्हें उपहार देकर बिदाई कर अपना व्रत खोला गया है।

विगत 30 मार्च से संचालित चौत्र मास के मां भगवती के पतित पावन नवरात्रचौत्र शुक्ल पक्षअष्टमी तिथि) दुर्गा अष्टमी (शनिवार को हर घर में श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती की महान आठवीं शक्ति महागोरी (दुर्गा) की विशेष पूजा अर्चना कर घर -2 मे मॉ भगवती की महान एव विराट अलग नौ शक्तियो के रूप मे नन्ही - 2 नौ कन्याओ का श्रद्धा पूर्वक पूजन कर तथा (भोजन ) जिमाया गया।

# मोहन प्रजापति ने समाज के बीच पहुंच कर महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज भारतीय अति पिछडा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने साथियों सहित महर्षि कश्यप चौक पर पहुंच कर जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया और मोहन प्रजापति ने भगवान महर्षि कश्यप का जयकारा व कश्यप समाज जिंदाबाद बोल कर भाई चारा को आगे बढाने का काम किया।

इस दौरान उन्होंने कश्यप समाज के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर महर्षि कश्यप के जन्मोत्सव पर केक काट कर केक वितरित किया और जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया साथ ही उन्होंने कहा हे हम सब एक हे जो भी अति पिछडा वर्ग से आता हे ओर सभी को महापुरुषों व अपने आराधय का जन्मोत्सव मिलकर मनाना चाहिए वहीं उन्होंने कहा है कि बहुत लोग हे ऐसे जो हमें राजनीतिक वोट बैंक के तो रूप में इस्तेमाल करते हे लेकिन हमारे महापुरुषों को तवज्जो नहीं देते लेकिन अब अति पिछडा वर्ग जाग चुका हे ओर अपने इतिहास को आगे लाने का काम कर रहा हे इस दौरान कश्यप समाज के अध्यक्ष अंकित कश्यप,अति पिछडा वर्ग के क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर धीमान, प्रभारी सुखपाल कश्यप, हरगोपाल कश्यप एडवोकेट, वरिष्ठ समाजसेवी नवीन कश्यप, संजीव कश्यप,राहुल कश्यप, अमित कश्यप, राकेश कश्यप, मनोज काश्यप, आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: एंबुलेंस को झंडी दिखाते राज्यमंत्री व अन्य नेतागण।

# शोभायात्रा पर पुलिस प्रशासन रहा सतर्क

## अधिकारियों ने थाना प्रभारियों को सतर्कता के दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामनवमी पर पूरे जिले में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया है, जिसके तहत संबंधित थाना प्रभारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है। स्थानीय खुफिया विभाग को भी अलर्ट किया गया है।

संसद के दोनों सदनों में वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन-रात भ्रमणशील है और जिले के सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए धर्म गुरुओं से लेकर सभी समाज के जिम्मेदार लोगों से संवाद कर रही है। इसी कडी में रामनवमी पर पूरे जिले में निकलने वाली शोभायात्रा को देखते हुए पुलिस अधिकारियों

ने थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने को कहा है। साथ ही स्थानीय खुफिया विभाग को भी अलर्ट कर दिया गया है और शहर से लेकर देहात क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, पूरे जिले में ग्यारह स्थानों से रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शहर में पांच स्थानों से और देहात क्षेत्र में छह स्थानों से शोभायात्रा प्रस्तावितहै। शोभायात्रा को लेकर पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है और जिन-जिन थाना क्षेत्रों से शोभायात्रा निकलेगी, उस क्षेत्र के थाना प्रभारियों को ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। साथ ही असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने के लिए कहा गया है, ताकि कोई असामाजिक तत्व शोभायात्रा में विन डालकर जिले के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाडने का प्रयास ने करे। बताया, रविवार को रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली जाएगी, क्योंकि ये यात्राएं कई इलाकों की मिश्रित आबादी से होकर गुजरेगी। बताया, शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स रहेगी। इस दौरान अपने-अपने सर्किल के सीओ भी भ्रमणशील रहेंगे और हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

# पीड़ित परिवार का दर्द बांटने पहुंचे विधायक

## वृद्ध दम्पति ने की थी आत्महत्या, डाक बंगले पर लोगों की समस्याओं को सुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** एक सप्ताह पूर्व सल्फास का सेवन कर आत्महत्या करने वाले दंपत्ति के आवास पर पहुंचकर विधायक मदन भैया ने परिजनों को सांत्वना दी। इसके अलावा स्थानीय डाक बंगले पर क्षेत्र से आए लोगों की जन समस्याओं को सुना।

कस्बे के राम कृष्णा पुरम निवासी राजकुमार एवं उसकी पत्नी गीता ने ग्रेह क्लेस के चलते सल्फास का सेवन करते हुए जीवन लीला समाप्त कर ली थी। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मदन भैया आत्महत्या करने वाले दंपति के आवास पर पहुंचे और दंपति के परिजनों को सांत्वना दी। इसके अलावा गांव जन्धेडी में पूर्व प्रधान धीर सिंह के आवास पर पहुंच कर उनके पिता की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया। इसके अलावा स्थानीय डाक बंगले पर क्षेत्र से आए लोगों की जन समस्याओं को सुना एवं उनका निराकरण कराया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसाना, सुमित चपराना, सभासद कपिल मोतला, सभासद कमल वर्मा, अमित पवार, लव कुश त्यागी, मनोज कसाना, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# बाबा गैंग ने युवक को टेम्पो से उतारकर किया अधमरा, पुलिस ने अस्पताल भेजा

**छपार।** बाबा गेंग के सदस्यों ने हाइवे पर एक युवक को टेम्पो से उतार कर मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया ओर फरार हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे थाने ले गये वहां से पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया। गांव बरला निवासी मोहम्मद समीर शुक्रवार को टेम्पो से मुजफ्फरनगर जा रहा था जब टेम्पो पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो वहां पहले खडे सात आठ लडके जिनके हाथों में डंडे, चाकू व पंच थे सभी क्रिमिनल बाबा गेंग के सदस्य बताये गये है उन्होंने मौहम्मद समीर को नीचे उतार कर गाली गलौज व डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पीडित का कहना है कि उसकी उनसे कोई रंजिश नहीं है जब वह बेहोश हो गया तो हमलावर भाग गये। गांव का युवक अनस जो टेम्पो में सवार था उसने पीडित के परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे थाने ले गये। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पीडित ने आरोपी कासीम, तनवीर, नवीस, सादिक, राजा निवासी बरला व जय भगवानपुर निवासी लखन के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

# डीजे के ऊपर बैठे कई श्रद्धालु गिरकर घायल

**जयंती पर बज रहा डीजे अचानक से गिरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कस्बे में महर्षि कश्यप जयंती में रोड पर चल रही शोभायात्रा में उस समय विधन पड गया जब बज रहा डीजे अचानक से नीचे गिर गया। जिसमें बैठे कई लोग घायल हो गये। इस दौरान अफरा तफरी मच गयी तो साथ साथ चल रही पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भिजवाकर डीजे बंद करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में कस्बा बुढाना में कश्यप समाज के जिम्मेदार लोगों के द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही थी। जिसमें डीजे भी शामिल था। तब डीजे की गाडघी अचानक से खराब हो गयी तो शोभायात्रा में डांस कर रहे कुछ नवयुवकों ने उक्त डीजे की गाडघी में जोर का धक्का लगा दिया तो डीजे पर बैठे कुछ युवक डीजे सहित जमीन पर नीचे गिर गये। जिसमें कई नवयुवक मामूली रूप से घायल हो गये।

इस दौरान गिरते हुए डीजे का लाइव वीडियो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। वैसे इस दौरान आसपास अफरा तफरी मच गयी थी लेकिन मौके पर चल रहे पुलिस बल ने सभी को शांत कर मामूली रूप से घायल हुए सभी नवयुवकों को हस्पताल में भिजवाकर उनकी मरहम पटी कराई। बाद में डीजे फिर से एहतियातन तौर पर युवकों की मांग पर समाज के लोगों ने फिर से चालू करवा दिया।

# घटतौली को लेकर जमकर हंगामा

**क्षेत्रीय इंचार्ज ने मौके पर पहुंचकर किया कार्यवाही का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** शनिवार को देवबंद शुगर मिल के चरथावल पश्चिम गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया। क्षेत्रीय इंचार्ज ने दस्ते के साथ पहुंच किसानों को शांत किया। इस दौरान गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को परेशानी का सामना करना पडा।

चरथावल पश्चिम गन्ना क्रय केंद्र चरथावल पर किसानों द्वारा दो दिनों से की जा रही घटतोली को लेकर जमकर हंगामा किया।जिससे गन्ना किसानों को भारी परेशानी उठानी पडी। हंगामे की सूचना पर एरिया इंचार्ज किसानों के बीच पहुंचे और तोल सही करने के आश्वासन पर किसानों को शांत किया।इस दौरान सडक के दोनों और गन्ना ट्रालियों का जाम लगा रहा।इस दौरान नसीम अहमद, अरशद, लुकमान, मारूफ, फरमाना आदि किसान मौजूद थे। वही घटतौली रोकने को सभासद गुलफाम काले ने भी जिलाधिकारी को पत्र भेज कार्यवाही की मांग की हैं।

## लीसियम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**चरथावल।** नगर के लिसियम जूनियर हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा 8 की सोफी पुत्री रिजवान त्यागी ने सर्वोच्च 98 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉप करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर 97 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा 7 की कायनात पुत्री मौ. इसरार रही। कक्षा 6 की ईरा फघतिमा पुत्री मौ. असगर 96 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। इनके अलावा प्रत्येक कक्षा के छात्र छात्राओं को प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान मिले। स्कूल में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही सोफी ,कायनात और ईरा फातिमा को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा नेता चौधरी इरशाद त्यागी एडवोकेट ने परीक्षा परिणाम , प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

अन्य बच्चों को भी परीक्षा परिणाम और इनाम प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी इरशाद त्यागी एडवोके, इदरीश त्यागी , असगर त्यागी, लारा त्यागी जर्मनी, शौकीन त्यागी , आजघ्म अली , रईस कुरेशी , साजिद कुरेशी सभासद, असीम अकरम त्यागी, मौ ईसा, मौ अरशद, प्रिंसिपल सुहेल अकरम त्यागी रूप से रहे।

# पीएम सलाहकार ने किया आईजीएल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तरुण कपूर, प्रधान मन्त्री के सलाहकार द्वारा मेसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टिलरी व सीबीजी (कॅमीड बॉयो गेस) इकाई रोहाना कला का दौरा किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियो के द्वारा भी शिरकत की गयी । कार्यक्रम में पीएस महलीत, मैनेजिंग डाईरेक्टर नीरज शर्मा, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर आई.पी.एल कमिश्नर सहारनपुर, डी.एम मुजफ्फरनगर, डीएम सहारनपुर, डीएम शामली, सीडी ओ. मुजफ्फरनगर, पीएमजी डीएस फर्टीलाइजर, डाईरेक्टर स्वच्छ भारत मिशन व डीडी डब्लू तहसीलदार, सदर, एसडीएम सदर मुनगर, ए.डी.एम. मु.नगर के द्वारा भी फैक्ट्री परिसर का दौरा किया गया तथा किसान



समृद्धि योजना केन्द्र, रोहाना कलां का भी दौरा किया गया। इसके अतिरिक्त लोकेश कुमार इकाई प्रमुख शुगर इकाई, आईपीएल रोहाना कलां, रमेश कुमार शर्मा, महाप्रबन्धक (डिस्टिलरी), आर.के. तिवारी, तरूण कुमार गौड, भारत कुमार एवं डिस्टिलरी तथा सी.बी.जी. इकाई के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोटेरियन सुनील कुमार गोयल एवं मधु गोयल, श्यामलाल बंसल संरक्षक, डॉ. विजय कुमार टण्डन अध्यक्ष, रविन्द्र गौड उपाध्यक्ष, संजय अग्रवाल व्यवस्थापक, डॉ उमेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, कुलभूषण बजाज, रुपेन्द्र सैनी, अनिल सोबती व कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने सयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कौशल आर्य ने विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए अपने उद्‌बोधन में बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में श्सतत् समग्र मूल्यांकन वर्ष भर चलने वाली प्रक्रिया



है, इसके अन्तर्गत बालक के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक प्रतियोगिता, परीक्षा एवं मूल्यांकन आदि सतत् चलते रहते हैं। आराध्या कुश व अर्थव, संस्कृति, अबीर, केशव सिंह आराध्या अग्रवाल, देवांश त्यागी, वर्णिका, परी, अविश, ओजस्विनी, यश, हर्षित गर्ग द्वितीय स्थान पर व आराधया, व्योम, आरव, ग्रेसी, आराधया सैनी, अवनी सैनी, प्रभात शर्मा, तेजस, परिधि शर्मा, अनुष्का, वंश कुमार, अंकित कुमार, भूमि कुच्छल तृतीय स्थान पर रहे। इन पुरस्कार विजेताओं को जिनमें प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को रू0 700/ द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता को रू0 600/ तथा तृतीय स्थान विजेता को 500/ की धन राशि के चौक श्याम बाबू मित्तल द्वारा अपनी धर्म पत्नी स्व. आभा मित्तल स्मृति छात्रवृत्ति के माध्यम से इक्कीस हजार की राशि से प्रदान किये गये। इसके साथ-साथ डा. राजकुमार अग्रवाल द्वारा अपने माता पिता स्व. रामशरण एवं जनकदुलारी, राजन सिंघल द्वारा अपने दादा स्व. निवास सिंघल की स्मृति में, डा. उमेश गुप्ता द्वारा अपने पिता स्व. ओम प्रकाश गुप्ता , रवीन्द्र गौड द्वारा अपने पिता स्व. महेश चन्द्र शर्मा जी की स्मृति में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इनके अतिरिक्त राम कुमार बंसल, अनिल सोबती, कुलभूषण बजाज, विपिन इंसा, राधेश्याम विश्वकर्मा, श्याम सुन्दर अरोरा आदि मौजूद रहे।

# एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर में चमके श्री राम कॉलेज के होनहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के परास्नातक पाठ्यक्रम एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल में एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सोनिया पाल ने 85 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंश शर्मा ने 83.6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि रोशी कुरैशी तथा मेघा कौशिक ने संयुक्त रूप से 83.4 प्रतिशत अक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनुपर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में श्रीराम कॉलेज के पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के



सोनिया पाल 85 प्रतिशत प्रथम स्थान | अंश शर्मा 83.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान | रोशी कुरैशी 83.4 प्रतिशत तृतीय स्थान | मेघा कौशिक 83.4 प्रतिशत तृतीय स्थान

परास्नातक पाठ्यक्रम एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उच्च श्रेणी प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रायें रोशी कुरैशी तथा मेघा कौशिक ने अपने परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्क्त करते हुये कहा कि विभाग एवं महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च कोटि की शैक्षिक सुविधायें तथा समय- समय पर विभाग द्वारा स्किल डर्वपमेंट के लिये कराये जाने वाली कार्यशालाओं के माधयम से विद्यार्थियो में व्यवहारिक एवं व्यवसायिक कौशल विकसित होता है जिसके माधयम से विद्यार्थी प्रिंट डिजाईनिंग, विडियो एडिटिंग, राईटिंग स्किल के क्षेत्र में अपने कौशल को और ज्यादा निखारते है। उन्होंने बताया कि इन तमाम शैक्षिक गति. विधियों से विद्यार्थियो का चहुमुखी विकास होता है। श्रीराम कॉलेज के निदेशक ड़ा. अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों की प्रसंशा की। जिससे विद्यार्थियो ने उच्च स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है अत: विद्यार्थियो को इस क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए गम्भीरता से ज्ञान अर्जित करना चाहिए साथ ही यह भी कहा कि यह परिणाम केवल विद्यार्थियो का ही नही बल्कि विभाग के प्रवक्ताओ की मेहनत भी दर्शाता है।

## पूछ रही जनता: सील खोलनी थी तो लगाई क्यों?

**बुढाना।** जिस नर्सिंग होम में अप्रशिक्षित चिकित्सकों की लापरवाही के चलते विगत दिवस जच्चा बच्चा की मौत हुई थी तो स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों के हंगामे के बाद उक्त नर्सिंग होम पर सील लगा दी थी लेकिन ताज्जुब तो इस बात का है कि वो सील बीती 22 मार्च को लगी थी जो कि 15वें दिन खोल दी गयी। अब लोग कह रहे हैं कि जब इतनी बडी घटना हो जाने के बाद भी कुल 15 दिन में ही नर्सिंग होम की सील खोल दी गयी है। मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश साफ है कि किसी भी फर्जी नर्सिंग होम या हस्पताल का संचालन ना होने पाए लेकिन यहां तो कुछ इनके विपरीत ही हो रहा है। अगर देखा जाए तो एक दो साल के भीतर ही ना जाने इन फर्जी चिकित्सकों ने कितनी इंसानी जानें ले ली फिर भी इनको कुछ ही दिन बाद क्लीन चिट दे दी जाती है। आखिर किसकी शह पर सील खोलनी गयी ये चर्चा का विषय है।

# सपा ने मनाया महर्षि कश्यप जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सभी महापुरुष की आस्था को मानते हुए उनकी जयंती हर्ष उल्लास मनाते हुए महर्षि कश्यप वह राजा निषाद राज तथा महान सम्राट अशोक की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी तथा अन्य पदाधिकारी ने महर्षि कश्यप राजा निषाद राज तथा सम्राट अशोक की जयंती पर उनको नमन करते हुए उनके जीवन को सर्व समाज के लिए प्रेरणादायक बताया तथा उनके



बताए गए मार्ग एवं विचारों सत्य वचनों को अपने का आह्वान किया समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल द्वारा अपने संकल्प के अनुसार तीनों महापुरुष की तस्वीर शाहपुर से साइकिल चलाकर कार्यालय पर पर लाकर उनको नमन किया गया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी, धर्मेंद्र सिंह नीटू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनवीर कश्यप समाजवादी महिला सभा प्रदेश सचिव अनीता कश्यप समाजवादी पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रामशरण कश्यप डॉक्टर डॉ अविनाश कपिल, अली शेर अंसारी अनैश कुमार, श्याम सुंदर,हुसैन राणा, नदीम मलिक, गगन मावी, विशाल शर्मा, जाउल चौधरी, राहुल कश्यप, अंकित शर्मा, मौ मेंहदी सहित अनेक सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ0 सैफ मेरे व मेरी पत्नी के कहने-सुनने में नहीं हैं। मौ0 सैफ ने अपनी मर्जी से निकाह कर लिया है। जिससे परेशान होकर मैंने मौ0 सैफ को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में मौ0 सैफ के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

खुर्शीद पुत्र नबी हसन

निवासी : ग्राम मोहिउद्दीनपुर, थाना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर

# एमपीएल टूर्नामेंट का आगाज सात से होगा, लाईव प्रसारण

**मुजफ्फरनगर।** प्रॉमियर लीग 20 का उद्घाटन 7 अप्रैल की सहारनपुर की मंडलायुक्त अटल कुमार राय करेंगे। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा विशिष्ठ अतिथि होंगे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश के रणजी ट्रॉफी चयन समिति के प्रवीण कुमार विशिष्ठ अतिथि होंगे। शनिवार को गणपति धाम मंदिर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाधयक्ष संजय शर्मा, उपाधयक्ष कुशल पाल सिंह ने बताया कि निर्देशक डॉ. युद्धवीर सिंह, क्रिकेट डेवलपमेंट समिति के चेयरमैन राकेश मिश्रा भी उद्घाटन अवसर पर भौजूद रहेंगे। पूर्व आईसीसी पैनल अंपायर अनिल चौधरी जो फि ब्रांड अम्बेसडर बनाये गए हैं, वो भी 9 अप्रैल की यहां आकर खिलाडघ्यिों का उत्साह

वर्धन करेंगे। वार्ता के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि इस चार एमपीएल विजेता की ट्रॉफी और जैश प्राइज से नवाजा जाएगा। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जनपद के क्रिकेटर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार किये गए प्लेटफॉर्म में कुल 8 टीमों के रूप में मौका दिया गया है। कुल 120 खिलाडियों में 104 खिलाडी मुजफ्फरनगर से होंगे, जबकि 16 खिलाडी अन्य नजदीकी

8 कैमरों से सभी मैच का लाइव प्रसारण पर होगा। मैच का स्कोर एप्प के माध्यम से भी बॉल टू बॉल जाना जा सकेगा। मैचों के दौरान क्रिकेट इंटिविटी और मूल भावना को बनाये रखने के लिए एन्टी करप्शन अधिकारी भी नियुक्त किये गए हैं। कोई भी खिलाडी मैच के समय मोबा. इल का प्रयोग नहीं कर पायेगा। 6 अप्रैलको शाम 4 बजे सभी 8 टीमों के कप्तान और कोच मैनेजर सहित टीम प्रायोजक को एक मीटिंग में एमपीएल के नियमों से अवगत कराया जाएगा।

एमपीएल में सभी मैच में मैन ऑफ द मैच को 1000 रुपये और ट्रॉफी और मैन ऑफ द सीरीज की 5000 रुपए बेस्ट बल्लेबाज और गेंदबाज को 2-2 हजार रुपये कैश मनों से एचटी के मीडिया द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उपविजेता को लीग में 50000 कैश दिया जाएगा। चार टीमों के सेमी फाइनल में आने वाले खिलाडी भी व्यक्तिगत इनाम के हकदार होंगे। मैदान पर चौकों छक्कों के माधयम से धूम बडाका भी रहेगा। उन्होंने बताया कि एमपीएल में उत्तर प्रदेश के

सर्वोच्च अंपायर पैनल में शामिल रवि कौशिक, शाहिद मोहमद और आदिल तथा स्कोरर अपूर्व यादव यहां आधिकारिक ऑफिशल होंगे। उन्होंने चताया कि स्पोर्टस स्टेडियम मैदान और पिच की उच्च स्तर का बनाने के लिए विशेषज्ञ को मदद ली गई है। बीसीसीआई के क्यूरेटर रविन्द्र की देख रेख में पिच की बनाया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. 71843/99

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाकियू ने वक्फ संशोधन बिल पर की चर्चा

**आठ अप्रैल की महापंचायत को लेकर भी बनाई रणनीति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कस्बे के कोतवाली रोड पर स्थित भारतीय किसान यूनियन के नगर कार्यालय पर आज शनिवार के दिन भाकियू कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सभी ने वक्फ बिल विधेयक संशोधन पर चर्चा की और किसानों की समस्या के संबंध में आगामी आठ अप्रैल को बुढाना तहसील परिसर में होने वाली भाकियू की महापंचायत को भी सफल बनाने की रणनीति तैयार की गयी। संगठन को भी मजबूत करने पर बल दिया गया और किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने बताया कि 8 अप्रैल की महापंचायत के चलते कुछ अधिकारी उनके संपर्क में हैं। अधिकारी चाह रहे हैं कि महापंचायत ना हो वे इसके लिए तैयार हैं मगर बाकी बचे इन 3 दिनों में अगर उनकी समस्याएं हल नहीं होती तो फिर 8 अप्रैल की महापंचायत होकर रहेगी। इसके लिए तैयारी करें। जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान ने कहा कि संगठन का विस्तार करें। अघधिक संख्या में ग्रामीण युवकों को संगठन में शामिल करें। नगर अध्यक्ष मुहम्मद इसरार ने कहा कि तहसील समेत कई विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसानों का उत्पीडन हो रहा है। भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन से हमें लडाई लडनी पडेगी।

यहां ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी, न्याय पंचायत अध्यक्ष तैमूर अली राणा मंदवाडा, पिंटू गढी नौआबाद, शहजाद, राजवीर ठेकेदार, प्रवीण चंधेडी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यापारी नेता ने डीआईजी व कप्तान को समस्याएं गिनाई

**बुढाना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल मुजफ्फरनगर के जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा ने आज शनिवार के दिन मोबाइल फोन पर डीआईजी और जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह से बुढाना कस्बे की कुछ समस्याओं के संबंध में बातचीत की। जिस पर उन्होंने श्री वर्मा को शीघ्र ही उक्त समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है। श्री वर्मा ने बताया कि बुढाना कस्बे के रामछैल तिराहे से लेकर प्राइवेट बस स्टैंड तक दोनों तरफ हर समय जाम लगा रहता है। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पडघ्ता है। दूसरी समस्या ये है कि बाजारों में पटाखे वाली बुलेट का भी पूरा आंतक कायम है। इस बारे में बुढाना पुलिस को भी पता है लेकिन आज तक इन बुलेट वालों को कोई भी इलाज पुलिस ने नहीं किया। इन बुलेटों के कारण बीमार आदमी पूरी तरह से भयभीत हो जाता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम ANSHUKA (अशुष्का) से बदलकर ANUSHKA (अनुष्का) रख लिया है। अब उसे ANUSHKA (अनुष्का) नाम से जाना जाये।

**अजय कुमार पुत्र नरेशचंद, कुतुबपुर, बरला, मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र रजि. स.-925 दिंनाक 25.01.2016 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम पूर्णत: अंकित नही करा पाया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सक्षम त्यागी है जिसकी जन्मतिथि-13.01.2016 है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। सक्षम त्यागी नाम पंजीकरण हेतु आवेदन विभाग मे प्रस्तुत किया गया है।

**अश्वनी कुमार पुत्र रमेशचन्द निवासी-ग्राम व पोस्ट जडौदा पाण्डा, जिला सहारनपुर। हाल निवासी-शास्त्रीनगर गली न.-8 सरस्वती विद्या मन्दिर के पास, रूडकी हरिद्वार।**

# कस्बे व क्षेत्र में धूमधाम से मनी कश्यप जयंती



**बुढाना।** कस्बे में शनिवार को महर्षि कश्यप समिति के तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बुढाना चांदनी वाला मंदिर से बैंड बाजे और सुंदर झाकियों के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप ने प्रभु महर्षि कश्यप के जीवन पर यहां प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर सोनू कश्यप, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप, सीताराम कश्यप, पीतम सिंह कश्यप, मोहनलाल, श्याम कश्यप, अरुण कश्यप और मुक. ेश कश्यप उर्फ नान्नु, रामकुमार कश्यप, अनिल कश्यप, मनमोहन कश्यप और सुनील कश्यप आदि मौजूद रहे। वहीं गांव बडौदा और कमरुदीननगर में भी महघर्षि कश्यप जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ सिंह ने रीबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। इस मौके पर बिट्टू, जीत सिंह, गुड्डू, श्याम कुमार, विनोद व मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जौली विकास खण्ड मोरना, मुजफ्फरनगर।**

पत्राक:- मीमो/विसू/2025-26 दिनांक: 04.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जौली विकास खण्ड मोरना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्यवित्त,15वी वित्त,ओडीएफ एक प्लस मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण/ मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईट सीमेन्ट बालू रेत , कोरसेन्ड इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट, सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, सीसीटीवी ई-रिक्शा/रेडा ओपेन जिम सामग्री, आर ओ वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य सेनेटाइज/फागिंग व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 11.04.2025 को 3:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जौली**
**वि.ख.-मोरना, मु०नगर।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत जौली**
**वि.ख. मोरना, मु.नगर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार अपने ही मजहब के लडके समद उम्र 21 वर्ष पुत्र सलीम निवासी मदीना कालौनी तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर के साथ अपनी मर्जी से बिना किसी जोर दबाव के दिनांक 04.04.2025 को निकाह-विवाह कर लिया है हम दोनों बालिग है तथा अपना अच्छा बुरा अच्छी तरह से समझते हैं व अपना वैवाहिक जीवन एक साथ बिताना चाहते हैं।

**श्रीमति मनतशा उम्र 20 वर्ष पुत्री स्व. रियाज**
**निवासी- निकट आयशा मस्जिद मदीना कालौनी, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

I, YASEEM S/o ALLAHBANDA R/O. VILLAGE PURBALIYAN, P/S MANSOORPUR, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) Have changed my name to YASEEN.

**NAME CHANGE**

I, RAKSHANDA GARG W/o AMIT KUMAR R/o Flat No-501, Kiran Homes, Aryapuri, Ansari Road, Bank of Baroda, Distt-Muzaffarnagar 251001 have changed my name from RAKSHANDA GARG to RAKSHANDA SINGHAL. Henceforth I Would be known by the name of RAKSHANDA SINGHAL for all future purposes.

# बाइक की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत मे भोपा सी एच सी से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी दीपक व भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अरुण कुमार शनिवार को सिताबपुरी गांव से बाईक द्वारा लौट रहे थे। जैसे ही वह भोकरहेड़ी के निकट राजबाहे की पुलिया के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाईक मे टककर मार दी।



टककर लगने से दीपक घायल हो गया जिसे उपचार के लिए भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। पैर मे अधिक चोट होने के कारण दीपक को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया।वहीं आरोपी बाइक छोड़ कर फरार हो गये। दीपक पत्रकार है और अरुण विद्युत विभाग मे संविदा कर्मचारी है।

# महिला किराएदार को मारपीट कर घर से निकाला

**■ मकान मालिक ने पुत्रों ने घर का सामान बाहर फेंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** मकान मालिक के पुत्रों ने अपनी मां के साथ मिलकर एक किराएदार महिला को मारपीट कर घर से बाहर निकालकर उसका घरेलू सामान भी सडक पर फेंक दिया। आरोप के मुताबिक महिला के साथ छेडछाड भी की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के चंधेडी रोड निवासी एक महिला ने शनिवार को एक तहरीर बुढाना पुलिस को देते हुए बताया कि वो अपने बच्चों संग 2 वर्ष से मुनफैत पुत्र जमशेद के मकान मे किराये पर रह रही है। उसका पति शराबी है। जो उसके संग नही रहता। वह अपने बच्चो संग रहती है। बीती 02 अप्रैल की देर शाम मकान मालिक के पुत्र सोनू कल्लू, व मन्नू और उनकी मां शमशीदा एक राय होकर उसके कमरे में घुसे और उसे गाली देते हुए घर से धक्के देकर बाहर निकाल दिया और अभद्र व्यवहार किया। तीनो भाईयो ने उसके कपडे फाडने की कोशिश की और उसका सारा सामान कमरे से बाहर गली में फेंक दिया और कहा कि इस घर से तुरंत निकल जा। उन्होंने उसके बच्चों को भी मारपीट कर बाहर निकाल दिया। जब उसके पिता सूचना मिलने पर मौके पर आए तो उनके साथ भी मारपीट कर गाली गलौच की। उन पर 6 माह का एडवांस किराया भी गया हुआ है। वो टाइम से घर का किराया भी दे रही है। मकान मालिक के पुत्रों ने उसे घर खाली करने का कोई नोटिस भी नहीं दिया और ना ही उसे कोई मौखिक सूचना दी। बस एकदम सामान बाहर फैंक दिया। अब वह गली में ही खुले आसमान के नीचे पडी है। अब पीडिता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

## एक वर्ष में आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों पर हुए अवैध कब्जे

**बुढाना।** अवैध तरीके से घर या दुकानों को खाली कराए जाने की यह कोई नई घटना नहीं है। इससे पूर्व पिछले 1 वर्ष में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें पुलिस ने अवैध कब्जा करने की नीयत से दबंगों द्वारा पत्रकार की 02 दुकानों के ताले काटने के मामले को छोडकर अन्य दबंगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते दबंगों के हौसले बुलंद हुए। अब से 3 दिन पूर्व हुई इस घटना से पहले दबंग लोग किराएदार लोंगी, निन्ना व रफीक समेत आधा दर्जन से भी ज्यादा दुकानों पर अवैध रुप से कब्जा कर चुके हैं। पीडित आज भी न्याय पाने को दर दर की ठोकरें खा रहे हैं मगर उन्हें न्याय नही मिला। देखा जाए तो अब कस्बे में ऐसा माहौल बना है कि अगर किसी दुकान मालिक को अपनी दुकान किराएदार से खाली करानी है या अवैध रूप से कब्जा करना हे तो वो दुकान का ताले रात मे आराम से काटकर अपना ताला डाल अवैध कब्जा कर सकता है। इस दौरान पुलिस दूर दूर तक भी दिखाई नहीं देगी?

## दिल्ली पब्लिक स्कूल व आयुष पैरामेडिकल कॉलेज का उद्घाटन

**पुरकाजी।** पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम अब्दुलपुर में दिल्ली पब्लिक स्कूल व आयुष पैरामेडिकल कॉलेज का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने फीता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह के दौरान मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में पैरामेडिकल कोर्स का महत्व बढ़ गया है संस्थापक डॉ अमन ने स्कूल व पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना बेरोजगार एवं शिक्षित युवाओं के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार का रास्ता खोलने वाला है। इस मौके पर मनोज चौहान, धीर सिंह प्रधान, बसारत खान, मोनू कुमार, जॉनी आर्य आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने विकलांग को भी बना दिया मुल्जिम

**■ साढ़े पांच माह पूर्व कस्बे में हुआ था रोड़ जाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक विकलांग वो भी अर्धरात्रि के समय कैसे भीड के साथ मिलकर किसी मामले में सडक जाम कर सकता है लेकिन पुलिस ने दोनों पैरों से विकलांग एक युवक को ही रोड जाम करके प्रदर्शन करने का आरोपी बना दिया। खुलासा तब हुआ जब पुलिस आरोपी के समन लेकर उसके घर पहुंची और उसकी हालत खुद भी देखी और मौहल्ले के लोगों से भी सुनी क्योंकि जिस युवक का समन था वह घटना वाले दिन घर पर ही था और दोनों पैरों से विकलांग है। बाकायदा विकलांग सर्टिफिकेट भी बना हुआ है। दरअसल बीते वर्ष 19 अक्टूबर को एक सांप्रदाय के खिलाफ दूसरे सांप्रदाय के एक युवक ने सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट कर कस्बे का माहौल खराब कर दिया था। इस पोस्ट व युवक के खिलाफ अफवाहों का दौर चलने पर एक सांप्रदाय के हजारों लोग देर रात तक सडघ्कों पर आ गये थे तो पूरा कस्बा जाम की चपेट में आ गया था लेकिन बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल आनंद देव मिश्र ने अपनी सूझबूझ से बडी मुश्किल से मामले को संभाल लिया था। अगले दिन पुलिस ने सडघ्क जाम करने के आरोप में 700 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी धरपकड शुरु कर दी थी। इसमें महिलाओं को भी जेल भेजा गया था। जिनके नाम थे उनमें से काफी लोगों ने जमानत भी करा ली। अब भी कई लोग हैं जिनके एसडीएम कोर्ट से समन आए हैं। विकलांग समीर शेख पुत्र बासिद मोहल्ला सफीपुर पट्टी बुढाना के घर पर बीती देर रात बुढाना पुलिस पहुंची और उन्हें समीर की बेल कराने को कहा तो परिजन सकते में रह गये क्योंकि पुलिस समीर पुत्र उमरदीन का समन लेकर विकलांग समीर के घर पहुंची थी। जिसमें समीर का बाप बासिद है और समन वलदियत में उसके दादा के नाम है। मौहल्ले के लोग कह रहे हैं कि मुखबिरों ने विकलांग का भी नाम लिखवा दिया और पुलिस ने बेचारे विकलांग की जांच भी नहीं की क्योंकि घटना के समय समीर घर पर था। दोनों पैरों से विकलांग है। भला वो रात में क्यों प्रदर्शन करेगा। यह मामला कस्बे और क्षेत्र में जबरदस्त चर्चा का विषय बना हुआ है।



# प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में रही धूम

**■ यज्ञ में आहुति देकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** प्राथमिक विद्यालय आदमपुर मोचड़ी विकास क्षेत्र खतौली में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ से किया गया। उपस्थित सभी अभिभावकों विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने यज्ञ में आहुति देकर हवन संपन्न कराया । यज्ञ के ब्रह्मा श्री अजेश आर्य और यजमान श्री बलेराम रहे। यज्ञ के उपरांत सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। । विद्यालय के हेड बॉय वासुदेव और हेड गर्ल छाया को चुना गया। विद्यालय के छात्र लविश पुत्र राकेश को अटल आवासीय विद्यालय में चयनित होने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ शीतल अरोडा, शिखा रस्तोगी, और राजेश का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में गजराज, सुभाष सैनी, सतपाल डायरेक्टर चांदसमंद, विपिन जसोला, राकेश जसोला, सोनू पंडित, जगराम सैनी, श्रवण, कुणाल, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक सुशील आर्य ने किया और सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायत

**खतौली।** उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील खतौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा तहसील खतौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिसॉ विकास आदि से संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारीगण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार खतौली, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी खतौली सहित अन्य प्रशासन व पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी धकर्मचारीगण मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत से संबंधित शिकायत करने हेतु अपने स्मार्टफोन में जन शिकायत ऐप नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से डाउनलोड करे।

### 136वां माँ भगवती के जागरण का आयोजन

**खतौली।** सिद्ध पीठ श्री दुर्गा मंदिर दुर्गापुरी खतौली में 136 बा माँ भगवती का विशाल जागरण बडी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मां भगवती का गुणगान करने श्री जगदीप बरार मोरिंडा पंजाब से पधारे। मां भगवती के भजनों पर माँ के भक्तिरस में झूमे श्रद्धालु। जागरण पूजा नवीन कुमार व ज्योति प्रचंड रवि ग्रोवर द्वारा कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में तेजेंद्र मोहन भाटिया, धीरज सूरी, राजकुमार मंगवानी, राजीव ग्रा. वर, राजेंद्र लोहिया, हरीश भसीन, दिनेश सूरी, जुगल किशोर गोगिया, कुशांक ग्रोवर, रमित खरबंदा, रिंकू सलूजा, विपिन कोहली, रवि ग्रोवर, संजय लोहिया, नरेश गुंबर, प्रवीण ठकराल, मुकेश कुमार, टोनी राजेंद्र, तनेजा, गौरी शंकर गौरी, हनी ग्रोवर, मनीष सहगल, करण सूरी, सचिन नारंग आदि भक्तों का सहयोग रहा।

### अशोक जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग

**खतौली।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी खतौली को दिया ज्ञापन। चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग को लेकर ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी को दिया। ज्ञापन में सम्राट अशोक की महानता और उनके योगदान को रेखांकित किया गया है, जिसमें उन्होंने अहिंसा, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को अपनाकर संपूर्ण राष्ट्र को अखण्ड भारत के रूप में एकजुट किया था। इस पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सम्राट अशोक का अशोक चक्र हमारे राष्ट्रीय ध्वज में सुशोभित है, जो भारतीय संविधान के मूलभूत आदर्शों का प्रतीक है। उनकी जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने से न केवल भारतीय संस्कृति और विरासत का सम्मान होगा, बल्कि यह हमारे संविधान की मूल भावना को भी सुदृढ करेगा। इस पत्र पर सपा नेता पंकज सैनी, महासचिव सुरेश सैनी, राकेश सैनी, निर्मल सैनी प्रधान, राजू सैनी कार्यकारी अध्यक्ष भागीरथवशी, संजय सैनी, अरुण सैनी, वीर सिंह सैनी प्रधान, सागर सैनी, तरुण सैनी, तरुण सैनी, आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों को किया पुरस्कृत

**भोपा।** प्राथमिक विद्यालय भोपा नंबर दो में वार्षिक उत्सव होल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान द्वारा उच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वालित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। ग्राम प्रधान रेखा धीमान द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओ को पुरस्कृत किया गया है, कक्षा-5 में उर्वशी कक्षा-4 में वैभव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12 आउट ऑफ स्कूल बच्चों में पाठड्य सामग्री वितरित की गई। शारदा संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामवासियों को बच्चों के विद्यालय में नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापिका पूनम रानी ने कहा की प्राथमिक शिक्षा से वृक्ष की जड़ के समान है। जड़ों को संस्कार के अमृत से सींचने का काम प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक करते हैं। ग्राम प्रधान रेखा धीमान ने कहा की हमारी संस्कृति मे गुरु को भगवान के पहले नमन करने को कहा गया है। गुरु का सम्मान सर्वोपरि है। मुख्य रूप से कमल,कामिनी, संधया कुमारी, विभा गोयल, लवी रानी, रजत कुमार व बबलू कुमार आदि मौजूद रहे।

# लालदयाल पब्लिक स्कूल में शिक्षा का नया आयाम



**■ मेरठ व सहारनपुर कमिश्नरी में लोहा मनवा चुकी हाईटैक लैब**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शिक्षा के क्षेत्र में हाईटेक तकनीकी विकास का उदाहरण बन चुका लाल दयाल पब्लिक स्कूल आज एक विशेष कारण से सुर्खियों में रहा है। खतौली के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा ने शनिवार को स्कूल का जायजा लिया, जहां उन्होंने स्कूल की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और डिजिटल क्लासरूम को देखकर एमडी राजवीर सिंह वर्मा के प्रयासों की सराहना की।

लाल दयाल पब्लिक स्कूल को दोनों कमिश्नरी सहारनपुर और मेरठ की सबसे हाईटेक लैब सुविधाओं से युक्त स्कूल माना जा रहा है। स्कूल में करीब 500 से अधिक विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ लैब और फिजिक्स लैब के साथ साथ खेल कूद वालीबॉल, फुटबॉल, कैरम, टेबिल टैनिस और म्यूजिकल कलास आदि की व्यवस्था की गई है। इन सुविधाओं की चर्चा आसपास के क्षेत्रों में जोर-शोर से हो रही है। निरीक्षण के दौरान राजवीर सिंह वर्मा ने बताया कि स्कूल में वर्षों पहले ही प्रोजेक्टर के माध्यम से डिजिटल पढाई की शुरुआत कर दी गई थी, जब अधिकांश लोगों को इसके बारे में जानकारी भी नहीं थी न केवल क्लासरूम बल्कि पूरा स्कूल कैंपस अब पूरी तरह से डिजिटाइज हो चुका है।

बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे इन अथक प्रयासों को देखते हुए इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा ने स्कूल प्रशासन और एमडी राजवीर सिंह वर्मा को शुभकामनाएं दीं और इस प्रयास को अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी याद में स्कूल मिलने वाली हाइटैक सुविधाएं को नही देखा है ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चें भविष्य में नया मुकाम हासिल कर सकते है।

# कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद ने समाज से एकजुट रहने की अपील

**■ मौहल्ला मंडी में अंकुर सैनी के आवास पर हुआ स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** हरियाणा प्रदेश की कुरूक्षेत्र लोकसभा के पूर्व सांसद और लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी का बुढाना कस्बे के मौहल्ला मंडी में सैनी विकास समिति के अध्यक्ष अंकुर सैनी के आवास पर फूल मालाओं से स्वागत हुआ। यहां पर आयोजित एक मीटिंग में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने खासकर युवा वर्ग से अपने सैनी समाज को जोडने की बात कही। सैनी धर्मशाला बुढाना के अध्यक्ष अंकुर सैनी ने भी यहां पर अपने विचार रखें और दूर-दराज से आए हुए लोगों के सामने बताया कि वह मुजफ्फरनगर जनपद के जिला पंचायत के वार्ड नंबर 23 से जिला पंचायत सदस्य पर का चुनाव लडने के इच्छुक हैं और अपनी पत्नी वैशाली सैनी को भी वार्ड नंबर 23 से चुनाव लडवाएंगे। बस आप सभी के लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। अभी उन्होंने इस बात पर कोई फैसला नहीं लिया है कि वह किस पार्टी से चुनाव लडेंगे।

जिस पर पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने समाज के सभी जिम्मेदार लोगों से आग्रह किया कि वे अंकुर सैनी और उनकी पत्नी वैशाली सैनी का हौंसला बढाकर तन मन धन से दोनों पति पत्नी को जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लडवाएं और उनको जिताने का भी काम करें। यहां रस वैद्य अतर सिंह आर्य, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, अरुण सैनी हबीबपुर, वरिष्ठ समाजसेवी अंकुर सैनी मुजफ्फरनगर, अनिल सैनी लहुसाना, युवा नेता बादल सैनी, अमन सैनी ठाकराण, वरिष्ठ समाजसेवी अंकित सैनी, रोहित सैनी, विशाल सैनी व चंदू सैनी मौजूद थे।

### पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने मोदी को दी श्रदांजलि

**बुढाना।** पूर्व सांसद राजकुमार सैनी आज शनिवार के दिन कस्बा बुढाना में सैनी समाज बुढाना के चौधरी दिवंगत प्रमोद सैनी मोदी के नदी मंदिर रोड पर स्थित आवास पर पहुंचे और उनके परिजनों को सांत्वना दी।

इस दौरान उनके साथ भारत वर्ष में मशहूर बवासीर रोग विशेषज्ञ रस वैध डॉक्टर अतर सिंह आर्य, लोसुपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राकेश सैनी, जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर दीपक सैनी और जिला प्रभारी मुजफ्फरनगर अंकुर सैनी आदि लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि चौधरी प्रमोद सैनी का बीती 26 मार्च को कैंसर की बीमारी के चलते निधन हो गया था।

### जब पूर्व सांसद ने धार्मिक तस्वीर फेंकी

**बुढाना।** कस्बे के मोहल्ला मंडी में स्थित अंकुर सैनी के आवास पर जब पूर्व सांसद राजकुमार सैनी पहुंचे तो उनके सम्मान में बुढाना कस्बे के आशीष ने उनको एक धार्मिक तस्वीर भेंट की तो उन्होंने सभी के सामने गुस्से मे उक्त धार्मिक तस्वीर को यह कहकर नीचे फेंक दिया कि क्या है ये। में नहीं मानता इनको।

इस बात को लेकर वहां पर मौजूद क्षेत्र के सैनी समाज के लोगों में भारी रोष फैल गया। एसके मेडिकल स्टोर बुढाना के संचालक अरविंद सैनी हबीबपुर सीकरी ने पूर्व सांसद के इस कृत्य की कडे शब्दों में निन्दा कर कार्यक्रम का बहिष्कार किया और कहा कि ऐसे लोग समाज में कलंक हैं जो हमारी आंखों के सामने ही हमारे धर्म का अपमान कर रहे हैं।

## पुलिस ने मैजिक में लदी गाय पकड़ी

**छपार।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खामपुर खुडडा मार्ग से एक मैजिक को एक गाय सहित कब्जे में ले लिया। गाय को काटने के लिए लिए जाया जा रहा था जबकि आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

शनिवार को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक मैजिक में गाय काटने के लिए खामपुर की ओर से खुडडा ले जाई जा रही है। पुलिस ने घेरकर मैजिक को कब्जे में ले लिया जबकि आरोपी फरार हो गये। पुलिस मैजिक से एक गाय व काटने के उपकरण बरामद किये।

गाय को एक किसान की सुपुर्दगी में दे दिया है ओर गांव खुडडा निवासी सद्दाम व वाजिद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पूजन कर जिमाई कन्याएं मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को आठवें नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप का पूजन किया गया वही दूसरी और क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा अपने परिवार के साथ पूजन कर कन्याओं को जिमाया और व्रत खोला इस दौरान कन्याओं को उपहार स्वरूप भेंट भी दी गई। कन्याओं के पूजन का क्रम दोपहर तक चलता रहा।

बताते चलें कि पिछले एक सप्ताह से नवरात्र के व्रत चल रहे थे। इस बार दूसरे नवरात्र के लोप के चलते एक नवरात्र कम था। इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा दयालपुरम कालोनी स्थित मां वैष्णों देवी मंदिर में आठवें नवरात्र पर विशेष साज सज्जा की गई थी। मां दुर्गा का भी अद्भुत श्रृंगार किया गया था, जो भक्तों में आस्था और आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा अर्चना के बाद राजवीर सिंह ने अपनी पत्नी चंद्रलेखा और पुत्र कर्मवीर के साथ कन्याओं को अपने घरों में आस्थापूर्वक आमंत्रित किया गया। घर बुलाकर कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनका पूजन कर उन्हें उन्हें तिलक लगाकर पूरी हलवे का भोग लगाया गया। साथ ही कन्याओं को विभिन्न प्रकार के उपहार भेंट किये गये। इस प्रकार मां दुर्गा के आठवें रूप महा गौरी व कन्याओं का पूजन कर श्रद्धालुओं ने व्रत खोले।



जिन्होंने व्रत नहीं खोले, वे रविवार को मां दुर्गा के नौंवे स्वरूप सिद्धिदात्री का पूजन कर नवरात्र के व्रत को सम्पूर्ण करेंगे।

# किसान मजदूर इंटर कॉलेज में होनहार सम्मानित

**■ जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने प्रतीक चिन्ह देकर बढ़ाया हौंसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोना जानसठ मार्ग पर गांव चौरावाला मे स्थित किसान मजदूर इंटर कॉलेज में अंक पत्र का वितरण किया गया कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा फील्ड देकर सम्मानित किया गया साथ ही महत्वपूर्ण जानकारी देकर बच्चों का मोटिवेशन किया गया।

किसान मजदूर इंटर कॉलेज में पहुंचे मुख्य अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व विशिष्ट अथितियों ने कक्षा छः के तीन सेक्शन मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों मे सुम्बुल, विक्रांत, फरहा, द्वितीय स्थान श्वेता, गुरुवंश, समरीन, तृतीय स्थान शिवांगी,



साहिल, मिसबाह कक्षा सात मे प्रथम स्थान अल्तमश,लविश, दीपाली द्वितीय खुशबु, मौ. कैफ, अरसलान, तृतीय मिस्बाह,जस्सी, नंदनी तथा कक्षा आठ मे प्रथम रुपाली, विशाल, मौ. अबुजर द्वितीय वृतिका, रिहान,अमन अली तृतीय निकहत,मौ. ताबिश व तनु कक्षा नौ मे प्रथम स्थान पर नेना द्वितीय स्थान पर कंचन तृतीय आनिया कक्षा 11 मे प्रथम स्थान कहकशां, द्वितीय रिया रानी, तृतीय स्थान पर निगम को शील्ड देकर सम्मानित किया। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की बच्चे मोबाइल के अनावश्यक प्रयोग से बचे। विपरीत परिणाम आने पर गलत कदम बिलकुल न उठाएं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुणपाल सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, सुभाष बाबू, प्रवीण त्यागी, राजकुमार, संजू रानी, अरविंद कुमार, ममतेश, बृजेश बडोदिया, विनोद कुमार, मनीष शर्मा, सुमित कुमार, गौरव कुमार, उर्वशी, रीना शर्मा, कुमारी रिया चौधरी, विनीत कुमार, मंगल सिंह, गोविंदा, डॉ. संजू शर्मा, शिव कुमार गर्ग, जगदीश पाल, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसपी देहात ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

**बुढाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने शनिवार के दिन तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मे कस्बे व क्षेत्र के कई लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनको शीघ्र ही निस्तारित करने के निर्देश दिए। महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों व शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, तहसीलदार महेन्द्र सिंह यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र, नायब तहसीलदार अमन सिंह व सीएचसी प्रभारी डाक्टर अर्जुन सिंह सहित अन्य पुलिस, प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# भगवान महावीर के जन्म महोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** धर्म नगरी खतौली में भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक के पंचदिवसीय महोत्सव का शनिवार भव्य शुभारंभ हुआ जैन मंडी जैन मंदिर से विशाल घटयात्रा बैंड बाजो के साथ जैन धर्मावलंबियों के साथ जीटी रॉड पर बने उत्सव पंडाल पहुंची। यात्रा में भक्ति संगीत सहित सभी धर्म प्रेमी हर्षोल्लास से शामिल रहे। उत्सव पंडाल में सभी सौभाग्यशाली बहिनों द्वारा प्रासुक जल से पंडाल शुद्धि की गई उसके बाद विनोद कुमार राजीव जैन रवि जैन परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया।

मंडप का उदघाटन राकेश जैन, ऋषभ जैन बजाज परिवार द्वारा किया गया। परम पूजनीय 108 भारत भूषण जी महाराज का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ।इसके बाद माता त्रिशला बनी दर्शिता जैन धर्मपत्नि उमंग जैन की शोभा यात्रा नगर भृमण करती हुई उत्सव पंडाल पहुंची जहां पर भव्य गोद भराई कार्यक्रम हुआ। खतौली वासियो ने माता को अनेक उपहार दिए और माता के परिवार द्वारा उन्हें भेंट दी गयी अष्ट देवियों व 56 कुमारियों ने माता के समक्ष अनेक नृत्य व बधाई गीत प्रस्तुत किये रात्रि में सौधर्म इंद्र मनीष जैन एवम कुबेर यात्रा द्वारा उत्सव पंडाल में बैंड बाजों के साथ पहुंचे।



भगवान के जन्म से पहले इंद्र के दरबार मे खुशी मनाई गई। देवी और देवताओं ने धार्मिक चर्चा की और रत्नों की वर्षा की सभी देवगण ने खुशियां मनायी और नाच गाकर उत्सव मनाया। कार्यक्रम में सुशील जैन ,सुनील जैन,प्रदीप जैन हंस कुमार जैन,अरुण जैन,संजीव जैन वीरेश जैन,आदि सैंकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# वायरल वीडियो पर कार्रवाई, स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौला गांव में स्मैक बिक्री करने वालो पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक युवक को आठ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि विगत दिवस स्मैक को लेकर हुए विवाद मे मारपीट का वीडियो वायरल हो गया था। जिसमें जिजौला में खुलेआम स्मैक की बिक्री होते दिखाई गई थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग हरकत में आया और त्वरित कार्रवाई की करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने खोडसमा-साल्हापुर मार्ग पर एक भट्टे के पास छापेमारी कर नौशाद पुत्र फरजंदा निवासी जिजौला को पकड़ा है। पकडे गए आरोपी के कब्जे से आठ ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

आरोप है कि आरोपी लंबे समय से स्मैक बेचने का काम कर रहा था।कार्यवाही के दौरान आरोपी का एक अन्य साथी बिल्लू पुत्र लियाकत निवासी कुंडा, जिला सहारनपुर भी मौजूद था, जो मौके से भागने में सफल हो गया। वही,पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच के बाद चिन्हित स्थानों पर निगरानी बढ़ाई गई थी। उसी क्रम में यह सफलता मिली है। फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।



## कहासुनी के बाद छह युवक घायल

**शामली।** मामूली कहासुनी के बाद करीब आधा दर्जन युवकों ने दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित युवकों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पंसारियान नई बस्ती निवासी राशिद पुत्र सलीम अपने साथी मोनीश और शाहरूख के साथ किसी कार्य से सती मंदिर रोड पर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान करीब आधा दर्जन युवक रास्ते में खडे थे, जिनसे मामूली कहासुनी हो गई। जिसके बाद उक्त युवकों ने हमला बोल दिया, जिसमें मोनीश ने भागकर जान बचाई, जबकि राशिद और शाहरूख को मारपीटकर लहु लुहान कर दिया गया। हमले के बाद आरोपी युवक मौके से जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीडितों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# स्कूली गाड़ी ने मारी टैंपो में टक्कर, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के कैराना रोड पर एक स्कूली गाडी ने टैम्पों में टक्कर मारकर टैंपों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में जहां टैंपों कई पलटे खाकर पलट गया वही चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांधला क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी रवि कुमार टैंपों चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा है। बताया जाता है कि शनिवार को रवि अपना टैंपों लेकर कैराना की ओर से शामली आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह कैराना रोड स्थित बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान शामली की ओर से आ रही एक स्कूली गाडी ने टैंपों में जोरदार टक्कर मार दी।



हादसे में टैंपों कई पलटे खाते हुए पलेट गया,जबकि रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्कूली गाडी चालक मौके से फरार हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने रवि को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पीडित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती



थानाभवन



चौसाना



शामली

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** नगर में महर्षि कश्यप जयंती बड़े धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दयाल आश्रम से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर सजीव धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की गईं। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने महर्षि कश्यप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को महर्षि कश्यप के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए शुभकामनाएं दीं। जयंती समारोह के तहत प्रात: दयाल आश्रम में हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर में शोभायात्रा निकाली गई, जो घासमंडी, चौक बाजार, मैन बस स्टैंड, चरथावल बस स्टैंड, घंटाघर, हकीमान, शाहलाल, मुजावरान, खैल, नबीपुरा आदि स्थानों से होकर गुजरी। शोभायात्रा के दौरान महर्षि कश्यप, बजरंगबली, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण, भारत माता और सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। युवाओं ने डीजे और ढोल की थाप पर जमकर नृत्य कर उत्सव में रंग भर दिया।जयंती समारोह को सफल बनाने में विहिप नगर अध्यक्ष संजय कश्यप, सुभाष कश्यप द्धप्रति. निधि, पूर्व मंत्री व एमएलसी किरणपाल कश्यप, पलटूराम कश्यप चक्की वाले, ठेकेदार बिजेंद्र कश्यप, श्यामसुंदर कश्यप, प्रमोद कश्यप, कन्हैया कश्यप, अन्नू कश्यप, इशुराज कश्यप, सतपाल कश्यप, रोमेश कश्यप, अनिल कश्यप, शिवकुमार, बबलू चाट वाले, डॉ। विकास कश्यप, ठेकेदार संदीप कश्यप, सुरेंद्र कश्यप और अनुज कश्यप आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन संजय कुमार शर्मा, स्वामी रामदेव महाराज (पंचतीर्थी आश्रम), सभासद दिनेश कुमार, विशाल सैनी, देवेंद्र पंडित, जयभगवान, जगमाल सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन गौतम, बिन्नी राणा, शालू राणा, राकेश कांबोज, राजेश तिवारी, प्रेम, निक्का चावला सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**चौसाना।** महर्षि कश्यप और निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोगों सहभागिता की। शोभायात्रा में शामिल देव स्वरूपों का स्वागत कस्बे के लोगों ने फूलों की वर्षा करके किया गया। कश्यप समाज उत्थान समिति के बैनर तले शुक्रवार को कस्बे में निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। चौसाना में निकाली गई शोभायात्रा में देव स्वरूपों के अलावा महर्षि कश्यप एवं निषादराज, बाबा कालू, आदि की आकर्षक झांकियां शामिल की गईं। शोभायात्रा का शुभारंभ आयोजक सलेक चंद द्वारा महर्षि कश्यप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और झंडी दिखाकर किया। समिति के नेतृत्व में शोभा यात्रा हनुमान मंदिर पर पहुंची, जहां महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में बैंड बाजे शामिल रहे। शोभायात्रा में रामु आयोजक, ताराचंद, राजबीर उर्फ काला चौधरी, पीतम,धर्मबीर, बिल्लू, लक्ष्मण, मनोज गोस्वामी,कंवरपाल शर्मा,पाल कश्यप,बबली आदि के साथ सैकडों लोग शामिल रहे।

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इण्टर कॉलेज में महर्षि कश्यप की जयन्ती अत्यन्त उत्साह पूर्वक और धूम-धाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने महर्षि कश्यप के चित्र पर फूल माला अर्पित करके और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कहा कि महर्षि कश्यप सप्त ऋषियों में से एक ऋषि है तथा उनकी पत्नी दीति और अदिति से ही सम्पूर्ण सृष्टि का प्रारम्भ हुआ है। वर्तमान कश्मीर में उनका आश्रम था और उस समय यह कश्यप मेरू कहलाता था। इस अवसर पर अनिल कुमार कश्यप, महेश नारायण गौड, छवि शर्मा, नीतू अग्रवाल, सतीश आत्रैय, घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिव कुमार, विजेन्द्र दत्त गौतम आदि मौजूद रहे।



शामली



शामली

**शामली।** शनिवार को अखिल भारतीय महर्षि कश्यप विकास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में महर्षि कश्यप व कालू बाबा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

शनिवार को शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में अखिल भारतीय महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट महर्षि कश्यप व कालू बाबा जयंती धूमधाम से मनाई गई। सवेरे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य यजमान एमएलसी किरणपाल कश्यप रहे। इसके बाद जम्मू कश्मीर से पहुंचे मुख्य अतिथि रमेश डोगरा, पंजाब से पहुंचे निर्मल सिंह, जयपुर से पहुंचे बजरंगी मेहरा व एमसलसी किरणपाल कश्यप ने महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि उन्होने वर्ष 2013 में समाजवादी पार्टी के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पत्र लिखा था, जिसमें महर्षि कश्यप जयंती का अवकाश घोषित कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने आते की महापुरूषों की छुटटी को रदद करने का काम किया, जिससे महापुरूषों का अपमान हुआ है। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रालोद महासि. चव विजय कौशिक, भारत कश्यप, गौरव कश्यप, रामनिवास कश्यप, राममेहर कश्यप, राजकुमार कश्यप, वेदपाल सिंह कश्यप, हरबीर कश्यप, मांगेराम कश्यप, परवारा कश्यप, चंद्रपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

**शामली।** संयुक्त कश्यप महासभा के तत्वाधान में शनिवार को शहर के वीवी पीजी कालेज में महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज की जयंती हर्षोउल्लाष के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने महापुरूषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आहवान किया। शनिवार को मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, एमसलसी विरेन्द्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनिवाल, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर नमन किया। दिनेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब महर्षि कश्यप जी की संतान है। वे सृष्टिरचियता थे। महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति के महान ऋर्षि थे। निषादराज की वीरता और निष्ठा मे सच्ची मित्रता और सेवा भाव का संदेश देती है। हमारी सरकार ने प्रयागराज मे श्रंगवेगपुर धाम बनाकर निषादराज का मानसम्मान बढाया। पूर्व एमसलसी सुरेश कश्यप ने बताया कि हमने अभी तक महापुरूषो के सम्मान में महर्षि कश्यप, गुरू कालू बाबा, निषादराज, वीर एकलव्य, डा। बीआर अम्बेडकर की सेंकडो प्रतिमाओं का अनावरण समाज में कराया है। कार्यक्रम का संचालन रेखा चौहान ने किया। राजीव कश्यप, सैहनसरपाल, अंकित, लोकेन्दर, नरेन्द्र, अजित, विकास, मिलन, सारिका कश्यप, उषा, सीमा मेहरा, राममेहर, देशपाल, पदम, देवेन्द, विजय, मनोज, राजकुमार, कुलदीप, अनिल कश्यप, भूपेन्द्र कश्यप, बलजीन्द्र कश्यप, जयपाल कश्यप, विनोद कश्यप, मोनिका कश्यप, पिंकी कश्यप, राहुल कश्यप, हरप्रक. ाश बहादुर, बबलू कश्यप, दीपा कश्यप, सुभाष कश्यप, दीपक कश्यप आदि मौजूद रहे।

# पानी की टंकियों का निर्माण अधर में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ब्लॉक के गांव में पानी की टंकियां का निर्माण किया जा रहा है लेकिन कई सालों से निर्माण कार्य चल रहा है अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है गांव में सड़के उखाड़ कर छोड़ दी गई है ठीक नहीं किया जा रहा है आमजन के त्रस्त होने के बाद अब ग्राम प्रधानों का भी दर्द छलकने लगा है इस संबंध में ग्राम प्रधानों द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत कर कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। ब्लॉक ऊन में 66 ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण पिछले 4 वर्षों से चल रहा है लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है।



गांव में पाइप लाइन डालने के लिए सड़के उखाड़ कर छोड़ दी गई है उन्हें ठीक नहीं किया जा रहा है जहां पर पाइप लाइन डाली है उनके पाइप लिकेज हो गए हैं वह भी ठीक नहीं किया जा रहे हैं कुछ गांव में 1 वर्ष से अधिक से कार्य बंद पड़ा है निर्माण कार्य अधर में लटका है सड़के खराब होने तथा निर्माण कार्य समय पर पूरा न होने के कारण ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल भी आज तक नहीं मिल पाया है जिससे ग्रामीण परेशान है ।ग्रामीणों की परेशानी के कारण अब ग्राम प्रधानों का भी दर्द छलकने लगा है ग्राम प्रधानों को आने वाले चुनाव में हार का डर सताने लगा है। निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर ग्राम प्रधान अक्सर जल निगम व अधिकारियों को शिकायत करते हैं लेकिन फिर भी कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है गांव खोडसमा में ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि 1 वर्ष से कार्य बंद पड़ा है सड़के उखड़ी पड़ी है ठेकेदार द्वारा इंट, सीमेंट के पैसे भी नहीं दिए हैं ।गांव अंबेटा रिदान में 4 वर्ष से टंकी निर्माण कार्य चल रहा है जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है पाइपलाइन लीकेज है न कोई ऑपरेटर है न हीं चौकीदार है निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।

जल निगम के अधिकारी भी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं ।इस संबंध में ग्राम प्रधानों ने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विनय तिवारी को शिकायत कर टंकी का निर्माण तथा सड़के ठीक कराने की मांग की है ।शिकायत करने वालों में ग्राम प्रधान अंबेटा रिदान जावेद राणा, कमालपुर प्रधान सुंदरलाल ,खोडसमा के प्रधान विनोद कुमार ,खेड़ा भाऊ के प्रधान नितिन कुमार ,नोनांगली के प्रधान अंजू आदि शामिल रहे।

## हिरासत के दौरान हुई मौतों की जांच हो

**शामली।** आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन डीएम कार्यालय में देकर उत्तर प्रदेश में हिरासत में मौत के मामले में प्रभावी विधिक कार्रवाई करने की मांग की। शनिवार को दिए ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ महीनो में उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में पुलिस हिरासत में कई मौतें हुई हैं। आंकड़ों के हिसाब से वर्ष 2018-19 में 12 लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हुई। 2019-20 में 3 लोगों की मौत हुई। 2020-21 में 8 लोगों की मौत हुई। 2021-22 में 8 लोगों की मौत हुई। 2022-23 में 10 लोगों की मौत हुई और 2024 में यह संख्या काफी बढ़ गई है। इसमें लखनऊ में मोहित पांडे, आजमगढ़ में सनी कुमार, बस्ती में आदर्श उपाध्याय, संभल में इरफान, लखनऊ के अमन गौतम, लखीमपुर खीरी में रामचंद्र तथा आगरा में राजू गुप्ता और केदार सिंह शामिल हैं। इनमें ज्यादातर लोग पिछड़े और कमजोर वर्गों से आते हैं, जिन्हें किसी ताकतवर व्यक्ति के कहने पर थाने पर लाया गया और उनकी मौत हुई। सबसे गंभीर बात यह है कि प्रदेश सरकार और यूपी पुलिस ने इन सभी मामलों को रफा दफा करने का पूरा प्रयास किया और इनमें लगभग किसी भी मामले में समुचित विधिक कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होने मामले में जांच कराने की मांग की। इस अवसर पर यूनुस, सोमवीर, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुर्गा अष्टमी और नवमी पर सत्संग का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बालाजी धाम में दुर्गा अष्टमी और नवमी के पावन अवसर पर भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काशी से पधारे पंद्ध रामानुज शास्त्री ने सत्संग को संबोधित करते हुए कहा कि जब समाज, राष्ट्र, धर्म और संस्कृति पर अत्याचार बढ़ता है, जब राजसत्ता असहाय हो जाती है और राक्षसी शक्तियां हावी हो जाती हैं, तब मां दुर्गा स्वयं परिस्थिति के अनुसार शस्त्र धारण कर आसुरी शक्तियों का संहार करती हैं।पंद्ध शास्त्री ने कहा कि मां दुर्गा ने न केवल राक्षसी शक्तियों का नाश किया, बल्कि नारी शक्ति के महत्व को भी समाज के समक्ष स्थापित किया। अष्टमी के अवसर पर कन्याओं की पूजा करते समय उन्होंने दो संकल्प लेने का आ]वान किया कृ पहला, गर्भ में किसी कन्या की हत्या न करें और न ही होने दें। दूसरा, नारी के प्रति सदैव सम्मान की भावना रखें और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे नारी को किसी भी प्रकार का दु:ख पहुंचे। यही सच्चे अर्थों में महागौरी की पूजा होगी।माया के प्रभाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि माया के कारण जीव अपने परम हितैषी प्रभु को भी पराया समझने लगता है। यह जानते हुए भी कि धन, पद और संपत्ति कुछ भी साथ नहीं जाएगा, फिर भी मनुष्य इनके पीछे जीवन भर भटकता रहता है। माया जीव को सदा भ्रम में रखती है, और जीव बार-बार उसके जाल में फंस जाता है।

उन्होंने कहा कि सत्संग के आश्रय से ही अंत:चक्षु खुलते हैं और तभी माया का पर्दा हटता है। माया का अधिक चिंतन ही दु:ख का कारण है। यदि जीव माया के स्थान पर मायापति का आश्रय ले और लक्ष्मी के बजाय लक्ष्मीनारायण का दास बन जाए, तो उसका यह लोक और परलोक दोनों सुधर सकते हैं। पं. शास्त्री ने सत्संग के श्रवण और उसके आचरण में लाने को मन की शांति और मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन बताया। इस अवसर पर कविता रानी, अनीता गोयल, सरला देवी, अनीता देवी, सुनीता रानी, कमलेश रानी, रिया तायल, श्रुति अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## एक नजर

### प्रवेश परीक्षा होगी ऑनलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उपक्रीड़ा अधिकारी अश्वनी कुमार त्यागी ने बताया कि उप्र स्पोर्ट्स कालेजज सोसाइटी, लखनऊ के अधीन संचालित गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज गोरखपुर एवं मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई स्पोर्ट्स कालेजों में रिक्त कुल 275 सम्भावित सीटों को भरे जाने के लिए सत्र 2025-26 में कक्षा-6, 7, 8 एवं 9 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रकिया ऑनलाइन सम्पादित की जाएगी। आवेदन करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी कालेज वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए लिंक अथवा वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप को भरकर एवं आवेदन शुल्क रूपया-200 जमा कर आवेदन कर सकते है। आवेदन फार्म में यूडाइस पोर्टल द्वारा निर्गत अभ्यर्थी का पेन नम्बर द्धपरमानेन्ट एजुकेशन नम्बरऋ अनिवार्य रूप से भरा जाएगा।

### यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप एवं कर्म सम्मान का आयोजन आज से

**शामली।** यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक चौंपियनशिप एवं कर्म सम्मान समारोह का भव्य आयोजन आज से होगा। 6 एवं 7 अप्रैल 2025 को होली चाइल्ड स्पोर्ट्स एकेडमी में 3वी जूनियर एवं सब-जूनियर उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलेटिक चौंपियनशिप का आयोजन कर्मण्य सर्वहित संस्था द्वारा किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महासचिव कृष्ण मित्तल ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में लगभग 1000 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे, जिनमें 300 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी, उनके अभिभावक, प्रदेशभर से सामाजिक कार्यकर्ता, एवं उल्लेखनीय विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, मेजर जनरल दीप अहलावत, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एमएलसी मोहित बेनीवाल, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, एमएलसी विरेन्द्र सिंह, विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, भाजपा नेता मनीष चौहान, अमित अग्रवाल, चेयरमैन अरविन्द संगल, कविन्द्र चौधरी, बृजेश सिंह पहुंचकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करेगे।

### महिला सफाईकर्मी के साथ मारपीट व जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना में तैनात महिला सफाईकर्मी ने सफाई कार्य के दौरान पति-पत्नी समेत आधा दर्जन लोगों पर गाली-गलौच, मारपीट व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी संतोष देवी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि शनिवार प्रात: वह कस्बे के मोहल्ला छड़ियान में वार्ड-10 में स्थित अपने सफाई क्षेत्र मदीना मस्जिद के पास सफाई कार्य कर रही थी। इसी दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले पति-पत्नी समेत करीब छह लोगों ने उसके साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि जब उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ में मारपीट कर दी। मारपीट में उसका मंगलसूत्र भी टूट गया, जो काफी तलाश करने के बाद भी नही मिला है। पत्र में आरो. पियों पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश, पीड़ित ने की प्रशासन से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के ग्राम जिजौला निवासी गय्यूर पुत्र मंगता ने शनिवार को तहसील ऊन में आयोजित समाधान दिवस में अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। गय्यूर ने आरोप लगाया कि ग्राम चौसाना के रहने वाले कुछ दबंग लोग उसकी पैतृक भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ए लोग न केवल उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं, बल्कि उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। गय्यूर ने अधिकारियों को बताया कि वह एक साधारण किसान है जो अपनी जमीन पर मेहनत करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, लेकिन कुछ दबंग किस्म के लोग उसकी जमीन हड़पने की नीयत से आए दिन उसे परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरो. पित पहले भी कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इनमें गौकशी जैसे गंभीर अपराधों के मुकदमे भी शामिल हैं, जो संबंधित थानों में दर्ज हैं। पीड़ित ने बताया कि वह एक शांति प्रिय व्यक्ति है और सदैव कानून का पालन करता रहा है। लेकिन अब दबंगों के डर से उसका व उसके परिवार का जीना मुश्किल हो गया है। लगातार धमकियों से वह मानसिक रूप से भी परेशान हो गया है। गय्यूर ने अधिकारियों से निवेदन किया कि आरोपितों को उसकी भूमि पर कब्जा करने से रोका जाए और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए।

### मुख्य मार्ग में अवैध रूप से लगाए गए ट्रांसफार्मर को हटाने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बा ऊन के मोहल्ला ठाकुरद्वार निवासी बिट्टू पुत्र रामदिया ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एक गंभीर समस्या को लेकर अधिकारियों को प्रार्थनापत्र सौंपा। उन्होंने अपने प्रार्थनापत्र में बताया कि ऊन-बाईपास से बसी चुंधियारी की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते के बीच में 25 मार्च 2025 को बिजली विभाग की टीम द्वारा एक ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है। यह ट्रांसफार्मर सड़क के बीचोंबीच स्थित है, जिससे न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि आए दिन दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। प्रार्थी ने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग है, जिससे ग्रामीणों सहित राहगीरों, स्कूली बच्चों, एम्बुलेंस व अन्य वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। ट्रांसफार्मर के बीच में होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर लगाने का स्थान विवादित है और कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत से इसे गलत स्थान पर स्थापित किया गया है, जिससे आमजन को परेशान किया जा रहा है। प्रार्थी ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि जनहित को देखते हुए इस ट्रांसफार्मर को तत्काल हटवाया जाए।

### नीलामी की तिथि 9 अप्रैल

**शामली।** थाना बाबरी जनपद शामली-थाना हाजा पर दाखिला माल मुकदमाती एवं एमवी एक्ट के वाहनों की नीलामी कराई जानी है। जिसके परिपेक्ष में जिलाधिकारी महोदय जनपद शामली द्वारा टीम गठित की गई है। जिसमें उप जिला मजिस्ट्रेट सदर व क्षेत्राधिकारी थानाभवन, ए0आर0टी0ओ0 व थानाध्यक्ष बाबरी को टीम का सदस्य नियुक्त किया गया है। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को टीम का मुख्य सदस्य नियुक्त किया गया है।

# मां शाकुम्भरी देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा मां शाकंभरी के लगाए गए गगनभेदी जयकारों से समूची शिवालिक घाटी गुंजायमान हो रही है।



आज अष्टमी नवरात्रि के मौके पर माता शाकुंभरी के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर मां भगवती के दर्शन किए और मनोक.मना मांगी। शनिवार को अष्टमी नवरात्र पर्व के मौके पर माता शाकंभरी देवी के दर्शनों को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने पहले बाबा भुरादेव के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और बाद में श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर मां शाकंभरी देवी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और मनोकामना मांगी। माता के दर्शनों को लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए गगन भेदी जयकारों से समुची शिवालिक घाटी गुंजायमान है। तपती धूप भी श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डिगा पा रही है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद लेट लेट कर माता के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की आस्था को देखकर हर कोई कह रहा है की वास्तव में भक्ति में शक्ति है। मंदिर परिक्षेत्र में लगे भव्य मेले का भी श्रद्धालु जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। मेला चतुर्दशी पर्व तक आयोजित होगा जिसमें श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला परिसर में भारी पुलिस बल भी तैनात है। मंदिर व्यवस्थापक आतुल्य प्रताप राणा द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए मंदिर परिसर में पुख्ता इंतजाम कराए गए है। मेले में चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और श्रद्धालुओं के लिए पीने पानी के टैंकर रखवाए हुए है साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराकर बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने घायल हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

चमनलाल पुत्र कंवरपाल निवासी पडोली थाना नागल अपनी बाइकद्वारा देवबंद जा रहा था। जैसे ही वह तल्हेडी कस्बे के निकट पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसके कारण वह हाईवे पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तल्हेडी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। तत्पश्चात पुलिस ने घायल बाइक चालक को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागल पहुंचाया।

# आपसी मारपीट में छह लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव नोजली दनियालपुर में बच्चों में आपस में हुई कहासुनी को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में दो लड़की, एक महिला समेत 6 लोग घायल हो गए। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां से चार की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक शहजाद उर्फ भूरा तथा शोएब पुत्र शमीम के परिवारों के बीच पिछले काफी समय से रंजिश चली आ रही है। शनिवार दोपहर करीब डेढ बजे दोनों परिवारों के बीच बच्चों में कहासुनी हो गई इस बात को लेकर दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडों के साथ एक दूसरे से भिड गये। इस घटना में एक पक्ष से शहजाद उर्फ भूरा घायल हो गया। दूसरे पक्ष से शोएब, नाजिम , फजली तथा सिदरा 8 पुत्री रईस घायल हो गए । सिदरा के अलावा सभी घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के दौरान रास्ते से गुजर रही कुर्बान की करीब 6 वर्ष से बेटी रुबाब के सर में किसी पक्ष के द्वारा लोहे की रोड लग जाने से वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई । जिसकी जिला चिकित्सालय में गंभीर हालत बनी हुई । दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# मंदिर में घुसकर तोड़े शीशे, रोष



**नकुड़।** कस्बे के घनी आबादी के बीच स्तिथ एक मौहल्ले में असमाजिक तत्वों का द्वारा एक मन्दिर में घुसकर मां बाला सुंदरी में लगे शीशे को तोड़ दिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बश्रद्धालुओं में रोष फैल गया।

नगर में दिन ढलने के बाद मौहल्ला चौधरियान स्तिथ मां बाला जी मंदिर में मंदिर में घुसकर शीशे तोड़कर दान के रूप में नकदी चोरी कर ली गई। जब पूजा अर्चना के लिए मंदिर में निक्की कोशिश आए तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। मंदिर के अंदर मां बाला जी की मूर्ति के आगे लगा कीमती शीशा किसी असमाजिक तत्व ने तोड़ दिया। इनता ही नही वहां रखी नकदी पर भी हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही श्रद्धालु माणिक सिंघल, पुष्कर त्यागी, डा. पंकज शर्मा, राजन शर्मा, मनोज गोयल, प्पन शर्मा, हरीश गर्ग, नरेश शर्मा काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई।

पड़ोस में रहने वाले डा. पंकज शर्मा ने रोष जताते हुए बताया कि नवरात्रों में मंदिर का गेट खुला हुआ था। तथा घटना के समय मंदिर या आसपास कोई नहीं था। वहीं पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक युवक संदिग्ध युवक मंदिर के आसपास मंडराता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कैमरों के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति की छानबीन शुरू कर दी है। घटना से नगर में रोष है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई है। प्रकरण में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। पुलिस असमाजिक तत्वों को किसी भी कीमत बख्शेगी नही।

# मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, फरार की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट के गांव अब्दुल्लापुर के पास एक जंगल मे पुलिस एवं बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ मे बदमाश के गोली लगने से घायल हो गया जबकि एक बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने घायल अवस्था मे बदमाश को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है तथा फरार बदमाश की तलाश में लगी हुई है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध हथियार लूटी गई नगदी और मोबाइल, टेबलेट एक बाइक आदि सामान बरामद किया है।



मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह दयाल पुर मार्ग पर मुर्तजापुर पुलिया के पास चौकिंग कर रहे थे तो उन्हें मुर्तजापुर की तरफ से बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया तो बाइक सवार पुलिस को देखकर नहर की पटरी के रास्ते गांव अब्दुल्लापुर के जंगल की तरफ भागने लगे तो पुलिस ने बाइक सवार व्यक्तियों का पीछा किया तो बाइक पर सवार व्यक्तियों ने पुलिस पर फायर करने शुरू कर दिए तो पुलिस ने आत्म रक्षा के लिए बदमाशों पर फायर कर दिया पुलिस द्वारा फायर करने से एक बदमाश के टांग में गोली लगने से वह घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश बाइक को छोड़ जंगल की तरफ भाग गया। पुलिस ने फरार हुए बदमाश को पकड़ने के लिए आस पास जंगलों में तलाश किया मगर उसका कोई अता पता नहीं चल सका। पुलिस ने घायल अवस्था में बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और उस की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान उस के कब्जे से एक अवैध हथियार, दो जिंदा कारतूस एक मोबाईल ,एक टेबलेट लेपटॉप, एक काले रंग का बैग एक बिना नंबर की बाइक सहित बंधन बैंक के कर्मचारी से लूटी गई 14 हजार 500 रु की नगदी बरामद की है। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पकड़े गए बदमाश का नाम पता नौशाद पुत्र तहसीन निवासी गांव सिकंदरपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर बताया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार हुए बदमाश ने बंधन बैंक के कर्मचारी से गांव दबक.ोरा में लूट करना स्वीकार किया है उसका अपराधिक इतिहास के बारे मे पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर उस को न्यायालय मे भेजा जाएगा।

# मात्र एक शिकायत निस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षा मे किया गया । समाधान दिवस मे विभिन्न विभागों से संबंधित फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। इस दौरान कुल 27 शिकायतों को दर्ज की गई जिनमें से मात्र 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया जा सका। एस डी एम ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लाप.रवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उनके समक्ष फरियादियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायते रखी। कुल 27 शिकायतों को दर्ज की गई जिन में से मात्र एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। एस डी एम ने शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर उनका शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में लाप.रवाही किसी भी दशा में सहन नहीं की जाएगी।

सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर ,तहसीलदार पुष्पांकर देव, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह मुकुल कुमार सागर ऐ डी ओ पंचायत साढ़ौली कदीम प्रदीप पुंडीर के अलावा कोतवाली इंस्पेक्टर सूबे सिंह के अलावा विद्युत विभाग स्वास्थ विभाग, वन विभाग,शिक्षा विभाग आदि विभागों के कर्मचारीगण मोजूद रहे।

# एसवीएम का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव बचीटी के एसवीएम मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल परिणाम देखकर बच्चों के चेहरे खिले।

शनिवार को खेड़ा मुगल क्षेत्र के गांव बचीटी स्थित एसवीएम मॉडल पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक प्रशांत त्यागी और मुख्य अतिथि इंजीनियर अमित त्यागी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के वार्षिक परीक्षा फल में कक्षा एक के तैमूर त्यागी ने 97% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। जबकि स्कूल में स्थान प्राप्त करने वाले करीब 91 छात्रों को स्कूल प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय



मैनेजमेंट कमेटी की अध्यक्ष रितु त्यागी ने कहा कि शिक्षा वह वरदान है जिसके दम पर व्यक्ति झोपड़ी से महल तक पहुंच सकता है। लेकिन अशिक्षित व्यक्ति को राजा से रंक बनने में देरी नहीं लगती। स्कूल प्रबंधक प्रशांत त्यागी ने बताया कि वार्षिक परीक्षाफल में विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके अलावा स्कूल उप प्रबंधक निशु त्यागी और प्रधानाचार्य अंकित लांबा ने भी बच्चों को सुसंस्कारवान होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका छवि त्यागी, प्रीति चौधरी, शुभम त्यागी, अजय नौटियाल, साक्षी त्यागी ,आर्य चौधरी, मीनाक्षी त्यागी ,नीति सैनी ,इलमा त्यागी व फराह त्यागी आदि मौजूद है।

## जोरदार स्वागत

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया साधु संप्रदाय सोसायटी के चेयरमैन व डेरा संत प्रीतम दास बाबा जोड़े रसूलपुर जालंधर के संत श्री 108 निर्मल दास महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही दमड़ी यात्रा का सहारनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

देर शाम करीबन नौ बजे प्लेटफॉर्म तीन पर जैसे ही ट्रेन के पहु.चनें का अनाउंस हुआ तो अनुयाई हाथों में फूल लेकर पुष्पवर्षा के लिए दिल खोलकर स्वागत हेतु उत्सुक हो गए। संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज के ष्मन चंगा तो कठौती में गंगाष् के चमत्कारिक क्षण की याद में जालंधर से हरिद्वार तक हर वर्ष आयोजित होने वाली ऐतिहा.सिक दमड़ी यात्रा शुक्रवार की देर शाम नौ बजे जालंधर से चलकर सहारनपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो रेलवे स्टेशन परिसर जयकारों से गूंज उठा और पुष्पवर्षा से दमड़ी यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

# विद्युत लाइन के टूटकर गिरने से गोशाला में आग

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गौशाला में जर्जर अवस्था में चल रही विद्युत लाइन के टूटने से गौशाला क्षेत्र में आग लग गई जिसके कारण वहां पर एकत्रित गोबर जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग गौवशो तक नहीं पहुंची अन्यथा एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था।

तहसील देवबंद क्षेत्र के गांव सरसीना स्थित गौशाला में शुक्रवार को जर्जर अवस्था में चल रही विद्युत लाइन टूटने से आग लग गई। जिसके कारण गौशाला क्षेत्र में एकत्रित गोबर जलकर राख हो गया। गौशाला में लगी आग की सूचना वहां पर कार्यरत कर्मचारियों ने गौशाला के संचालक ग्राम प्रधान सचिन सैनी व ग्राम सचिव नैन सिंह को दी। जिसकी जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। तत्पश्चात उन्होंने घटना की जानकारी से विधुत विभाग को अवगत कराया।गौशाला क्षेत्र में घटित हादसे की सूचना मिलते ही विधुत विभाग में हड़कंप मच गया जिसके बाद तल्हेडी विधुत उपखण्ड के जेई बबलू कुमार विधुत कर्मीयों की टीम के साथ गौशाला पहुंचे और गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्राम सचिव नैन सिंह का कहना है कि गनीमत रही कि आग गौवशो तक नहीं पहुंची अन्यथा एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था। उनका कहना है कि गौशाला क्षेत्र से यह विधुत लाइनों को दूसरी जगह तब्दील करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी अनहोनी से बचा जा सके। उधर जेई बबलू कुमार का कहना है कि जल्द ही इस लाइन का एस्टीमेट बनाकर इसका नवीनीकरण कराया जाएगा।

# महर्षि कश्यप जयंती पर हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** महर्षि कश्यप बाबा कालू महाराज की जयंती क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कई गांव मे हवन पूजाकर भंडारा किया गया।

कस्बे के पी एन बी गली में आयोजित एक कार्यक्रम मे समाजस.ेवी रविन्द्र कश्यप ने कहा कि समाज के लोगों को बुराइयों तथा कुरीतियों का त्याग कर बाबा कालूराम के बताये रास्ते पर चलना चाहिए। अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए ताकि समाज में वे सिर उठाकर जी सके। हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य रूप से अंकुर कश्यप, टिल्लू कश्यप सोमेश कश्यप, प्रदीप मेहरा, डा रविन्द्र कुमार कश्यप, विनोद कश्यप भगत, नितिन कश्यप, अरुण कश्यप, वीना



कश्यप, सीमा,कश्यप, शिक्षा देवी,कुसुम कश्यप, अन्नू कश्यप, शालू, अशोक कश्यप, निखिल कश्यप आदि उपस्थित रहे

गांव कोटा में पंडित सुशील शर्मा के मंत्रोचारण के उपरांत हवन यज्ञ कर बाबा कालूराम महाराज के बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेते हुए प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सौरभ कश्यप, लोती राम कश्यप, सौरभ कश्यप, सतपाल कश्यप, धर्मवीर, सुनील, अशोक कश्यप, सोनू, पटवारी,राजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

# आदर्शों पर चलने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महर्षि कश्यप एवं राजा निषाद राज की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों एवं विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने महर्षि कश्यप एवं राजा निषाद राज की जयंती पर उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महर्षि कश्यप एवं राजा निषाद राज के संबंध में सपा जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद बताया कि महर्षि कश्यप पिंघले हुए सोने के समान तेजवान थे। महर्षि कश्यप ऋषि-मुनियों में श्रेष्ठ माने जाते थे। उन्होंने कहा कि मुनिराज कश्यप नीतिप्रिय थे और वे स्वयं भी धर्म-नीति के अनुसार चलते थे और दूसरों को भी इसी नीति का पालन करने का उपदेश देते थे। महर्षि कश्यप के जीवन को हमें आदर्श के रूप में अपनाना चाहिए।

सपा के प्रदेश सचिव और मंत्री मांगेराम कश्यप ने कहा कि राजा निषाद राज ने भगवान श्री राम की सेवा की राजा निषाद राज भगवान श्री राम के बाल सखा थे।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष डॉ नरेश कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप और राजा निषाद राज जैसे महापुरुषों को हमें अपने जीवन में प्रेरणा के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रत्येक ऋषि मुनि और महापुरुषों का सम्मान करती है उसी कड़ी में यह आज आयोजन किया गया है।

# रामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ



**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ।

श्री बाजार वाला शिव मंदिर में श्री रामचरितमानस के 24 घंटे के अखंड पाठ के शुभारंभ से पूर्व पंडित सोमदत्त शर्मा द्वारा मन्त्रों उच्चारण करते हुए विधि विधान से सामूहिक रूप से पूजन कराया गया। इस दौरान सत्संग मंडल द्वारा बताया गया कि श्री राम चरितमानस का पाठ 24 घंटे निरंतर चलेगा। रात के समय भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। उसके उपरांत 12:00 बजे भगवान को भोग लगाया जाएगा। इस मौके पर सत्संग मंडल के श्याम कुमार सैनी, धर्मपाल गुप्ता, डॉ हुकुमचंद सैनी, शिवनंदन शर्मा, गौरव गुप्ता, आशू सैनी, निशांक जैन, नीलकमल गुप्ता, मास्टर दिनेश कुमार, सन्टी गुप्ता, नलनीश कुमार, शिवकुमार सैनी, दीपक सैनी, विवेक सैनी, पंकज सैनी, दीपक कश्यप उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र उस्मान व पुत्रवधू नगमा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**गुलशन पत्नि स्व. अहसान निवासी अजीज कालोनी पास आयशा मस्जिद, चिलकाना रोड, थाना देहात कोतवाली, सहारनपुर।**

## गाली गलौज व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एक महिला ने थाना पर तहरीर देकर उसके घर में घुसकर पांच छह व्यक्तियों द्वारा पीड़िता, उसके पति व भाभी के साथ गली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला हामिद हसन निवासी एक महिला ने थाना पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार को दोपहर के समय जब वह घर में अकेली थी तभी मोहल्ला हामिद हसन निवासी व फिरोजाबाद निवासी छः युवकों ने उसके घर पर आकर गाली गलौज देते हुए कहा कि तेरा पति कहां है। हम आज उसे जान से मार देंगें। पीडिता ने यदि उन्हें गाली देने से मना किया तो उन्होंने पीड़िता व पीड़िता की भाभी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर पति के आने पर उन आरोपियों द्वारा उसके पति के साथ भी मारपीट की गई।

# भव्य जलकलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के 6 दिवसीय वार्षिक रथ यात्रा महामहोत्सव के चौथे दिन भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई।जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक कर शांतिधारा की गई।नित्य नियम पूजा और तीस चौबीसी महामंडल विधान का आयोजन किया गया। इस विधान में भूत भविष्य ओर वर्तमान की तीस चौबीसी की आराधना की गई। दोपहर के समय जैन बाग से जल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा जैन बाग से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए जैन इंटर कॉलेज पहुंची। जहाँ पर बनी स्थाई पाण्डुक शीला पर भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया गया।

इस अवसर पर फिरोजपुर पंजाब से आए डॉ संजय भैया ने प्रवचन देते हुए कहा कि हमें किसी से राग द्वेष नहीं करना चाहिए सभी के प्रति विनय का भाव रखना चाहिए। उन्होने कहा कि पाप से डरो पापी से नहीं। शाम के समय श्री निर्ग्रन्थ जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एक संत अरिहंत सा प्रस्तुत किया गया।जिसने सबका मन मोह लिया। इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन महामंत्री निपुण जैन, अभिषेक जैन, शशांक जैन, अनुराग जैन, राजेन्द्र जैन,शुभम जैन, विजय जैन, भूपेंद्र जैन, बॉबी जैन, प्रशांत जैन, आकाश जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# श्री दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं का पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी पर आज श्रद्धापूर्वक मां गौरी की पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन किया और श्रद्धालुओं ने अपना व्रत भी खोलकर सुख समृद्धि की कामना।

चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी पूजन के लिए सुबह से ही सभी घरों में विशेष तैयारी की गई थी और श्रद्धालुओं ने पूजन को लेकर अपने घरों में विशेष आयोजन किया था। आज दुर्गा अष्टमी पर सभी घरों में मां के प्रसाद स्वरूप हलवा-पुरी और काले चने बनाए गए थे। इसके अलावा छोटी-छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में माता दुर्गा महागौरी की पूजा अर्चना और आरती उतारी और मां को भोग अर्पण करने के पश्चात कन्या पूजन किया। इस दौरान कन्या की पूजा-अर्चना करने के बाद उन्हें भोजन कराकर उपहार एवं नगदी आदि भेंट की। आज छोटी-छोटी कन्याओं को तलाशने के लिए लोगों को भारी मशक्कत भी करनी पड़ी। लोग सुबह से ही कन्याओं के घरों पर जाकर दरवाजे खटखटाते नजर आए और हर कोई छोटी-छोटी कन्याओं को अपने घर ले जाने को उत्सुक नजर आया। छोटी कन्याएं भी आज कन्या पूजन को लेकर अत्यधिक उत्साहित दिखाई दे रही थी।

महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाक.ाली मंदिर में अष्टमी पर कन्या पूजन अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि नवदुर्गा कन्या रूप सम मां भगवती रूप ही हैं। श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित नवदुर्गा पूजा में अष्टमी अवसर पर सचंडी महायज्ञ का विश्राम हुआ महायज्ञ में पूर्णाहुति अर्पण कर महा भोग लगाया गया और कन्या पूजन किया गया भगवती की महा आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। स्वामी कालेन्द्रानंद महाराज ने कन्या पूजन करने से पहले गंगाजल से सभी कन्याओं के चरण धोकर तिलक लगाकर आरती उतारी और चरणों में प्रणाम किया। मां भगवती की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां भगवती नवदुर्गा अष्टमी महागौरी है जो साक्षात भगवती आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा ही हैं। उनका स्वरूप कन्या को माना गया है। श्रम कन्या ही मां भगवती रूप में आती है। इसी कारण नवरात्रि पूर्ण कर कन्या पूजन किया जाता है। कन्या पूजन के बिना नवरात्रि भगवती की पूजा अधूरी मानी जाती है। मां आदि शक्ति जगत जननी की मूल लीलाएं कन्या के रूप में है। जैसे मां वैष्णो देवी ने राजा रत्नाकर की पुत्री के रूप में प्रकट होकर दानव दुर्जोय और भैरव का वध किया मां भगवती आदिशक्ति कन्या के रूप में गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस के हाथ से भोग प्रसाद स्वीकार करती थी अर्थात मां आदिशक्ति कन्या के रूप में सृष्टि में विराजमान है। इसलिए कन्याओं का संरक्षण होना चाहिए। उनकी भ्रूण हत्या नहीं होनी चाहिए। कन्या स्वयं भगवती का रूप है। इस अवसर पर पंडित ऋषभ शर्मा, पंडित योगेश तिवारी, रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, अश्विनी काम्बोज, रजत रोहिल्ला, अनिल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# जनपद की तीनों तहसीलों में लगाया गया संपूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ। तहसील शामली में एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 39 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 3 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया और शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील ऊन में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सीडीओ के समक्ष 33 शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों में 2 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन,निधि भारद्वाज सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।







### तहसील मुख्यालय पर एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**कैराना।** तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मामलों से सम्बंधित 22 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र तीन का ही मौके पर निस्तारण हो पाया।

शनिवार को अप्रैल माह का प्रथम सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 22 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र तीन का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष शिकायती प्रार्थना-पत्रों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। वहीं, एसडीएम ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### फर्जी हस्ताक्षर कर शिकायत करने का लगाया आरोप

कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा वार्ड संख्या-16 निवासी जावेद ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रंजिशन उसके तथा मोहल्ले के लोगो के फर्जी हस्ताक्षर करके विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मुजफ्फरनगर को शिकायती-पत्र दिया है, जिसमें कैराना बिजलीघर पर तैनात तकनीशियन ग्रेड-2 क"यूम राणा व लाइनमैन जावेद पर अवैध वसूली के आरोप लगाए गए है। जबकि उसका तथा मोहल्ले के लोगो ने इस प्रकार की कोई शिकायत नही की है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर फर्जी हस्ताक्षर करके शिकायत करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्रार्थना-पत्र की एक प्रति विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मुजफ्फरनगर को भी भेजी गई है।

### तालाब की सफाई व सीसी निर्माण कार्य पूरा कराए जाने की मांग

किसान यूनियन के प्रदेश सचिव एवं कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी शोएब खान ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया कि मोहल्ले में स्थित उस्मानिया मस्जिद के पास से शामली पानीपत रोड तक रास्ता पूरी तरह खस्ताहाल है। उक्त रास्ते पर करीब 290 मीटर सीसी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बाकी हिस्से का निर्माण कार्य अधूरा है। निर्माण कार्य रुका होने के कारण आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं, किसान नेता ने मोहल्ले में स्थित नवाब तालाब में अत्यधिक घास व कीचड़ भरा होने की बात कही है। उन्होंने अधूरे पड़े सीसी निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने तथा तालाब की सफाई कराकर लोगो को जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

### प्रधानपति पर रासुका के तहत कार्यवाही किए जाने की मांग

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री एवं खादर क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द निवासी मुंशाद चौहान ने शनिवार को तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती-पत्र दिया है। पत्र में आरोप है कि गांव का प्रधानपति विभिन्न आपराधिक कृत्यों में लिप्त है। उक्त प्रधानपति के विरुद्ध पूर्व में हिस्ट्रीशीटर, गुंडा एक्ट तथा गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की जा चुकी है, परन्तु वह वर्तमान समय में भी अपने कुकृत्यों से बाज नही आ रहा है। उक्त प्रधानपति के गैर-कानूनी कार्यों से पुलिस प्रशासन व सरकार की छवि धूमिल हो रही है। आरोप है कि उक्त प्रधानपति ने गैंगस्टर के तहत कुर्क की गई कृषि भूमि को भी जालसाजी करके विक्रय कर दिया था। पत्र में आरोपी प्रधानपति के विरुद्ध रासुका एवं जिला बदर की कार्यवाही की जाने की मांग की गई है।

### गलियों में जलभराव की शिकायत

**चौसाना।** क्षेत्र के नया गांव मजरा शामली-शामला की गलियों में जलभराव और गंदगी की समस्या ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। गलियों में फैले गंदे पानी और बदबू से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस समस्या को लेकर गांव निवासी देवी सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील ऊन में प्रार्थनापत्र देकर समाधान की मांग की है। देवी सिंह ने बताया कि गांव की गलियों में लगभग दो फुट तक गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश या सामान्य पानी भी गलियों में भर जाता है, जिससे रास्तों पर चलना भी दूभर हो गया है। गांव की महिलाएं और बच्चे लगातार बीमार हो रहे हैं। देवी सिंह ने यह भी बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार गांव प्रधान और सम्बंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि गांव को गंदगी और बीमारी के खतरे से बचाया जा सके। इस दौरान धर्मेंद्र, बाबूराम, सप्पटर सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## गंदगी और जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने उठाई सफाई अभियान चलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र ग्राम बसी चुनधयारी के ग्रामीणों ने गांव में फैली गंदगी और जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन से समाधान की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एक प्रार्थनापत्र सौंपते हुए अधिकारियों को अवगत कराया कि गांव की गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वहीं, नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। न तो सफाई कर्मी नियमित रूप से गांव में आते हैं और न ही पंचायत की ओर से कोई ध्यान दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप गलियों में कूड़े-कचरे का अंबार लग गया है और जल निकासी न होने के कारण नालियों का पानी सड़कों पर फैल रहा है। इससे जहां राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है, वहीं मच्छर और बदबू के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

गांव के लोगों मुकरम, सनाउल्ला, सालिम, फिरोज, जिशान, खुर्रम खान ने यह भी कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है और अगर समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। जलभराव के कारण डेंगू, मलेरिया, हैजा जैसी बीमारियां फैलने की पूरी आशंका है, जिससे पूरे गांव की सेहत पर खतरा मंडराने लगेगा।

प्रार्थना पत्र देने वाले ग्रामीणों में बुजुर्ग, और बच्चे भी शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से अपील की कि गांव में तत्काल सफाई अभियान चलाया जाए और नालियों की उचित सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही गांव में नियमित रूप से सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो।

## 15 गोवंशों से भरा ट्रक पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बिडौली चौकी पुलिस ने चैकिंग के दौरान ट्रक के अंदर क्रूरता पूर्वक भरे हुए 15 गाय व एक बछिया को बरामद करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत करते हुए चालानी करवाई की है। शनिवार की मेरठ करनाल हाईवे स्थित बिडौली चौकी पर तैनात पुलिस ने चैकिंग के दौरान शामली दिशा से आ रहे ट्रक को रुकवा कर उसमें से 15 गाय व एक बछिया को बरामद करते हुए चार अभियुक्तों में देवेन्द्र पुत्र कश्मीर निवासी मौहल्ला खालसा कालोनी थाना फतेहगढ साहिब पंजाब, सोनू चौहान पुत्र सरजीत, निशान पुत्र हरदेव, गुरुदीप पुत्र ज्ञान निवासीगण अली माजरा थाना सम्भू जनपद पटियाला पंजाब को ट्रक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी एवं कटान की रोकथाम हेतु अभियान के चौकिंग अभियान चलाया हुआ है। गिरफ्तारी तथा बरामदगी के संबंध में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए चालानी कार्यवाही की है।





शामली। चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर कार्यक्रम का दृश्य।

## चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर्व धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा अर्चना कर हलवा पुरी, नारियल, चुनरी व श्रृंगार का सामान अर्पित कर परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। देवी मंदिर अटठे वाला में श्रद्धालुओं की भारी भीड लगी। लंबी लंबी लाईनों में लगकर श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों ने माता रानी के दरबार में मत्था टेका और मनोक. ामनाएं मांगी। कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात की श्रद्धालुओं ने व्रत खोला।

शनिवार को दुर्गा अष्टमी जिसे महा अष्टमी भी कहते हैं मनाई गई। कुछ श्रद्धालुओं ने सभी दिन व्रत रखे तो किसी ने पहला और आखिरी व्रत रखा। शनिवार को दुर्गाष्टमी पर सबसे अधिक भीड़ सिद्धपीठ देवी मंदिर मां आठे वाला में रही। यहां सुबह चार बजे ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मां के दर्शन व पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों की लंबी लंबी लाईने लगी हुई थी। मंदिर परिसर से शुरू हुई श्रद्धालुओं की लाईन मंदिर ठाकुर द्वारा तक पहुंच गई थी। श्रद्धालुओं ने लाईनों में लगकर माता रानी के दर्शन किए और हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी तथा श्रृंगार के सामान चढ़ाकर मन्नतें मांगी। इसके अलावा मंदिर हनुमान धाम, बड़ी माता मंदिर, वैष्णोदेवी मंदिर, चौदस वाला देवी मंदिर समेत तमाम मंदिरों में भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। जिसके बाद व्रत खोला गया। मंदिरों के साथ मोहल्लों में भी महिला कीर्तन मंडली ने भजनों से मां का गुणगान किया। अटठे वाला देवी मंदिर में मंदिर के पुजारी शिवम पांडे ने देर शाम महाआरती कराई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढचढकर भाग लिया।

## वक्फ बिल के नाम पर मुसलमानों को भड़काया जा रहा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद डा। दिनेश शर्मा ने कहा कि वक्त बिल मुसलमानों के सशक्तिकरण के लिए लाया गया है, लेकिन विपक्ष वक्फ बिल मुस्लिमों के विरोध में होने का प्रचार का मुसलमानों को बहकाने का काम कर रहा है। इससे मुस्लिम वर्ग विधवा या तलाकशुदा महिलाओं और गरीब वंचित तबके के लोगों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से 'वन नेशन-वन इलेक्शन बिल' लाने पर बल दिया।

पूर्व डिटी सीएम डा। दिनेश शर्मा शनिवार को भाजपा लघु उद्योग प्रकोष के क्षेत्रीय महामंत्री अंकित गोयल के कमला कालोनी स्थित आवास पर पहुंचे, जहां उनका उद्यमियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात. चीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बिल भारत के इतिहास में गरीब तबके, पिछड़ा मुस्लिम, तलाकशुदा महिलाएं, वृद्धा या विधवा महिलाएं, वंचित मुस्लिम चाहे बोहरा समाज, आगा खानी, अहमदिया, शिया हो या सुन्नी हों, सभी के समाज उत्थान की मूल भावना जो वक्फ की होती है, हॉस्पिटल, धर्मशाला या सराय बने, उनकी मस्जिद, इमाबाड़ा, दरगाह भी बने तो कोई ऐतराज नहीं। भारत में पूरी दुनिया का सबसे बड़ा वक्फ है, लेकिन इसकी आमदनी केवल 163 करोड़ रूपए और उसमें से समाज की भलाई के लिए न तो वजीफा दिया, न ही विधवा, तलाकशुदा महिलाओं को किसी प्रकार की और सुविधाएं दी गई। उन्होंने वर्तमान राज्यपाल और राजीव गांधी सरकार में पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरिफ मौहम्मद खान के शाहबानो केस में असहमति जताते हुए इस्तीफा दिए जाने की घटना की भी चर्चा की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच के कारण ही अल्पसंख्यक (मुस्लिम) को उसकी संपत्ति का उपयोग करने का अधिकार मिल पाया और न ही उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक उत्थान का कोई प्रयत्न किसी भी सरकार ने किया है। पीएम मोदी ने इनका तुष्टिकरण नहीं किया है, लेकिन इनके सशक्तिकरण, संतुष्टिकरण के लिए इस प्रकार का अध्यादेश आया है। उन्होंने दावा किया कि वक्फ बिल उसी तरह प्रबल साबित होगा, धारा 370 और 35 ए, सीआईआई और सीएए के बारे में विपक्षी दलों ने भ्रांति फैलाई थी, इनकी भ्रांतियां नेस्तनाबूद हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि वक्फ बिल का सबसे ज्यादा स्वागत अगर कहीं हुआ है तो मुस्लिम वर्ग की महिलाओं, विधवा या तलाकशुदा महिलाओं और गरीब वंचित तबके के मुस्लिमों द्वारा किया गया है। यह किसी भी मुस्लिम के विरोध में नहीं बल्कि उनके सशक्तिकरण का बिल है।

उन्होंने केन्द्र सरकार से आशा जताई कि जल्द ही "वन नेशन-वन इलेक्शन" का बिल लाए, जिससे देश का अपव्यय बच सके। इस अवसर पर एमएलसी मोहित बेनीवाल, वीरेन्द्र सिंह, चंद शर्मा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, हरबीर मलिक, पवन तरार, पुनीत द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल, मनीष चौहान, उद्यमी अशोक बंसल, अनुज गर्ग, आलोक जैन, आशीष अग्रवाल, संजीव कुमार, अनिल भार्गव, राहुल गोयल, अनुराग जैन, अनुराग शर्मा, मुकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## झाड़खेड़ी पहुंचने पर पानीपत मेयर कोमल सैनी का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पानीपत मेयर कोमल सैनी का पैतृक गांव झाड़खेड़ी पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प-मालाएं पहनाकर भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रदान किए गए स्नेह पर भाजपा महापौर गदगद नजर आई।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की पानीपत मेयर कोमल सैनी अपने पैतृक गांव झाड़खेड़ी में पहुंची। जहां पर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में समारोह आयोजित करके उनका भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने पुष्प मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणवीर सैनी व संचालन सुरेन्द्र सैनी ने किया। इससे पूर्व, ग्रामीणों ने कस्बे के पानीपत बाईपास पर पहुंचने पर नवनिर्वाचित महापौर कोमल सैनी का डीजे व ढोल आदि बजाकर अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक आर्य, पानीपत के वार्ड-11 से महिला पार्षद अंजना गुर्जर, मेयर कोमल सैनी के ससुर रामकुमार सैनी व पति दिनेश सैनी, निजी सहायक सागर स्वामी, संदीप प्रधान, प्रताप जगनपुर, डॉ। रफल चौहान, गुरदास प्रधान, सुभाष प्रधान, अंकुर प्रधान, निर्देश सैनी समेत सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी जारी रहा जूनियर इंजीनियर संगठन का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अवर अभियंता संजय राणा को 100 केवीए ट्रांसफार्मर डैमेज होने के बाद जनहित वर्कशाप से बदलवाने के बाद तानाशाही पूर्ण तरीके से निलंबित करने के विरोध मे शनिवार को दूसरे दिन भी जूनियर इंजीनियर संगठन का अनिश्चित कालीन विरोध प्रदर्शन जारी रहा।



शनिवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अवर अभियंता संजय राणा को 100 केवीए वितरण ट्रांसफार्मर के डैमेज होने के बाद वर्कशॉप से बदल देने के कारण अनैतिक निलंबन से जूनियर इंजी. नियर संगठन जनपद शामली के समस्त अवर अभियंता और प्रोन्नत अभियंताओ निराश व आक्रोषित है। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मुवीन धरने को संबोधित करते हुए बताया कि फरवरी महीने मे अनुरक्षण माह के दौरान अधिशाषी अभियंता खंड शामली व अधीक्षण अभियंता शामली के द्वारा ट्रांसफार्मरो के अनुरक्षण संबंधित कोई भी मैटेरियल, संसाधन, ट्रांसफार्मर तेल, व साइट अनुरक्षण टीम की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई। अनुरक्षण माह मे मात्र ट्रांसफार्मर के आस पास की घास सफाई करके खाना पूर्ति की गई और शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन के आदेशों को दरकिनार किया गया। क्षेत्रीय सचिव विजय शंकर कुशवाहा ने बताया कि जनपद मे अभियान चलाकर नए संयोजन निर्गत किए गए और अधिकतम भार वाले उपभोक्ताओं की भार वृद्धि की गई।

इसके बाद भी बिजलीघर घर के पावर ट्रांसफार्मर व वितरण ट्रांसफार्मर की स्वीकृत भार के अनुरूप क्षमता वृद्धि नहीं की गई। कहा कि अपनी नाकामी का ठीकरा अवर अभियंता के सिर फोड़ा जा रहा है। जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। इस अवसर पर धीरज कुमार, शैलेश यादव, बलवंत सिंह, राहुल कुमार, अशोक कुमार, रवि कुमार, नीतीश कुमार, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## घोषणा पत्र में किसानों को बिजली फ्री, तो मीटर क्यों लगाए गए: राकेश टिकैत

### गांव मोहम्मदपुर राई में किसान पंचायत का हुआ आयोज



**कैराना।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की फसलों के दाम बढ़ नहीं रहे। किसानों के ट्रैक्टर पर टॉल नहीं लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हक के लिए भाकियू की ओर से छोटी छोटी पंचायत कर किसानों को जागरूक किया जाएगा और किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी।

शनिवार को क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राई में भारतीय किसान यूनियन की ओर से किसान महापंचायत का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता हाजी नासीमा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचे, जिनका कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राकेश टिकैत ने कहा कि महंगाई बहुत है, किसानों की हालत मजदूर से भी बदतर हो चली है। किसानों की खेती का कार्य करने के लिए मजदूर नही मिल रहे। कारण किसान उनकी मनमर्जी मजदूरी देने में असमर्थ हैं। किसानों की फसलों के दाम कम हैं महंगाई और बढ़ गई हैं। किसान बर्बाद हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि किसानों पर कर्जा बढ़ रहा हैं। गत 2020 से पूर्व किसानों पर कर्जा होने के कारण उनका खाता एनपीए हो जाता था। उस समय ब्याज में छूट होने के बाद मूल में भी राहत होती थी। लेकिन अब हालात बदले हैं। कर्जा कम करो यह बीमारी है। अपनी जमीनों को बचाओ खर्चे कमी करो। नशे से दूर होकर बच्चों को पढ़ाने व बाजार की महंगी वस्तुओं से बच कर घरेलू सामग्री का सेवन करो। वक्फ संशोधन विधेयक पर उन्होंने कहा हमने यह मुद्दे ब्लैक लिस्ट में डाल दिए हैं। सरकार के लोग रात तक बिल में संशोधन कर रहे हैं। सरकार की पॉलिसी को समझने की जरूरत है।

इसलिए सभी किसानों को एकजुट होकर हक की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि भाकियू ने सदैव किसानों के हक की लड़ाई लड़ी है, हमेशा आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान इस समय त्रस्त हैं। महंगाई बढ़ रही है।उन्होंने आगे कहा कि अभी तो वक्फ बिल लाया गया है। आगे देखना क्या होता है, मंदिरों व श्मशानों की भूमि भी कब्जाई जाएगी। हमे एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने किसानों की समस्याएं भी जानीं और कहा कि भाकियू किसानों की तमाम समस्याओं के समाधान कराने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वह नए कृषि कानून और किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही आगे की रणनीति बनाएंगे। महाप. ंचायत के दौरान अब्बास को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार,युवा मंडल महासचिव राजेश प्रधान, जिलाअध्यक्ष शांता प्रधान,युवा जिला अध्यक्ष मोहित शर्मा,मंडल सचिव पुष्कर सैनी, कपिल खाटियान, नगर अध्यक्ष इनाम चौधरी उर्फ कालू,ब्लाक अध्यक्ष मेहरदीन, इंतजार प्रधान जहानपुरा, जिला मीडिया प्रभारी नवाब अली। सहित हजारों किसान मौजूद रहे।

## वेतन में वृद्धि कर चौकीदार को मिले राज्य कर्मचारी का दर्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम प्रहरी चौकीदार संघ के पदाधिकारियो ने डीएम कार्यालय में ज्ञाप देकर ग्राम प्रहरी चौकीदारों को वेतन में वृद्धि कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने की मांग की।

शनिवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के लगभग 70 हजार ग्राम प्रहरी चौकीदार 2500 रूपये अल्प वेतन में 30 दिन निरंतर ग्राम की निगरानी रखवाली करते है। अपराधिक गति. विधि की सूचना थाना पर देते हैं। कहा कि मंहगाई की मार को झेलते हुए कई वर्षों से अपनी मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाते रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले चौकीदार संघ के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को भाजपा कार्यालय लखनऊ में बुलाकर यह वादा किया था कि चौकीदारों को वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा।



18500 रूपये माह दिलाया जाएगा। लेकिन उनकी मांग को अभी तक पूरी नही किया गया। उन्होने ग्राम प्रहरी चोकीदारों के वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अय्यूब अली मौजूद रहे।



● हितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस 2024 ओलंपियन फ्रांस के माकन को 5-0 से हराया

# हितेश मुक्केबाजी विश्व कप के फाइनल में

**फोज डू इगुआकु (ब्राजील), वार्ता।** भारतीय मुक्केबाज हितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस 2024 ओलंपियन फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5-0 से हराया और गुरुवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

शानदार सामरिक अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन इस साल के विश्व मुक्केबाजी कप सीरीज के पहले संस्करण के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। हितेश अब स्वर्ण पदक के लिए इंग्लैंड के ओडेल कामारा से भिड़ेंगे। भारतीय मुक्केबाज ने सावधानी से शुरुआत की और जवाबी हमले की रणनीति अपनाई, जिससे उन्हें सेमीफाइनल मुकाबले में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिली। अंतिम दौर में पेनल्टी के बावजूद जजों ने सर्वसम्मति से हितेश को 5-0 से जीत दिलाई। अन्य भारतीय मुक्केबाजों में बहादुरी से मुकाबला करने के बावजूद जदुमणि सिंह मंडेंगबाम 50 किग्रा के सेमीफाइनल में पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलोव से 2-3 से हार गए। 90 किग्रा और 60 किग्रा वर्ग में विशाल और सचिन क्रमशः उज्बेकिस्तान के तुराबेक खाबीबुल्लाव और पोलैंड के पावेल ब्राच से हार गए। कई ओलंपियन सहित 19 देशों के 130 से अधिक मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में भाग ले रहे हैं।भारत केवल 10 पुरुष भार वर्गों में एक टीम उतार रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के अगले दो चरण कजाकिस्तान (जून-जुलाई) और भारत (नवंबर) में आयोजित किए

# पंत पर लगा जुर्माना

● धीमे ओवर गति के लिए 12 लाख का लगा जुर्माना



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर शुक्रवार रात यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 16वें मैच में उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत उनकी टीम पर धीमे ओवर गति के लिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस बीच एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर शुक्रवार को एकाना स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2-5 के तहत उनका दूसरा लेवल 1 अपराध था, और इसलिए, उन्होंने दो डिमेरिट अंक अर्जित किए हैं, इसके अलावा एक डिमेरिट अंक उन्होंने एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के मैच के दौरान अर्जित किया था। आचार सं. हता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

# बैटिंग ट्रैक पर हार के सिलसिले को रोकने के इरादे से उतरेगी हैदराबाद




■ हैदराबाद घरेलू परिस्थितियों के समर्थन का फायदा उठाने की कोशिश करेगी

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले जाने वाले अहम मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) अपनी हार के सिल. सिले को रोकने के लिए रविवार को गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड पर भरोसा करेगी।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने यहां अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है मगर मौजूदा सत्र में लगातार तीन हार के बाद टीम वापसी करने के लिए घरेलू परिस्थितियों और प्रशंसकों के समर्थन का फायदा उठाने की को. शिश करेगी। शीर्ष क्रम की विफलता और निराशाजनक गेंदबा. जी से एसआरएच बेचैन है और उसके लिए घरेलू मैदान में प्रतिकूल परिस्थितियों को बेहतर का बेहतरीन मौका है। इसके विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर आठ विकेट की जीत हासिल कर चुकी गुजरात का इरादा जीत की हैट्रिक को पूरा करने का होगा।

शुभमन गिल की अगुआई में जीटी अपनी बढ़त को जारी रखना चाहेगी, हालांकि उन्हें लीग में सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी ट्रैक पर एसआरएच की बल्लेबाजी लाइन. अप का मुकाबला करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एसआरएच का बल्लेबाजी क्रम दमदार है, लेकिन इस सीजन में इसमें निरंतरता की कमी रही है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं, जबकि ईशान किशन का स्ट्राइक रेट औसत से कम रहा है। हेनरिक क्लासेन लाइनअप में कुछ सकारात्मक खिलाड़ियों में से एक हैं, नीतीश कुमार रेड्डी और कामिंडू मेंडिस के साथ मध्य ओवरों में अहम भूमिका निभाएंगे। पैट कमिंस और अनिकेत वर्मा निचले मध्य क्रम में गहराई जोड़ते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, एसआरएच ने संघर्ष किया है। मोहम्मद शमी और कमिंस ने शुरुआती सफलता नहीं दिलाई है, जबकि जीशान अंसारी और मेंडिस की अगुआई में स्पिन आक्रमण में कमी आई है। हर्षल पटेल और सिम. रजीत सिंह को आगे आकर खेलना होगा, खासकर ऐसी पिच पर जो तेज गेंदबाजों के लिए बहुत कम मददगार हो। दूसरी ओर, जीटी का शीर्ष क्रम अच्छी स्थिति में है। पिछले मैच में जोस बटलर के आक्रामक 73 रन और साई सुदर्शन की निरंतरता ने शीर्ष पर मजबूती प्रदान की है। गिल शेरफेन रदरफोर्ड और शाहरुख खान की मौजूदगी वाला मध्य क्रम तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। गें. दबाजी जीटी की कमजोरी बनी हुई है। कगिसो रबाडा के बाहर होने के बाद मोहम्मद सिराज और अरशद खान को नई गेंद की जिम्मेदारी संभालनी होगी, जबकि राशिद खान का खराब फॉर्म चिंता का विषय है। साई किशोर और प्रसिद्ध कृष्णा को बीच के ओवरों में रन गति को नियंत्रित करने का काम सौंपा जाएगा। राजीव गांधी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए स्वर्ग होने की उम्मीद है। पिछले दो सत्रों में पहली पारी में औसतन 200 से अधिक का स्कोर रहा है, इसलिए रनों की बरसात होने की संभावना है। स्पिनरों को दूसरे हाफ में कुछ मदद मिल सकती है। मौसम का पूर्वानुमान साफ है, बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। ओस के कारण कोई समस्या नहीं होने के कारण, दोनों कप्तान पहले बल्लेबाजी करके चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने का प्रयास करेंगे। इस मैदान पर रोशनी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल साबित हुआ है, खासकर जब पारी के अंत में स्पिन की भूमिका आती है। गुजरात ने एसआरएच के खिलाफ अपने तीन मैचों में दो में जीत हासिल की है, जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। हालांकि, इस मैदान का इतिहास घरेलू टीम के पक्ष में है। गुजरात टाइटन्स इस मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल सतह और घरेलू मैदान पर मजबूत रिकॉर्ड के साथ, सनराइजर्स हैदराबाद पसंदीदा के रूप में शुरुआत करेगी।

**सनराइजर्स हैदराबाद (संभावित एकादश):** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेट कीपर), कामिंडू मेंडिस, अनिकेत वर्मा, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, सिम. रजीत सिंह, जीशान अंसारी, ट्रैविस हेड (इम्पैक्ट प्लेयर)।

**गुजरात टाइटन्स (संभावित एकादश) :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेट कीपर), शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, आर साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड (इम्पैक्ट प्लेयर)।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आरआर ने पीबीके को 206 रन का लक्ष्य दिया

**पंजाब ने 4 विकेट गंवाए कुमार कार्तिकेय ने प्रभसिमरन सिंह को पवेलियन भेजा**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स (आरआर) ने आईपीएल-2025 के 18वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीके) को 206 रन का टारगेट दिया है। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 205 रन बनाए। यह इस स्टेडियम में सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर है। पंजाब ने 6.2 ओवर के बाद 4 विकेट खोकर 43 रन बना लिए हैं। टीम से नेहल वधेरा पिच पर हैं। कुमार कार्तिकेय ने प्रभसिमरन सिंह (17 रन) को जोफ्रा आर्चर के हाथों कैच कराया। संदीप शर्मा ने मार्कस स्टोयनिस (1 रन) को पवेलियन भेजा। जोफ्रा आर्चर ने प्रियांश आर्या और श्रेयस अयय्र को बोल्ड किया। अयय्र ने 10 रन बनाए, प्रियांश खाता भी नहीं खोल सके। 5वें ओवर में नेहल वधेरा को जीवनदान मिला। मथीश तीक्षणा के ओवर की चौथी बाल पर ध्रुव जुरेल से कैच ड्राप हो गया। नेहल ने स्लोअर बाल पर लेग की ओर खेला था। जुरेल और पराग कैच लेने के लिए आगे आए, लेकिन कन्फ्यूजन में कैच नहीं कर सके। पंजाब किंग्स ने चौथे ही ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया। संदीप शर्मा ने ओवर की तीसरी गेंद पर मार्कस स्टोयनिस को पवेलियन भेजा। संदीप ने उन्हें काट एंड बोल्ड किया। स्टोयनिस 7 गेंद पर 1 ही रन बना सके। पंजाब किंग्स ने पहली ही गेंद पर विकेट गंवा दिया। जोफ्रा आर्चर ने प्रियांश आर्या को गुड लेंथ बाल पर बोल्ड किया। आर्चर ने इस ओवर की आखिरी गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अयय्र को भी बोल्ड किया।

### जम्मू-कश्मीर का तैराकी दल मोहाली के लिए रवाना

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर से पांच सदस्यीय तैराकी दल सातवें मास्टर्स नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए शनिवार को मोहाली के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि मास्टर्स नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए जम्मू से पहला मास्टर्स तैराक दल डेविड संधू के मार्गदर्शन में शनिवार को मोहाली के लिए रवाना हुआ। एसोसिएशन ने यहां एक समारोह में दल को विदाई दी और अन्य सदस्यों नीते कौर खलासा, रोमेश शर्मा, विनय सराफ, सोमराज, ममता बजाज और रामेश्वर की उपस्थिति में उन्हें भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। तैराकी टीम में डेविड (46 वर्ष से अधिक), रुद्राक्ष (30 वर्ष से अधिक), राजेश सिंह (36 वर्ष से अधिक), कुलभूषण (72 वर्ष से अधिक) और प्रगुण (30 वर्ष से अधिक) शामिल हैं।

# सीएसके लगातार तीसरा मैच हारी

● दिल्ली ने चेपाक मैदान पर 25 रन से हराया, केएल राहुल ने 71 रन बनाए, विपराज को मिले दो विकेट

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल-18 में लगातार तीसरे मुकाबले में पराजय झेलनी पड़ी है। टीम को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने 25 रन से हराया। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत है। शनिवार के पहले मुकाबले में 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। दिल्ली से विपराज निगम को 2 विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। केएल राहुल ने 51 बाल पर 77 रन की पारी खेली। अभिषेक पोरेल ने 33, ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 24 और समीर रिजवी ने 20 रनों का योगदान दिया। खलील अहमद ने 2 विकेट लिए। चेन्नई-दिल्ली मैच का पूरा स्कोरबोर्ड दिल्ली ने लगातार तीसरा मैच जीता है। टीम 6 अंक के साथ पाइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। चेन्नई ने सीजन में लगातार तीसरा मैच गंवाया है। टीम 4 में से एक मैच ही जीत सकी है। सीएसके 8वें नंबर पर है। दिल्ली ने इस मुकाबले को 25 रनों से जीत लिया है। 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी ओवर डाल रहे मुकेश कुमार ने 15 रन खर्च किए। 17वें ओवर में विजय शंकर ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 43 बाल पर हाफ सेंचुरी लगाई। 15वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। । कुलदीप यादव के ओवर की तीसरी बाल पर विजय शंकर ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया।

### सीएसके की खिलाड़ी डॉक्यूमेंट्री ‘द मेकिंग ऑफ’ लांच

**चेन्नई, वार्ता।** पांच बार आईपीएल जीतने वाली सीएसके ने ‘द मेकिंग ऑफ’ नाम से अपनी दूसरी खिलाड़ी डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ लॉन्च कर दी है। सीरीज़ का दूसरा एपिसोड श्रीलंकाई गेंदबाज़ मथीशा पथिराना के जीवन यात्रा पर आधारित है। ‘मेकिंग ऑफ’ सीरीज़ टीम के स्टार खिलाड़ियों के जीवन पर गहराई से नज़र डालती है और बचपन से लेकर मैदान पर उनकी मौजूदा सफलता तक के सफ़र को दिखाती है। सीरीज का पहला एपिसोड सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर था। सीएसके की एक विज्ञप्ति के अनुसार, दर्शकों को पथिराना के बचपन के दिनों की झलक मिलेगी कि कैसे उन्होंने अपना अनूठा एक्शन विकसित किया और सीएसके और श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम तक का उनका सफ़र कैसा रहा। पर्दे के पीछे की विशेष फुटेज, पथिराना, उनके परिवार और बचपन के कोचों के साथ साक्षात्कार के साथ, ‘द मेकिंग ऑफ मथीशा पथिराना’ प्रशंसकों को एक अद्वितीय गेंदबाजी एक्शन वाले व्यक्ति और उनकी सफलता की कहानी के बारे में एक अंतरंग दृश्य प्रदान करता है।

# दीदी मेरा बहुत साथ देती हैं: महिमा

■ वर्तमान में अपनी बड़ी बहन कैप्टन सलीमा के साथ ट्रैनिंग कर रही है महिमा

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी झारखंड के साथ सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से लेकर सीनियर नेशनल कैंप में जगह बनाने तक महिमा टेटे के लिए पिछले कुछ सप्ताह शानदार रहे हैं।

21 वर्षीय महिमा वर्तमान में अपनी बड़ी बहन कैप्टन सलीमा टेटे सहित सीनियर खिलाड़ियों के साथ साई, बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रही हैं। ट्रेनिंग के दौरान सलीमा के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए महिमा ने कहाकिंमैं हमेशा अपनी बहन के नक्शेकदम पर चलना चाहती थी और अपने देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहती थी। इसलिए अब जब मैं भी यहाँ हूँ, उसके साथ ट्रेनिंग कर रही हूँ, तो मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। जब मैं कुछ गलत करती हूँ, तो वह मेरे पास आती है और मुझे सुधारने के लिए मार्गदर्शन करती है। दीदी मेरा बहुत साथ देती है। महिमा ने यह भी कहा कि कैंप में शामिल होने से पहले उनकी बहन ने उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारी दी थी।

कि उसने मुझे कड़ी मेहनत करने और किसी भी चीज़ से पीछे न हटने के लिए कहा। उसने मुझे मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने के लिए कहा। शुरुआत में महिमा को 65 सदस्यीय कोर संभावित खिलाड़ियों के समूह में चुना गया था, लेकिन प्रशिक्षण और परीक्षण में उनके प्रभावशाली काम ने उन्हें दो अप्रैल को घोषित 40 सदस्यीय सूची में स्थान दिलाया। जब उनसे अब तक सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण के उनके अनुभव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दियाकिं यह मेरे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले संयोजन से अलग है। सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना अच्छा है और मैं बहुत खुश हूं कि मैं अभी सीनियर टीम में हूं, लेकिन मुझे उस स्तर तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी और सुधार करना होगा, जिसकी मुझे जरूरत है।

उन्होंने कहाकिं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें वास्तव में फिट और तेज होना चाहिए, इसलिए, हम सीनियर कैंप में बहुत कठिन प्रशिक्षण लेते हैं। महिमा 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान एक प्रभावशाली खिताब जीतने वाले अभियान के बाद सीनियर कैंप में शामिल हुईं। मिडफील्डर ने हॉकी झारखंड के लिए सभी पांच मैच खेले और टूर्नामेंट में अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सिफत ने आईएसएसएफ विश्व कप में दिलाया पहला स्वर्ण पदक

● 50 मीटर राइफल-3 पोजिशन में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया



**अमृतसर, वार्ता।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली एथलीट और बीपीईएस सेमेस्टर तीन की छात्रा और भारत की प्रसिद्ध निशानेबाज सिफत कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल-3 पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

यह जीत इस विश्व कप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक है। सिफत की यह उपलब्धि उसकी निरंतर मेहनत, प्रतिभा और गुरु नानक देव विश्व. विद्यालय की शूटिंग कोच मिस राजविंदर कौर के अथक मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने भी सिफत को उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करमजीत सिंह ने सिफत की उल्लेखनीय जीत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्वर्ण पदक हमारे देश में खेलों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। सिफत हमारे छात्रों के लिए एक आदर्श हैं, जो उन्हें सिखाती हैं कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय ने लगातार खेलों में उत्कृष्टता हासिल की है और 25 बार अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी जीती है। हाल ही में एथलीटों ने अंतर-विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल करके राष्ट्रीय स्तर पर पदक भी हासिल किए हैं। उन्होंने कहाकिंहमारे एथलीट एथलेटिक्स, हॉकी, शूटिंग और साइकिलिंग जैसे विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। ये सभी उपलब्धियां हमारे कोचों की सामूहिक मेहनत का परिणाम हैं, जिसमें मिस राज. विंदर कौर जैसे समर्पित गुरु, एथलीट और खेल विभाग शामिल हैं। कुलपति ने कहा कि सिफत समरा की जीत सिर्फ एक पदक नहीं है, बल्कि एक संदेश है जो बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और उन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# जयपुर पिंक कब्स ने जीता युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब




**हरिद्वार, वार्ता।** जयपुर पिंक कब्स ने युवा योद्धास को 35-29 से हराकर युवा ऑल स्टार्स का खिताब अपने नाम कर लिया।

हरिद्वार के वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम में युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले के शुरुआती दौर में दोनों टीमें 8-8 अंक से बराबरी पर थी, लेकिन फिर योद्धास ने पिंक कब्स को ऑल आउट कर 12-9 की बढ़त ले ली, जिसके चलते पहले हाफ में उत्तर प्रदेश की यह टीम 16-15 से आगे थी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने जमकर मुकाबला किया और स्कोर 20-20 की बराबरी पर पहुंच गया। तभी अनिल की रेड ने जयपुर पिंक कब्स को युवा योद्धास पर ऑल आउट करने का मौका दिया, जिससे उन्हें चार अंकों की बढ़त मिल गई।

इसके बाद दोनों टीमों ने सफल रेड और टैकल से अंक बटोरे, लेकिन जयपुर पिंक कब्स ने अपनी बढ़त बनाए रखी और युवा योद्धास की वापसी की सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया। जयपुर पिंक कब्स ने 25 रेड पॉइंट्स और 8 टैकल पॉइंट्स अर्जित किए, जबकि योद्धास ने 22 रेड पॉइंट्स और 5 टैकल पॉइंट्स हासिल किए। दोनों टीमों ने एक दूसरे को 2-2 बार ऑल आउट किया। खेल की सबसे अविस्मरणीय बात ये रही कि पूरे मुकाबले के दौरान कोई भी टीम एक भी सुपर रेड या सुपर टैकल नहीं कर सकी।

# अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें: चन्द्रशेखर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी ने सम्राट अशोक मोर्य की जयंती को मडलीय जनसम्मेलन के रूप में मनाकर उनके आदर्शो व सिंद्वातों पर चलने का आहवान करते पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने पर बल दिया गया।

आज गांधी पार्क के जनमंच सभागार में आसपा के तत्तावाधान में सम्राट अशोक मोर्य जयंती के अवसर पर मडलयी जनसम्मेलन का आयाजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने सम्राट अशोक मोर्य के चित्र पर पुष्प् अर्पित किया। मुख्य अतिथि सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने सम्राट अशोक मोर्य के जीवन प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव मानवता संदेश देते हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओ से आहवान करते हुए कहा आसपा की नीतियों को कार्यशैली से जन-जन को अवगत कराये ओर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडने का काम करे। जनसम्मेलन की अध्यक्षता करते राष्ट्रीय अनुशासन समिति के चेयरमैन डा.ब्रजपाल से कहा कि कार्यकर्ता संगठन की ताकत है सभी लोगों अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडने का काम करे। इसके अलावा अन्य अतिथियो ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डीपी सिंह, सरदार जोगेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, महानगर अध्यक्ष गुलशेर मलिक, राकेश मोर्या, अहसान कुरैशी, डा. अनुज, अजीत चौधरी, काशी मोर्या, शौर्य अम्बेडकर, प्रवीण भारती, संजय तेगवाल, टिंकू कपिल, प्रवीण गौतम, अनुज चन्द्रा मौजूद रहे।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 'सोच' सोशल आब्जेक्टिव टू चैरिश हयूमैनिटी संस्था द्वारा बेहट रोड स्थित सेंट फातिमा स्कूल में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से छात्रवृत्ति एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अदीबा जमाल को सोच संस्था द्वारा एक वर्ष की स्कूल फीस के बराबर स्कॉलरशिप प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर रहीं आयरा नफीस को छह माह की स्कूल फीस की छात्रवृत्ति दी गई, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सालिहा को तीन माह की स्कूल फीस स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक मौ. परवेज और प्रधानाचार्य मौ. शाहवेज ने सोच संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न सिर्फ विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूती प्रदान करती हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मआज अंसारी, सचिव गुलशेर, मेडिकल इंचार्ज मौ. राशिद, मौ. शहजाद, काशिफ अंसारी सहित करीब 500 अभिभावक उपस्थित रहे। संस्था ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम आवास तक हटवाया अतिक्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने आज देहरादून चौक से जिलाधिकारी आवास तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क पर रखे बोर्ड आदि भी जब्त कर नगर निगम लाये गए।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज नगर निगम के प्रवर्तन दल व राजस्व अधिकारियों ने देहराद.ून चौक से डीएम आवास तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक दुकानों से अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान अनेक दुकानों के बाहर रखे होर्डिंग, बोर्ड व सब्जी की करेट आदि जब्त कर निगम लाये गए। अतिक्रणकारी तीन दुकनों से 17 सौ रुपये जुर्माना भी वसूला गया। निगम अधिकारियों ने सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सड़क पर सामान रखा पाया गया तो सामान जब्त करने के अलावा भारी जुर्माना लगाया जायेगा। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक राणा, अवर अभियंता मदन सिंह व प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के अलावा प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक मेला शुरू

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव कोटा में प्राचीन मां काली देवी मंदिर प्रांगण में लगने वाला तीन दिवसीय ऐतिहा.सिक मेला शनिवार से शुरु हो गया।

आपसी भाईचारे और मुहब्बत का पैगाम देने वाले इस मेले में आसपास के हजारों लोग अपनी अपनी श्रद्धा लेकर आते है और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते है। मां काली देवी मंदिर के पुजारी सुशील शर्मा ने बताया कि यह मेला नवरात्रों की अष्टमी के दिन आरंभ होकर दशमी पर संपन्न होता है और दूर दराज से श्रद्धालु आकर मां काली देवी के मंदिर में प्रसाद चढ़कर मन्नतें मांगते हैं और मां काली देवी उनकी मुराद पूरी करती है। उन्होंने बताया कि यह मेला 3 दिन तक दिन और रात लगता है जिसमें दंगल व सान्ग मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है। तथा मेले में लगने वाले झूले एवं खेल खिलौने की दुकानें भी रौनक को बढाती है ।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें: जगपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी जुट जाएं।

श्री सिंह आज रामनगर में बसपा के सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि आज प्रदेश और देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है हर सामन पर सरकार ने जी एस टी लगाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। मण्डल प्रभारी सरफराज राईन ने कहा आज देश विशेष परस्थितियों से गुजर रहा है, कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर सरेआम लूट खसोट हो रही है, जनता में भय व्याप्त है। कोई भी आदमी सुरक्षित नहीं है।

बैठक को मंडल प्रभारी विनोद कुमार सहगल, जिला प्रभारी राजेश प्रधान, जिला प्रभारी रजनीश उजाला, जिला उपाध्यक्ष जीशान गाड़ा, कमलेश बाटला, विधानसभा प्रभारी राजू पालीवाल, आदि ने सम्बोधित किया।



सभा मे मौजूद शीतल कुमार, मोहकम सिंह, नजाकत प्रधान, कादिर प्रधान, दानिश प्रधान, सुनेश प्रधान, राहुल बौद्ध, जितेंद्र, सुमित कुराली, पूर्व प्रधान एहतेशाम, मो. हसिन प्रधान, विधानसभा के सेक्टर अध्यक्ष, जॉन प्रभारी, प्रदीप कुमार आदि सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन एडवोकेट धर्मेन्द्र कुमार ने तथा अध्यक्षता शीतल कुमार ने की।

# देश में घोला जा रहा नफरत का जहर: दानिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**तीतरो।** कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव दानिश खान ने कहा कि जनता का ध्यान हटा कर जिस तरिके से आपसी भाईचारा खत्म करने के लिए जहर घोला गया है ऐसा लगता है देश एक अलग दिशा में जा रहा है देश मे लगातार हो रही छोटी छोटी चीजों पर बड़ी राजनीती देश को बहुत छोटा बनाने मे अग्रसर है

दानिश खान ने कहा कि जो देश हित मे सही नही है वक्फ बिल को पास करना मोदी सरकार को ये दिखाना है कि मुस्लिम इस देश मे कोई मायने नही रखते। उन्होने कहा कि देश की आजादी मे सबसे ज्यादा कुरबानी मुस्लिम ने दी हे इसको भुलाया नही जा सकता। लेकिन बावजूद इसके लगातार देश मे मुस्लिम को प्रताड़ित किया जा रहा है देश एक अलग ही दिशा मे जा रहा हे भाईचारा खत्म होता जा रहा हे देश मे नफरत का जहर घोला जा रहा हे जो देश को बहुत छोटा बनाने मे सक्षम है। उन्होने कहा कि मुझे लगता हे अब अमन परस्त लोगो को चाहिए वो कांग्रेस को मजबूत करने का काम करे। खासकर मुस्लिम तबका आरएलडी और आरजेडी जैसी पार्टियों से किनारा करे जिन्होंने मुस्लिम समाज को धोखा दिया है वक्फ बिल के सपोर्ट मे वोट करके।

# जिलाधिकारी का जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा एसबीडी जिला चिकित्सालय का बारीकी से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय के इमरजेन्सी वार्ड, एक्स रे कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, ट्रॉमा सेंटर, मेडिकल वार्ड, ओपीडी, कार्यालय, हीट वेव कक्ष आदि का निरीक्षण किया।



श्री बंसल ने निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाई न लिखी जाए। अगर उपलब्ध दवाओं के अतिरिक्त किसी दवाई की आवश्यकता पड़े तो सीएमएस व्यवस्था कराएं। एक्स रे मशीनों के संचालन के लिए नियमानुसार संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर समय सारणी चस्पा करते हुए उसके अनुसार अल्ट्रासाउंड किया जाए। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए तैनात कर्मचारियों को ब्रीफिंग किया जाए ताकि वो अपने जिम्मेदारियों को अच्छे से पूर्ण कर सकें। आपातकाल.ीन वार्ड में व्याप्त गंदगी पर नाराजगी जताते हुए यथाशीघ्र साफ सफाई करने के निर्देश दिए। भर्ती मरीजों की संख्या अधिक होने पर अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुराने ओपीडी भवन के पीछे पड़े खराब फर्नीचर और गंदगी पाए जाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए उसका निस्तारण करने के साथ साफ सफाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पत्रक एवं अन्य रजिस्टरों को भी चेक किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भर्ती मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें ताकि रोगियों को चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ मिल सके। चिकित्सकीय परामर्श, पैथोलॉजी जांच, औषधियों का वितरण एवं देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही व कोताही न बरती जाए। मरीजों से मृदु व्यवहार किया जाए। पैरामेडिकल स्टाफ एवं सफाई कार्मिकों का मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा आचरण बर्ताव सुनिश्चित हो। उन्होने कहा कि मरीजों को बेहतर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में किसी मरीज एवं तीमारदार को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, प्रमुख अधीक्षक डॉ. रामानन्द सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कैंप में किसानों ने उठाई दिक्कतें

**छुटमलपुर।** ग्राम पंचायत हलवाना विकास खंड मुजफ्फराबाद में आज आयोजित किसान रजिस्ट्री कैंप में किसानों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। कृषि विभाग के कर्मचारी मसरूर आलम ने किसानों को पी.एम. किसान सम्मान निधि सहित भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।

हालांकि, कैंप में किसानों की एक बड़ी समस्या भी उजागर हुई। नामों में असमानता (मिसमैच) और खतौनी में नाम दर्ज न होने के कारण कई किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस तकनीकी अड़चन ने किसानों को परेशान कर रखा है, जिससे वे योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं।

# श्रद्धा से मनाया महर्षि कश्यप जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सृष्टि रचयिता, महान तपस्वी, आदिकालीन ऋषियों में अग्रणी भगवान महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया।

जेल चुंगी पर शांति नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन-हवन एवं महर्षि कश्यप और कालू बाबा के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर धार्मिक अनुष्ठान, व्याख्यान के साथ किया गया। इसके पश्चात समापन पर भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ-साथ समाज, राष्ट्र और विश्व की सुख दूसमृद्धि और शांति हेतु प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों द्वारा विचार गोष्ठी एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विद्यार्थी, शोधार्थी, विद्वान एवं विभिन्न समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान लक्ष्मणदास कश्यप, सत्यपाल कश्यप, शीशपाल कश्यप, सतीश कश्यप, शुभम कश्यप, पंकज कश्यप, डा. एम.आर कश्यप आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा का शुभारम्भ शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमेश गौड कश्यप सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग, बिजेंदर कश्यप प्रदेश मंत्री एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, वरिष्ठ समाजसेवी सतीश कश्यप, सत्यपाल कश्यप, ऋषिपाल कश्यप, पूरन सिंह कश्यप, मांगेराम कश्यप पूर्व राज्यमंत्री सपा, जसवंत कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, वीरेंद्र कश्यप आदि ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर संदीप कश्यप ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप की शिक्षाएं आज भी हमें प्रकृति, समाज और समरसता के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती हैं जो कश्यप समाज के लिए ही नहीं अपितु सर्व समाज के लिए आवश्यक भी है और अनिवार्य भी है। इस अवसर पर मेयर डॉ. अजय सिंह, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, प्रधान महाव.ीर कश्यप, धन प्रकाश कश्यप, डॉ. मांगेराम कश्यप, प्रोफेसर संदीप कश्यप, अमीन जयपाल कश्यप, मास्टर मुकेश कश्यप, प्रदीप कश्यप, पंकज कश्यप जिला अध्यक्ष हिंदू महासभा आदि मौजूद रहे।



## स्मैक समेत दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने स्मैक तस्करी मामले में एक आरा.ेपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 10 ग्राम स्मैक नाजायज बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक शनिवार को एएसपी, थाना प्रभारी विवेक तिवारी की अगुवाई में नाजायज नशा तस्करी पर रोकथाम लगाए जाने के सम्बन्ध में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक आरोपी नशा तस्कर नौशाद पुत्र स्व. असलम निवासी ग्राम नंगला थाना चिलकाना को नंगला नल्हेडा रोड से सलीरी जाने वाली चकरोड के निकट से गिरफ्तार किया है। टीम में एसआई पीयूष कुमार शिवाच, हैड कांस्टेबल तरुण कुमार, कांस्टेबल सावन कुमार व अनुज राणा शामिल रहे।

# मंत्री के समक्ष बढ़े करों का जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय पदाधिकारियों ने नगर विकास मंत्री से मुलाकात कर बढे हुए गृह कर पर अपना विरोध दर्ज कराते हुए मसले के समाधान की मांग की।

प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के साथ प्रान्तीय वरिष्ठ महामंत्री नवीन मक्कड ने नगर विकास मंत्री को बताया कि गृहकर 10 प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ना चाहिए। नगर निगम के अधिकारियों ने सहारनपुर में मनमानी तरीके से कई गुना टैक्स बढाकर व्यापारियों व आम जनमानस पर थोप दिये है। इस बढे हुए टैक्स को व्यापारी पूर्णत: देने में असमर्थ है। इसी प्रकार हजारो व्यापारियों पर मनमाने ढंग से हाउस टैक्स आरोपित किया गया है इससे सहारनपुर के व्यापारियों व आम जनमानस में भारी आकोश व्यापत है।



प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कछल ने नगर विकास मंत्री से अनुरोध किया कि वहपूरे प्रदेश में एक पत्र भेजकर सभी नगर आयुक्तो को आदेश दे कि हाउस टैक्स पिछले वर्ष से 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी न की जायें। नगर विकास मंत्री ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को ध्यानपूर्वक सुना और इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# दो करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** विधायक किरत चौधरी व चेयरमेन पति अफजाल खान ने नगर में करोड़ों रूपए की योजनाओं का किया शिलान्यास किया। विधायक किरत चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गो का विकास हो रहा है।

2 करोड़ रुपए की लागत से नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित शिव मंदिर सौंदर्यीकरण का शिलान्यास करोड़ों रुपए की लागत से भारी रोड़ की मुख्य सड़क तथा डिग्री कालेज रोड़ स्थित शमशान घाट का सौंदर्यीकरण के कार्यो का शिलान्यास करते हुए विधायक किरत चौधरी ने कहा कि मोदी व योगी के नेतृत्व देश भर में विकास कार्य प्रगति पर है। भाजपा सरकार में किसान, जवान, व्यापारी सभी वर्गो के विकास के लिए काम कर रही है। चौयरमेन पति अफजाल खान ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव सर्व समाज को लाभान्वित कर रही है। नानौता के विकास में विधायक किरत चौधरी की मुख्य भूमिका है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्वेता पाण्डेय, ईओ कमलाकांत राजवंशी, देहात प्रधान अनुराग राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, विवेक नामदेव, मुकेश पराशर, रोबिन जैन, सभासद शाहिद खान, दानिश मलिक, सादिक चौधरी, गौतम कुमार, मौलाना असद अली, अमजद खान, सभासद पति सादिक सैफी, राशिद खान बरसा, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े बाइक चोरी

**चिलकाना।** नगर के मुख्य बाजार से अज्ञात चोरों द्वारा दिन दहाड़े ही एक बाईक उड़ा ली गई है।

शनिवार को नगर के मोहल्ला मजहर हसन में डॉ बैनी प्रसाद इंटर कॉलेज के निकट से बाईक चोरों द्वारा एक बाईक चोरी कर ली गई है। बाईक चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चोरों की शिनाख्त कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुट गई गई है।

बाईक स्वामी सालिम पुत्र अकबर निवासी ग्राम सलीरी थाना चिलकाना ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि मास्टर अहकाम की दुकान के सामने चोकी वाली मस्जिद के निकट मोहल्ला मजहर हसन में उसकी कटपीस कपड़े की दुकान है। जहां पर रोजाना की तरह उसकी मोटर साईकिल काले रंग की हीरो स्पैलेंडर खड़ी हुई थी। सुबह के समय एक अज्ञात युवक उसकी बाईक को चोरी करके ले गया है।

# बच्चे हमारे देश का भविष्य: मंजू शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर 2 ब्लॉक मुजफ्फराबाद में परीक्षा फल वितरण विदाई समारोह वह पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान श्रीमती मंजू शर्मा व समाजसेवी नीरज जैन श्रीमती अवनी जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक तेलु राम वह भूतपूर्व प्रधानाचार्य भूप सिंह का विद्यालय में आगमन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात प्रधानाध्यापक करण सिंह व शिक्षिका अंजली आर्य द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा शानदार रंगारंगप्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों द्वारा बच्चों के उत्तम भविष्य निर्माण हेतु बहुत ही अच्छी-अच्छी बातें बताई गई साथ ही कक्षा 5 प्राप्त कर चुके बच्चों को कहा गया कि वे भारत का भविष्य है और अपनी शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाकर उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय और सत्र में उच्चतम उपस्थित प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर और रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया गया। नए सत्र हेतु आई किताबों का बच्चों में वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों हेतु भेंट प्रदान की गई।



अंत में प्रधानाध्यापक करण सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ पूनम सैनी अंजली देवी सोनिया कमलेश सरिता आंगनबाड़ी अनीता आंगनवाड़ी सहित अभिभावक और बच्चे वीजा फलक सुमैया अर्शी जिया निषाद जैनब अल्तमश असद हुसैन सन आदि उपस्थित रहे।

# IMF ने पाक में दूसरा भ्रष्टाचार निरोधक दल भेजा

## व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए काम करेगी टीम



**दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी**

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**अंतर्राष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार, धन शोधन, व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए पाकिस्तान में दूसरा भ्रष्टाचार निरोधक दल भेजा है।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे भ्रष्टाचार निरोधक दल की चार अप्रैल से 14 अप्रैल तक पाकिस्तान में रहेगा। इस दौरान दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी। आईएमएफ टीम पाकिस्तान शुगर मिल्स एसोसिएशन (पीएसएमए) के साथ बैठक करेगी, ताकि मूल्यों में हेरफेर जैसे मामलों की चल रही जांच पर चर्चा की जा सके। जिसके कारण पाकिस्तान के प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीपी) ने मूल्य हेरफेर और कार्टेलाइजेशन के लिए एसोसिएशन पर अरबों रुपये का जुर्माना लगाया है। अब तक मिशन ने कराची में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के साथ बैठकें की हैं, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र के विनियमन, संदिग्ध लेनदेन और धन शोधन के मुद्दों पर चर्चा की गई है। इससे पहले गत फरवरी में अपनी यात्रा के दौरान भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने न्यायिक नियुक्तियों और अन्य कानूनी मामलों पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी से भी मुलाकात की थी। इस बार आईएमएफ मिशन न्यायिक दक्षता और न्यायाधीशों की जवाबदेही पर चर्चा करने के लिए एससीपी के रजिस्ट्रार से मुलाकात करेगा, और इन मामलों के न्यायिक संचालन पर अपडेट प्राप्त कर सकता है। मिशन पाकिस्तान सॉवरेन वेल्थ एक्ट में संशोधन पर भी चर्चा करेगा, जो पिछले आईएमएफ कार्यक्रम समीक्षा मिशन का हिस्सा था। आईएमएफ ने बजट निष्पादन, ट्रेजरी सिंगल अकाउंट और ऋण प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को भी एक मिशन में शामिल किया है जो ज्यादातर आईएमएफ के भीतर कानूनी मामलों से निपटता है। मिशन का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र पाकिस्तान का सूचना तक पहुंच का अधिकार है जो सरकार द्वारा करदाताओं से जानबूझकर जानकारी छिपाने के कारण बेहद कमजोर बना हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक दल इस क्षेत्र में सुधार की सिफारिश करेगा और अपने निष्कर्षों के आधार पर एक अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसे पाकिस्तान को जुलाई या अगस्त के अंत तक प्रकाशित करना होगा।

## अमेरिका ने गलती से यूक्रेनवासियों को ईमेल भेजकर देश छोड़ने को कहा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने गलती से अमेरिका में रह रहे यूक्रेनी शरणार्थियों को देश छोड़ने के लिए कहा, क्योंकि उनकी कानूनी स्थिति रद्द कर दी गई है। यह ईमेल, संचार त्रुटि के कारण गलती से आंतरिक सुरक्षा विभाग द्वारा भेजा गया जिसमें उन्हें जाने के लिए कहा गया। सीबीएस न्यूज़ के अनुसार, तीन अप्रैल को भेजे गए नोटिस में लिखा था कि डीएचएस अब आपके पैरोल को समाप्त करने के लिए अपने विवेक का प्रयोग कर रहा है, जिसे बाइडन प्रशासन के अंतर्गत यूक्रेनी शरणार्थियों को अस्थायी पैरोल प्रदान किया गया था। इसमें आगे कहा गया कि अगर यह पहले समाप्त नहीं होता, तो आपकी पैरोल इस सूचना मिलने के सात दिनों बाद समाप्त हो जाएगी। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूक्रेनवासियों को यह संदेश प्राप्त हुआ।




**नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए विरोध करते छात्र।**

## स्पेन में शक्तिशाली तूफान के कारण गोदाम ढहने से तीन लोगों की मौत

**मैड्रिड।** दक्षिणी स्पेन में एक शक्तिशाली तूफान के कारण एक कृषि गोदाम ढह गया, जिससे वहां काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि उन्हें अंडालूसिया क्षेत्र में सेविले के पास डॉस हरमनोस शहर के पास घटना की जानकारी मिली। तूफान के कारण गोदाम की छत उड़ गई और इमारत ढह गई। अंदर काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। स्पेन के श्रम और सामाजिक अर्थव्यवस्था मंत्री ने कहा कि एक निरीक्षण दल घटना की जांच कर रहा है। सेविले के श्रमिक संघ, को. मिसियोनेस ओब्रेरास (श्रमिक आयोग) के सचिव कारमेन तिराडो ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में कंपनियों को काम समायोजित या निलंबित करना कानूनी रूप से आवश्यक है, अन्यथा त्रासदियां हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 22 हजार सैनिकों ने जान गंवाई

**कुर्स्क।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं के 22 हजार सैनिक अपनी जान गंवा चुके हैं। सेवर (उत्तर) समूह बल के सूत्रों के मुताबिक दुश्मन को कुल 72 हजार से अधिक लोगों का नुकसान हुआ, जिनमें से 22 हजार लोग मारे गए और 50 हजार से अधिक घायल हुए। ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। मार्च में, रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण कर सुदज़ा और अन्य इलाकों को मुक्त कराया। वर्तमान में, उत्तरी समूह की सेना कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी समूहों को बाहर खदेड़ रही है।

### रूस के उप प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**हवाना।** रूस के उप प्रधानमंत्री दिमित्री चेर्निशेंको ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल से मुलाकात की है। दिमित्री क्यूबा की यात्रा पर हैं। डियाज़-कैनेल ने दिमित्री को यात्रा के लिए और साथ ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने के लिए धन्यवाद दिया। क्यूबा के नेता ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जो हालात हैं उन्हें देखते हुए हम आपकी यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। इन सबके संदर्भ में हम संबंधों के विकास और हमारे सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ वर्तमान चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करने के लिए इन संबंधों के महत्व पर विशेष ध्यान देते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी दूर किम्बे पूर्व-दक्षिण-पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि किम्बे, पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय समय 20:04:41 पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 6.18 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.59 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 33.0 किमी की गहराई पर था।

# चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया

## चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के चलते लिया बड़ा फैसला



**लॉस एंजिल्स बंदरगाह जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10% गिरावटः सेरोका**

**आयात शुल्क में जापान पर 24%, द. कोरिया 25% व चीन पर 34% का अतिरिक्त शुल्क शामिल**

**बीजिंग/ लॉस एंजिल्स, वार्ता**

**चीन** ने हाल ही में चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के कारण टिकटॉक की अमेरिकी परिसंपत्तियों को अलग करने के सौदे को मंजूरी नहीं दी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा दो अप्रैल तक काफी हद तक अंतिम रूप ले चुका था और इसमें सोशल मीडिया के अमेरिकी परिचालन को एक नई अमेरिकी-आधारित कंपनी में बदलना शामिल था जिसमें अमेरिकी निवेशकों की बहुलांश हिस्सेदारी थी। इस सौदे में बाइटडांस की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे को टिकटॉक के मौजूदा और नए निवेशकों, बाइटडांस और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिससे टिकटॉक को अमेरिका में अगले 75 दिनों तक परिचालन जारी रखने की अनुमति मिल जाएगी। इसके अधिग्रहण की प्रगति के बारे में बातचीत चल रही है। बाद में, टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस ने कहा कि वह वीडियो ऐप कंपनी के अमेरिका में संचालन से संबंधित चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए संभावित तरीके पर अमेरिकी सरकार के साथ चर्चा कर रही है। ट्रम्प ने बुधवार को पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत आधार शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जबकि उन देशों और क्षेत्रों पर उच्च, पारस्परिक शुल्क लगाए गए जिनके साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, नौ अप्रैल से प्रभावी होंगे।

एनबीसी न्यूज ने बताया कि ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क की घोषणा ने टिकटॉक के अमेरिकी डिवीजन के लिए एक सौदे को बाधित कर दिया जिसे पहले ही चीनी सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा चुका था। वहीं अमेरिका में सबसे बड़े बंदरगाह लॉस एंजिल्स बंदरगाह के कार्यकारी निदेशक जीन सेरोका ने आयात शुल्क पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इस साल के अंत में बंदरगाह से होकर जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

सेरोका ने अमेरिकी डिजिटल समाचार पत्र पोलिटिको को दिए साक्षात्कार में कहा कि हमें कनाडा से लकड़ी, मेक्सिको से उपकरण, चीन से एल्युमिनियम, स्टील, तांबा और फर्नीचर की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कल की घोषणा में इन सभी वस्तुओं और अन्य वस्तुओं पर अब तक का सबसे अधिक कर लगाया गया है तथा बंदरगाहों पर कोई भी मंदी एल-ए-क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गहराई तक प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस साल की दूसरी छमाही में हम कार्गो में गिरावट देखना शुरू कर देंगे। मुझे लगता है कि लॉस एंजिल्स में देश के सबसे बड़े बंदरगाह पर यह गिरावट कम से कम 10 प्रतिशत होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नए शुल्कों की घोषणा की जिसमें पांच अप्रैल से शुरू होने वाले सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ लगाया गया और उन व्यापारिक साझेदारों पर व्यक्तिगत पारस्परिक उच्च दरें लगाई गईं जिनके साथ अमेरिका का 'सबसे बड़ा व्यापार घाटा है' जो 09 अप्रैल से लागू होगा। आयात शुल्क में जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क शामिल था।

इसके अतिरिक्त चीन का नया टैरिफ ट्रम्प द्वारा तथाकथित फेंटेनाइल मुद्दे पर चीन पर लगाए गए 20 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त लगाया गया था। इससे चीन पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया। लॉस एंजिल्स काउंटी आर्थिक विकास की एक रिपोर्ट के अनुसार व्यापार, परिवहन और उपयोगिता क्षेत्र एल-ए-काउंटी के सबसे बड़े रोजगार समूहों में से एक है जिसने पिछले साल अनुमानित 830000 श्रमिकों को रोजगार दिया था। लॉस एंजिल्स के बीकन इकोनॉमिक्स के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सलाहकार अर्थशास्त्री जॉक ओ' कॉनेल ने कहा कि बंदरगाहों पर और बंदरगाहों से इनलैंड एम्पायर तक जाने वाली आपूर्ति श्रृंखला में रोजगार के अवसर कम होंगे जहां हर दिन बड़ी संख्या में कंटेनर संसाधित किए जाते हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन देशों के साथ टैरिफ वार्ता शुरू की

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वियतनाम, भारत और इजरायल के प्रतिनिधियों के साथ आयातित वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में बातचीत की है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प अलग-अलग व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए देशों के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिससे अगले सप्ताह की समय-सीमा से पहले प्रस्तावित टैरिफ में नरमी लाई जा सके।

गौरतलब है कि बुधवार को, ट्रम्प ने पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेस टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जबकि जिन देशों और क्षेत्रों के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उन पर उच्च, पारस्परिक टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होंगे। कुछ देशों ने टैरिफ वृद्धि के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के अपने इरादे पहले ही घोषित कर दिए हैं, जिसमें चीन ने कहा है कि वह 10 अप्रैल से संयुक्त राज्य अमेरिका से सभी आयातों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जिसके बाद, अमेरिकी शेयर बाजार में दो दिनों में 6-6 खरब डॉलर का नुकसान हुआ, जो इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं अमेरिका में संघीय सरकार में रोजगार घटने के बावजूद इस साल मार्च में करीब 228000 नौकरियां निकाली गई हैं, जबकि बेरोज़गारी दर 4.2 प्रतिशत तक बढ़ गई। श्रम विभाग के श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सहायता, परिवहन और गोदामों में रोजगार में वृद्धि हुई। खुदरा व्यापार में भी रोजगार बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में 11 हजार नौकरियों के नुकसान के बाद मार्च में संघीय सरकार में चार हजार नौकरियां कम हुई और यह कि वे कर्मचारी जो वेतन पर छुटी पर हैं या निरंतर टुकड़ो में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें भी नियोजित माना जाता है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत संघीय कार्यबल में लगातार कटौती की जा रही है, जिससे आने वाले महीनों में यह डेटा नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकता है। मार्च में, निजी गैर-खेत क्षेत्र में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की औसत घंटा दर नौ सेंट, यानी 0.3 प्रतिशत बढ़कर 36.00 अमेरिकी डॉलर हो गई।

# अफगान नागरिकों को जबरन वापस भेजने का विरोध

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने इस्लामाबाद के फैसले पर किया एजराज



**अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं**

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने देश में रहने वाले अफगान नागरिकों को अधिकारियों द्वारा जबरन अफगानिस्तान वापस भेजने की निंदा की है। इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि जब तक अफगान सरकार उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होती, हम अप्रवासियों को अफगानिस्तान वापस नहीं भेजेंगे। समा टीवी के अनुसार पाक तहरीक-ए-इस्लाम के मुख्यमंत्री ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस किसी को भी जबरन उसके घर से बाहर नहीं निकालेगी। अफगानिस्तान के साथ बातचीत किए बिना देश शांति प्राप्त नहीं कर सकता।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब संघीय सरकार ने गैर-दस्तावेजी शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, क्योंकि उनकी स्वैच्छिक वापसी की समय सीमा 31 मार्च, 2025 को समाप्त हो चुकी थी। बाद में समय सीमा कुछ दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। जो शरणार्थी स्वेच्छा से जाना चाहते हैं, उन्हें सम्मान के साथ वापस लौटने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। 'द न्यूज इंटरनेशनल' के अनुसार, मुख्यमंत्री ने संघीय सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अभी भी अफगान तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम अफगानिस्तान सरकार के साथ वार्ता शुरू करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को मंजूरी देने का इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रवासियों को परेशान करने के कारण, जिसमें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई भी शामिल है, यह मुद्दा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद का विषय बन चुका है।

## पाकिस्तान सेना के अभियान में दो आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के केच जिले में सेना के अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुलेदा इलाके में अभियान चलाया। अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकाने पर कब्जा कर लिया गया। बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्षेत्र में कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## मोदी-यूनुस की वार्ता सकारात्मक साबित होगीः फखरुल

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने उम्मीद जताई है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर दोनों देशों के लिए सकारात्मक साबित होगी। थाईलैंड के बैंकॉक में शुक्रवार को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर भारत और बंगलादेश के नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक पर दोनों देशों की नजर थी तथा बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने इसे उत्पादक और पारस्परिक रूप से लाभकारी बताया है। 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, फखरुल ने कल शाम को बीएनपी अध्यक्ष के गुलशन कार्यालय में संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि इससे निस्संदेह बंगलादेश और भारत के लोगों को फायदा होगा।

# नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमलों में 52 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में संदिग्ध बंदूकधारियों ने इस सप्ताह के दौरान कम से कम 52 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बुधवार रात से हुए हमलों ने प्लेट्यू राज्य के बोक्कोस स्थानीय सरकार क्षेत्र में समुदायों में दहशत पैदा कर दी है। बोक्कोस सांस्कृतिक विकास परिषद वैनगार्ड के प्रमुख फार्मासुम फुडांग ने राज्य की राजधानी जोस में संवाददाताओं को बताया कि हमलावरों ने स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और घरों में आग लगा दी। हमलों में कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फुडांग शवों की तलाश में आस-पास की झाड़ियों की तलाशी लेने में अन्य स्वयंसेवकों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कम से कम 31 लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया। फुडांग ने बताया कि गुरुवार को ही हुर्ती गांव में पांच युवा पीड़ितों के शव मिले तथा बोक्कोस क्षेत्र के कई गांवों में तलाशी के दौरान 16 अन्य शव मिले। गौरतलब है कि ताजा खून-खराबे का मकसद अज्ञात है। बोक्कोस प्लेट्यू में सबसे अधिक बार हमले की जद में आने वाले क्षेत्रों में से एक है, जो देश के मुस्लिम-बहुल उत्तर और ईसाई-बहुल दक्षिण के बीच के मध्य क्षेत्र में है। एक बयान में, प्लेट्यू पठार राज्य सरकार ने हमलों की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही 'दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम' के संबंध में कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत-श्रीलंका ने किया हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग

**कोलंबो, वार्ता**

**भारत** एवं श्रीलंका ने हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग बढ़ाने, त्रिकोमाली ऊर्जा हब के रूप में विकसित करने तथा डिजिटल तकनीक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के बीच यहां द्विपक्षीय शिखर बैठक में इन फैसलों के साथ सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया।

दोनों नेताओं ने पांच परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने को सराहनीय बताया। यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने त्रिकोमाली में तिरुकोनेश्वरम मंदिर, नुवारा एलिया में सीता एलिया मंदिर और अनुराधापुरा में सेक्रेड सिटी कॉम्प्लेक्स परियोजना के विकास के लिए भारत की अनुदान सहायता अंतर्राष्ट्रीय वेसाक दिवस 2025 पर श्रीलंका में भगवान बुद्ध अवशेषों का प्रदर्शन के अलावा ऋण पुनर्गठन पर



**नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की**

द्विपक्षीय संशोधन समझौतों का समापन का भी ऐलान किया। दोनों देशों के बीच जिन 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें बिजली के आयात/निर्यात के लिए एचवीडीसी इंटरकनेक्शन के कार्यान्वयन के लिए करार, डिजिटल परिवर्तन के लिए जनसंख्या पैमाने पर लागू सफल डिजिटल समाधान साझा करने के क्षेत्र में समझौता, त्रिकोमाली के ऊर्जा हब के रूप में विकास में सहयोग, रक्षा सहयोग, पूर्वी प्रांत के लिए बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता पर समझौता ज्ञापन, स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग और फार्माकोपियाल सहयोग पर समझौता ज्ञापन शामिल है। जिन पांच परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाना है उनमें महो-ओमानथाई रेलवे लाइन के उन्नत रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का निर्माण का शुभारंभ, सम्पुर सौर ऊर्जा परियोजना (वर्चुअल) का भूमि पूजन समारोह, दाम्बुला (आभासी) में तापमान नियंत्रित कृषि गोदाम का उद्घाटन तथा श्रीलंका भर में 5000 धार्मिक संस्थानों (आभासी) के लिए सौर छत प्रणालियों की आपूर्ति का शुभारंभ शामिल है।मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायक द्वारा उन्हें 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किए जाने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है। यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्रीलंका का यह मेरा चौथा दौरा है। 2019 की मेरी पिछली यात्रा, एक बहुत ही संवेदनशील समय पर हुई थी।

# इजरायल ने हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर खुदारी को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया जो कथित तौर पर गाजा शहर में हमास का प्रमुख मनी एक्सचेंजर था।

आईडीएफ के अनुसार खुदारी की गुरुवार को हत्या कर दी गई, 'हमास के भीतर आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रमुख सूत्रधार था।' आईडीएफ ने कहा कि मनी एक्सचेंजर के रूप में अपनी भूमिका के दौरान खुदारी अल वेफाक कंपनी फंड का प्रमुख था जिसे इजरायली सरकार ने 'आतंकवादी संस्थाओं को धन पहुंचाने में इसकी संलिप्तता के कारण' आतंकवादी संगठन घोषित किया था। आईडीएफ के अनुसार खुदारी पिछले कुछ वर्षों में खास तौर पर सात अक्टूबर, 2023 के बाद 'हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था।' आईडीएफ ने कहा कि 2019 में अपने भाई हामिद खुदारी की हत्या के बाद उसकी संलिप्तता बढ़ गई जिसने हमास के सैन्य अभियानों के लिए प्राथमिक वित्तीय माध्यम के रूप में भी काम किया था। आईडीएफ ने दो अन्य बयानों में कहा कि उसने फलस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर मोहम्मद हसन मोहम्मद अवद को मार गिराया है।

**2023 के बाद हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था**

# सलमान-रश्मिका के ऐज-गैप पर अमीषा का रिएक्शन





## बोली- फिल्में चल जाती हैं, तो सब माफ, सनी देओल संग अपनी जोड़ी का दिया उदाहरण

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले दोनों के बीच उम्र के अंतर को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। अब इस मामले में अमीषा पटेल ने अपना रिएक्शन देते हुए सनी देओल के साथ अपनी जोड़ी का उदाहरण भी दिया।

मुंबई में एक इवेंट में आईएएनएस ने अमीषा पटेल से सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के अंतर को लेकर राय पूछी।

इसके जवाब में उन्होंने कहा, मेरे और सनी जी के बीच भी उम्र का बड़ा अंतर है, लगभग 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म काम करती है, तो सब कुछ माफ कर दिया जाता है। दरअसल, अमीषा पटेल ने सनी देओल के साथ दो बार गदर: एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई हैं। वहीं, सलमान खान ने भी इस मामले में ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'जब हीरोइन को प्राब्लम नहीं हो रही है तो आपको क्यों हो रही है। इनकी शादी होगी, बच्ची होगी, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी। सलमान और रश्मिका के अलावा, फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, सुनील शेट्टी, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आए।

इस फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास है। जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है।

# खाकी के सेट पर घबरा गई थीं चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की खाकी-द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज हाल ही में रिलीज हुई। सीरीज के रिलीज होने के बाद एक्ट्रेस ने शूटिंग के कुछ किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के समय 400 लोगों के सामने काफी नर्वस फील कर रही थीं। चित्रांगदा सिंह ने सेट के किस्से शेयर करते हुए कहा कि कुछ मोमेंट ऐसे हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल पाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चित्रांगदा ने बताया, 'एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा चेलेंजिंग किरदारों को चुनती हूं। नार्मल किरदार निभाना कामिक बुक जैसा लगता है।' चित्रांगदा ने कहा कि निबेदिता बसाक की भूमिका निभाना मुश्किल था। एक स्पेशल सीन को करते हुए एक्ट्रेस को काफी घबराहट हुई। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर मुझे करीब 400 लोगों के सामने भाषण देना था। इस सीन को विक्टोरिया मेमो. रियल के ठीक सामने एक बड़े मैदान में शूट किया गया था। मैंने डायरेक्टर के साथ वैन में अपने भाषण की प्रैक्टिस की, लेकिन जैसे ही मैं स्टेज पर चढ़ी और रेडी टू रोल सुना, मुझे काफी घबराहट होने लगी और मैं कुछ सेकेंड के लिए फ्रिज हो गई थी। हालांकि, भीड़ की एनर्जी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। यह मोमेंट मुझे हमेशा याद रहेगा। चित्रांगदा ने साल 2005 में हजारों ख्वाहिश ऐसी से अपना डेब्यू किया था। खाकी: द बंगाल चैप्टर नेटफ्लिक्स पर हिंदी और बंगाली में एक साथ स्ट्रीम होने वाली पहली हिंदी सीरीज है। इसमें चित्रांगदा सिंह, निबेदिता बसाक की भूमिका में नजर आ रही हैं। इनके अलावा जीत मदनानी, प्रोसेनजीत चटर्जी, परमब्रत चटर्जी भी लीड रोल में हैं। खाकी: द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज 20 मार्च 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। यह सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर का स्टैंड अलोन सीक्वल है। इसको नीरज पांडे ने क्रिएट किया है।



**एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना था, पहली बार पालिटिशियन के किरदार में दिखीं**

## रिलीज डेट्स

### 14 अगस्त को रिलीज होगी रजनीकांत की फिल्म 'कुली'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म कुली 14 अगस्त को रिलीज होगी। रजनीकांत एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म कुली की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में। सामने आए पोस्टर में रजनीकांत सीटी बजाते नजर आ रहे हैं। कुली में रजनीकांत के साथ आमिर खान भी नजर आएंगे। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर की भी अहम भूमिका होगी। पूजा हेगड़े इस फिल्म में स्पेशल आइटम नंबर करती नजर आएंगी।

### 14 अप्रैल से शुरू होगा केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन

**मुंबई।** लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति केबीसी सीजन 17 के लिए 14 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। कौन बनेगा करोड़पति ऑफशियिली तौर पर अपने 17वें सीजन के साथ लौट रहा है।इस बात का खुलासा शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर किया है। प्रोमो में बॉलीवुड के महानायक और केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं।

वही इस प्रोमो में बताया जा रहा है कि इस शो को रजिस्ट्रेशन जल्द ही शुरू होने वाला है। इस प्रोमो वीडियो में अमिताभ बच्चन एक मरीज के रूप में डॉक्टर के सामने दिखाई दे रहे हैं। उनके पेट में दर्द होता है। ऐसे अमिताभ से डॉक्टर पूछते हैं कि उन्होंने ऐसा क्या खाया कि उनके पेट में दर्द होने लगा। फिर डॉक्टर कहते हैं कि आपके पेट में कुछ बात है, जिसकी वजह से आपके पेट में दर्द हो रहा है। इस पर अमिताभ कहते हैं कि छोटी मोटी बात नहीं है एक सरप्राइज है। इसके बाद वो खुलासा करते हैं कि केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल से रात 9 बजे शुरू होने वाले हैं। इस वीडियो को शेयर कर सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन ने कैप्शन में लिखा, 'तैयार हो जाइए 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले ही हैं। यह रजिस्ट्रेशन सोनी एंटरटेनमेंट और सोनी लिव पर शुरू होंगे।

# रूमर्ड बायफ्रेंड वेदांग रैना के साथ दिखीं खुशी

**मुंबई।** जाने-माने फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। काफी वक्त से चर्चा है कि खुशी अपनी डेब्यू फिल्म द आर्चीज के को-अभिनेता वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। इसी बीच दोनों साथ में एयरपोर्ट के बाहर स्पाट हुए। इस समय खुशी और वेदांग के साथ बोनी कपूर और जान्हवी कपूर भी नजर आए। दरअसल, जान्हवी कपूर गुजरात के जामनगर में अपने बायफ्रेंड शिखर पहाड़िया का बर्थडे सेलिब्रेट करने पहुंची हैं। फैमिली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में जान्हवी और बोनी कपूर मुंबई के एक एयरपोर्ट पर दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो में खुशी कपूर को वेदांग के साथ देखा गया। खुशी ने अपने पालतू कुत्ते को भी गोद में उठा रखा था। इसके बाद सभी का एक और वीडियो में सामने आया, इसमें वह जामनगर एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। खुशी की बेस्ट फ्रेंड मुस्कान भी कपूर फैमिली के साथ नजर आई। खुशी कपूर और वेदांग रैना ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बालीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद से अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिलेशनशिप को आफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो खुशी इस साल दो फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने 2025 की शुरुआत अद्वैत चंदन की रोमांटिक-कामेडी फिल्म लवयापा से की ।

इस फिल्म से उन्होंने आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ थिएटर में डेब्यू किया। इसके बाद वह डायरेक्टर शौना गौतम की फिल्म नादानियां में नजर आईं । इसमें खुशी के साथ सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्रा. हिम अली खान भी हैं। इब्राहिम ने इस फिल्म से बालीवुड में डेब्यू किया।

# मंदिर जाने के कारण ट्रोल हो गई सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकार सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस नवरात्रि के मौके पर गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंची। सारा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की। इसके बाद से सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया जा रहा है। सारा अली खान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। फोटोज में सारा सफेद कुर्ता, पायजामा और दुपट्टा पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग काफी भड़क गए हैं। कुछ लोग एक्ट्रेस को नसीहत दे रहे हैं कि वह अपना नाम बदलकर सीता रख लें। सारा को यूजर्स एडवाइस दे रहे हैं कि वह या तो अपना नाम चेंज कर लें या फिर धर्म बदल लें। एक यूजर ने एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, यह सब नाटक हैं। तो वहीं एक ने सवाल किया कि सारा कभी इस्लामिक जगहों पर क्यों नहीं जाती हैं? दूसरे ने लिखा, आप इस तरह इस्लाम को बदनाम नहीं कर सकती। इस पहले फरवरी में सारा अली खान झारखंड के देवघर में बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर गई थीं। सारा ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, जय बाबा बैद्यनाथ, जिसके कारण एक्ट्रेस को कमेंट करके ट्रोल किया जा रहा था।







## अकाल-द अनकॉन्क्वेर्ड

### अनकही कहानियों की कहानी है: गिप्पी ग्रेवाल

**नई दिल्ली।** जाने-माने अभिनेता गायक गिप्पी ग्रेवाल का कहना है कि उनकी फिल्म अकाल-द अनकॉन्क्वेर्ड अनकही कहानियों की कहानी है। हाल ही में अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, निमृत खैरा, निकितिन धीर और गुरप्रीत घुग्गी जैसे सितारे भी अपनी आनेवाली फिल्म अकाल : द अनकॉन्क्वेर्ड के प्रमोशन के सिलसिले में दिल्ली आए। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड की कहानी 1840 के दशक में सेट एक एक्शन ड्रामा है।

जिसमें पंजाब के योद्धा एक विशोधी सेना के खिलाफ खुद का बचाव करते हैं। गिप्पी ग्रेवाल ने बताया कि अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड ऐसी कहानियों के बारे में एक फिल्म है, जो अब तक अनकही रही हैं और इनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है अकाल का मतलब है कालातीत, यानी जिसे किसी भी काल में जीता नही जा सकता। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड का निर्माण करण जौहर (धर्मा प्रोडक्शंस) द्वारा किया गया है और यह फिल्म-10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।